राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ऑल ब्लैक आउटफिट पहन कैमरे...



पटना के गर्दनीबाग में धरना... 12

गाजियाबाद, सोमवार 20 जनवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 319, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## भारत-बांग्लादेश की सीमा पर झड़प, बीएसएफ ने दागे आंसू गैस के गोले

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से सटे बांग्लादेश की सुखदेवपुर सीमा पर माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। जहां बांग्लादेश की सीमा पार कर भारत की ओर घुसपैठ की कोशिश की गई। जिसके बाद सुखदेवपुर के निवासियों ने बांग्लादेशी नागरिकों का पीछा किया। तभी दूसरी तरफ से पत्थर फेंके जाने लगे। बेकाबू हुइ स्थिति को देखते हुए बीएसएफ ने आंसू गैस के गोले दागे। दरअसल, पिछले कुछ दिनों में बांग्लादेश सीमा से भारत में प्रवेश करने के कई प्रयास हुए हैं। इससे पहले, भारतीय सीमा निवासियों द्वारा पीछा किये जाने के बाद बांग्लादेशी नागरिक भाग गये थे, लेकिन शनिवार को उन लोगों ने जबरन घुसने की कोशिश की। सुखदेवपुर सीमा पर डेढ़ किलोमीटर तक कोई फेंसिंग नहीं है। जब भी बीएसएफ ने कंटीले तार लगाने की कोशिश की, बीजीबी ने उसे रोक दिया था। दूसरी ओर जमीन में सुरंगें भी खोदी जाती देखी गईं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बांग्लादेशी नागरिक इस तरफ आकर फसल काट ले गए है। बता दें कि शुक्रवार रात से सीमा पर तनाव जारी है। तभी स्थानीय निवासियों ने इसे रोक दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बीएसएफ ने आंसू गैस के गोले दागे। दूसरी ओर के निवासी पीछा करते हुए भाग गए। इससे पहले, बीजीबी ने सीमा पर कंटीले तार लगाने का बार-बार विरोध किया था। दूसरी ओर, बीएसएफ की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि शनिवार सुबह लगभग 11:45 बजे 119वीं वाहिनी की सीमाचौकी सुखदेवपुर के भारत-बांग्लादेश की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर भारतीय और बांग्लादेशी किसानों के बीच एक मामूली कहासुनी के कारण स्थिति तनावपूर्ण हो गई। यह घटना उस समय हुई जब कुछ भारतीय किसान, सामान्य दिनों की तरह अपने अन्तरराष्ट्रीय सीमा के पास खेतों में काम करने के उद्देश्य से आगे गए हुए थे। इसी दौरान भारतीय किसानों ने सीमापार खेतों में काम कर रहे बांग्लादेशी किसानों पर फसल चोरी करने का आरोप लगाया, जिस वजह से दोनों देशों के किसानों के बीच आपसी बहस शुरू हो गई। घटना ने तूल तब पकड़ा, जब दोनों पक्षों के किसान बड़ी संख्या में एकत्र होने लगे और एक दूसरे पक्ष की तरफ गाली-गलौच व पत्थरबाजी करने लगे। काफी बड़े भाग में तारबंदी के न होने से भारतीय किसानों को भी आगे जाने में रुकावट का सामना नहीं करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही बीएसफ और बीजीबी के जवानों ने मौके पर पहुंचकर अपने-अपने देश के किसानों को तितर-बितर करते हुए स्थिति को नियंत्रण में किया और उनको वापस लौटाया।



**काफी बड़े भाग में तारबंदी के न होने से भारतीय किसानों को भी आगे जाने में रुकावट का सामना नहीं करना पड़ा**

## सीएम आतिशी का बड़ा आरोप- कुख्यात अपराधियों ने किया केजरीवाल पर हमला,आरोपी बीजेपी से संबंधित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी का कहना है कि अरविंद केजरीवाल की गाड़ी पर भाजपा के गुंडों द्वारा हमला करवाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अरविंद केजरीवाल की जान लेने का प्रयास था। जिन व्यक्तियों ने अरविंद केजरीवाल की कार पर हमला किया, वे सधे हुए अपराधी हैं।



मुख्यमंत्री का कहना है कि हमलावर भाजपा के कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि इन लोगों पर दिल्ली के अलग-अलग थानों में कई गंभीर मामले दर्ज हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में अरविंद केजरीवाल की गाड़ी पर इतने बड़े पत्थर से हमला किया गया कि अगर वह किसी को लग जाता तो जानलेवा हो सकता था। मुख्यमंत्री आतिशी ने हमलावरों की पहचान बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी से जुड़े राहुल उर्फ शैंकी वहां मौजूद थे, जहां केजरीवाल पर हमला किया गया। आतिशी ने कहा कि शैंकी प्रचार में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के साथ लगे रहते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि शैंकी नामक इस व्यक्ति पर लूट के प्रयास जैसे गंभीर आरोप दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि यह व्यक्ति एक हार्डकोर अपराधी है।

इसके साथ ही राहुल पर आर्म्स एक्ट का भी केस दर्ज है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस व्यक्ति पर शकरपुर थाने में एफआईआर दर्ज है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस व्यक्ति पर डकैती धाराओं में केस दर्ज है। मुख्यमंत्री के मुताबिक अभी भी राहुल उर्फ शैंकी पर मामला चल रहा है। पहाड़गंज पुलिस थाने में भी एक और एफआईआर इस व्यक्ति के ऊपर दर्ज है। मुख्यमंत्री का कहना है कि इससे यह स्पष्ट है कि अरविंद केजरीवाल पर हमला करने के लिए कुख्यात अपराधियों व गुंडों को भेजा गया। ऐसे गुंडों को भेजा गया जिन पर पहले ही डकैती के केस चल रहे हैं।

## बीकानेर के लूणकरणसर में दर्दनाक सड़क हादसा : बारात में जा रही कार टायर फटने से पलटी, चार लोगों की मौत, चार अन्य घायल

**बीकानेर (आरएनएस)।** राजस्थान के बीकानेर जिले के लूणकरणसर थाना क्षेत्र स्थित हंसेरा गांव में शनिवार रात एक दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना ने चार लोगों की जान ले ली। घटना में चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।यह हादसा तब हुआ जब भोजासर से पेमासर जा रही एक बारात की अर्टिगा कार का टायर फट गया और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मृतकों की पहचान भोजासर निवासी भगवान दास, विनोद, सुनील और रावतसर निवासी कालूराम के रूप में हुई है। सभी मृतक एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और राहतकर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल स्थानीय चिकित्सालय पहुंचाया। गंभीर रूप से





घायल तीन लोगों को बीकानेर के पीबीएम अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान इनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। अन्य तीन घायलों का इलाज अभी भी स्थानीय अस्पताल में जारी है।

जानकारी के अनुसार, यह बारात भोजासर से पेमासर के लिए रवाना हुई थी, जिसमें बस और कारों का काफिला शामिल था। दुर्घटना के समय अर्टिगा कार का टायर फटने से यह हादसा हुआ, जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई और उसमें सवार लोग घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह एक गंभीर सड़क दुर्घटना है, और उचित कार्रवाई की जाएगी। इस हादसे के बाद से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

## 26 जनवरी से पहले पाकिस्तान की बड़ी साजिश नाकाम

**बाड़मेर (आरएनएस)।** देश में गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इस बीच सीमा सुरक्षा बल ने राजस्थान के बाड़मेर में जमीन में दबाया गया हथियारों का जखीरा बरामद किया है। सूत्रों ने बताया कि सीमा पर बाड़ के पास रेत में छिपाए गए हथियार बरामद किए गए हैं। इसमें 9 एमएम की 4 ग्लॉक पिस्तौल, 8

**बीएसएफ ने बॉर्डर के पास पकड़ा हथियारों का जखीरा**

मैगजीन और 78 कारतूस बरामद किए गए हैं। फिलहाल मामले की जांच तेज कर दी गई है। सुरक्षा एजेंसियों को भी अलर्ट कर दिया गया है। माना जा रहा है कि ये हथियार पाकिस्तान की तरफ से तस्करी करके लाया गया है।



एक सूत्र ने बताया, "सीमा के पास संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर हमने सूचना के आधार पर शुक्रवार को बीजराड़ पुलिस थाना क्षेत्र में भभूते की ढाणी के पास तलाश अभियान शुरू किया। तलाशी अभियान के दौरान, सीमा पर बाड़ से थोड़ी दूरी पर रेत के टीले में छिपाकर रखे गए अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया गया।

वहीं हथियारों का जखीरा बरामद होने के बाद बीएसएफ और पुलिस की टीम, अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर क्षेत्र में व्यापक तलाशी अभियान संचालित कर रही हैं। इसके अलावा इस बात की भी जांच की जा रही है कि ये हथियार भारत में कैसे पहुंचे? बता दें कि देश में कुछ ही दिन में गणतंत्र दिवस मनाया जाना है। ऐसे में हथियारों की बरामदगी को संवेदनशील मामला माना जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि खुफिया एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि क्या यह किसी बड़ी साजिश का हिस्सा है।


## किसान नेता डल्लेवाल खत्म कर सकते है अपना आमरण अनशन!, किसानों को मिला केंद्र सरकार का प्रपोजल



**खनौरी (आरएनएस)।** एमएसपी समेत कई मांगों को लेकर किसानों का धरना लगातार जारी है। इस बीच केंद्रीय कृषि मंत्रालय भारत के ज्वाइंट सचिव प्रिया रंजन सहित पंजाब पुलिस के सीनियर अधिकारीगण खनौरी बार्डर पर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मुलाकात करने के लिए पहुंचे। उन्होंने जगजीत सिंह डल्लेवाल का हालचाल जाना। कुछ समय के बाद डल्लेवाल ने सेहत नाजुक होने के कारण अधिकारियों से बातचीत से किनारा करते हुए किसान नेताओं को अधिकारियों से बातचीत करने का आग्राह कर दिया। प्रिया रंजन के साथ किसान नेता काका सिंह कोटड़ा, अभिमन्यु कोहाड़ आदि द्वारा मुलाकात की जा रही है। इस दौरन किसानों ने एक प्रैस कांफ्रेंस करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों को एक प्रपोजल दिया है।

हालांकि, यह प्रपोजल क्या है, इसके बारे में जल्द ही जानकारी दी जाएगी। वहीं इस प्रपोजल को लेकर किसान अब आस लगा रहे है कि केंद्र सरकार उनकी मांगों को मान सकते है, जिसके बाद डल्लेवाल अपना आमरण अनशन खत्म कर सकते है। बता दें कि किसान नेता डल्लेवाल पिछले 55 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हुए है। जिनकी सेहत हर दिन बिगड़ती जा रही है।

## त्रिवेणी संगम का निरीक्षण



**प्रयागराज।** महाकुंभ मेला 2025 के दौरान एक शिविर में आग लगने के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ त्रिवेणी संगम का निरीक्षण करने पहुंचे।

## 26 जनवरी से उत्तराखंड में लागू हो जाएगा यूनिफॉर्म सिविल कोड!, बनेगा देश का पहला राज्य, जानें क्या होंगे बदलाव

**यूनिफॉर्म सिविल कोड का मतलब है कि देश में रहने वाले सभी नागरिकों (हर धर्म, जाति, लिंग के लोग) के लिए एक ही कानून होना। अगर किसी राज्य में सिविल कोड लागू होता है तो विवाह, तलाक, बच्चा गोद लेना और संपत्ति के बंटवारे जैसे तमाम विषयों में हर नागरिकों के लिए एक से कानून होगा**

**देहरादून (आरएनएस)।** उत्तराखंड सरकार 26 जनवरी से राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। ऐसा करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य होगा। बता दें कि इससे पहले, नियम और कार्यान्वयन समिति की सलाह के बाद सरकार ने कुछ बदलावों को समीक्षा के लिए विधायी विभाग को भेजा था। समीक्षा किए गए नियमों को विभाग द्वारा अप्रूव किया गया है। समीक्षा किए गए नियमों को कल धामी कैबिनेट द्वारा पारित किए जाने की संभावना है।



वहीं, इस कानून को लेकर कर्मचारियों के लिए ब्लॉक-स्तरीय प्रशिक्षण सत्र चलाया जा रहा है, जिसके 22 जनवरी तक पूरा होने की उम्मीद है। बता दें कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने कहा था कि जनवरी से उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू हो जाएगी। सीएम धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने अपना 'होमवर्कइ पूरा कर लिया है और जनवरी 2025 से पूरे राज्य में समान नागरिक संहिता लागू हो जाएगी। क्या होता है यूनिफॉर्म सिविल कोड?

यूनिफॉर्म सिविल कोड का मतलब है कि देश में रहने वाले सभी नागरिकों (हर धर्म, जाति, लिंग के लोग) के लिए एक ही कानून होना। अगर किसी राज्य में सिविल कोड लागू होता है तो विवाह, तलाक, बच्चा गोद लेना और संपत्ति के बंटवारे जैसे तमाम विषयों में हर नागरिकों के लिए एक से कानून होगा। संविधान के चौथे भाग में राज्य के नीति निदेशक तत्व का विस्तृत ब्यौरा है जिसके अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करना सरकार का दायित्व है।

## खुलासा सैफ अली खान के हमलावर को लेकर पुलिस का खुलासा

## बांग्लादेशी होने का शक, 6 महीने पहले आया था मुंबई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर हमला करने वाले आरोपी के बांग्लादेशी होने का शक मुंबई पुलिस ने जताया है। उसका नाम मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद है जो पुलिस के मुताबिक एक्टर के घर पर चोरी करने पहुंचा था। डीसीपी दीक्षित गेडाम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये जानकारी दी।

डीसीपी जोन 9 दीक्षित गेडाम ने मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि 16 जनवरी को सुबह 2 बजे अभिनेता सैफ अली खान पर उनके आवास पर हमला किया गया। एफआईआर दर्ज की गई और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसका नाम मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद है, उसकी उम्र 30 साल है। डीसीपी के मुताबिक आरोपी चोरी के इरादे से सैफ अली खान के घर में घुसा था। उसे अदालत में पेश किया जाएगा और हिरासत की मांग की जाएगी। हमें संदेह है कि वह बांग्लादेशी मूल का है, लेकिन फिलहाल हम जांच कर रहे हैं। इस बात का प्राथमिक प्रमाण है कि वह बांग्लादेशी है, उसके पास भारतीय दस्तावेज नहीं है। हमें शक है कि आरोपी बांग्लादेशी मूल का है और इसलिए मामले में पासपोर्ट अधिनियम से संबंधित धाराएं जोड़ी गई हैं। कोर्ट में आज उसे पेश किया जाएगा और पुलिस कस्टडी की मांग की जाएगी। डीसीपी दीक्षित गेडाम ने आगे कहा, प्रथम दृष्टया आरोपी बांग्लादेशी है और अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के बाद उसने अपना नाम बदल लिया। वह अपने वर्तमान नाम विजय दास का उपयोग कर रहा था। वह 5-6 महीने पहले मुंबई आया था। वह यहीं रुका था। कुछ दिनों तक मुंबई और फिर मुंबई के आसपास ही आरोपी एक हाउसकीपिंग एजेंसी में काम करता था।



बता दें, अभिनेता सैफ अली खान पर कथित तौर पर हमला करने के आरोप में रविवार तड़के ठाणे से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अब तक 50 से ज्यादा लोगों से पूछताछ कर चुकी है। आरोपी को पकड़ने के लिए 35 टीमें लगाई गई थीं। 16 जनवरी को देर रात घर में घुसे हमलावर के हाथों अभिनेता सैफ अली खान घायल हो गए थे। वह खुद ही एक ऑटो में सवार होकर मुंबई के लीलावती अस्पताल पहुंचे थे, जहां उनकी सर्जरी की गई थी।

## भारत कंस्ट्रक्शन एक्सपो में जेसीबी इंडिया ने पेश की सीईवी स्टेज 5 रेडी मशीनों की नई रेंज

अब्दुल सलाम
बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** जेसीबी इंडिया ने भारत कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट एक्सपो में अपनी नई सीईवी स्टेज 5 रेडी मशीनों की रेंज पेश की, जो सरकार के नवीनतम उत्सर्जन और सुरक्षा नियमों का पालन करती हैं। ये मशीनें न केवल उत्सर्जन मानकों पर खरी उतरती हैं, बल्कि ग्राहकों की सुविधा और ईंधन बचत को भी प्राथमिकता देती हैं। सीईवी स्टेज 4 की मशीनों की तुलना में ये 10-15% कम ईंधन का उपयोग करती हैं, जिससे कंस्ट्रक्शन उपकरण क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित करने की तैयारी है। कंपनी ने इस एक्सपो में बैकहो लोडर, टेलीहैंडलर, स्किड स्टीयर लोडर, कॉम्पैक्टर और व्हील लोडर की अपनी रेंज का प्रदर्शन किया, जो उन्नत सीईवी स्टेज 5 इंजन से लैस हैं। यह प्रदर्शन न केवल पर्यावरण के अनुकूल तकनीक को बढ़ावा देता है, बल्कि कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री की बढ़ती जरूरतों को भी पूरा करता है।जेसीबी इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक दीपक शेट्टी ने भारत कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट एक्सपो में कहा कि उन्हें इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का हिस्सा बनने पर गर्व है। उन्होंने इसे उद्योग और सरकार के बीच मजबूत साझेदारी का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया। यह एक्सपो सभी स्टेकहोल्डर्स को एक मंच पर लाता है और आपसी सहयोग की शक्ति को दर्शाता है। शेट्टी ने कहा कि पिछले एक दशक में बुनियादी ढांचे के विकास पर सरकार के फोकस ने भारत में टिकाऊ तकनीक में निवेश करने और विश्वस्तरीय उत्पादों के निर्माण के प्रति जेसीबी की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। जेसीबी इंडिया के पैवेलियन में 20 से अधिक अत्याधुनिक मशीनें प्रदर्शित की गई हैं, जो देश के विकास की कहानी में अपना अहम योगदान दे रही हैं। इस मौके पर आकाश, ध्रुव शर्मा आदि कम्पनी के लोग मौजूद रहे।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# डम्पर व बाइक की जोरदार टक्कर से मां-बेटे की मौत,बहु घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**स्याना (वसीम खाँन)।** बीबी नगर सैदपुर मार्ग पर शनिवार को ग्राम उस्तरा काली नदी के पुल के निकट तेज रफ्तार डम्पर ने एक बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक पर सवार मां-बेटे की मौत हो गई तथा मृतक आमना की बहु महिला घायल हो गई। हादसे के बाद डम्पर सड़क किनारे खाई में पलट गया। डम्पर में मिट्टी भरी हुई थी। पुलिस ने मृतक मां-बेटे के शवों को पोस्टमार्टम के लिए बुलंदशहर भेज दिया है। जबकि घायल बहु को हायर सेंटर रैफर किया गया है। सड़क हादसे की तहरीर अभी नहीं दी गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम गेसूपुर चंदियाना निवासी आमना (51) पत्नी जलीस, उसका पुत्र सुब्हान (25) व सुब्हान की पत्नी हिना (24) एक बाइक पर सवार होकर गांव मोड़ीकलां जिला हापुड़ से ग्राम गेसूपुर चंदियाना के लिए जा रहे थे। जब तीनों उस्तरा के निकट काली नदी के पुल के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे मिट्टी से भरे डम्पर ने



बाइक में टक्कर मार दी। डम्पर ने आमना व उसके पुत्र सुब्हान व हिना को टक्कर मार दी। आमना व सुब्हान की मौके पर ही मौत हो गई। सुब्हान की पत्नी हिना गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन गर्भवती हिना को हापुड़ के एक अस्पताल ले गए हैं। सूचना पर कोतवाल सुनीता मलिक पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों का पंचनामा भर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया है। दुर्घटना के बाद मौके पर डम्पर खाई में पलटा पड़ा है। हादसे की सूचना पर मौके पर परिजन पहुंचे। मृतक आमना का गांव मोड़ीकला जिला हापुड़ में मायका है तथा पुत्र सुब्हान की मोड़ीकला में ससुराल है। वह दोनों को मोड़कलां से गांव गेसूपुर चंदियना लेकर लौट रहा था। हादसे के बाद डम्पर चालक फरार हो गया। कोतवाल सुनीता मलिक ने बताया कि तहरीर मिलने पर सड़क हादसे की रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# चार्ज संभालते ही सर्व मंगल बैलोन भवानी माता मंदिर में नवनियुक्त डीएम ने प्रसाद चढ़ाकर लिया आशीर्वाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** तहसील क्षेत्र में स्थित बैलोन गांव में नवनियुक्त जिलाधिकारी श्रृति ने माता बैलोन भवानी माता मंदिर के दर्शन किए और प्रसाद चढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर के मुख्य पुजारी से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली और कहा कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा और दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रुकने की व्यवस्था की जाएगी। बैलोन भवानी माता मंदिर से डीएम ने नरौरा गंगा घाटों का निरीक्षण किया और पर्यटन स्थल को सुदृढ़ करने के लिए आदेशित किया।






इस अवसर पर एडीएम प्रशांत कुमार, अभिषेक कुमार उपजिलाधिकारी कमलेश कुमार गोयल, क्षेत्राधिकारी शोभित कुमार, नरौरा थाना प्रभारी रामनरायण सिंह और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। माता बैलोन भवानी माता मंदिर का इतिहास काफी पुराना है और यह मंदिर सर्व मंगला देवी को समर्पित है, जिसे सुख की देवी माना जाता है ।

# रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर 9 दिवसीय रामायण पाठ का आयोजन, तीन दिवसीय भंडारा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** प्राचीन शिव मंदिर निकट भगत सिंह चौक शिकारपुर पर अयोध्या राम मंदिर में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर 9 दिवसीय रामायण पाठ में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्री पंच दशनाम अखाड़ा क्षेत्र काशी श्री दिगंबर गणेश आनंद गिरि महाराज के सानिध्य से श्री रामायण पाठ के समापन पर तीन दिवसीय विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्थाओं में अनुराग शर्मा, राधेश्याम गोले, राजवीर सिंह, चौधरी हरकेश सिंह, मनोज शर्मा, विजयपाल शर्मा, शिव शंकर, मोहित शर्मा, सोनू, सुरेश राठौर, मोना चौधरी, टीनू फौजी, पप्पू हलवाई ,सुरेश, आदि लोग मौजूद रहे।





# ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों की प्रतिभा में आता है निखार: लक्ष्मीराज सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** ग्राम उस्तरा में सहकार से समृद्धि की ओर से ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बॉलीवॉल, दौड़ एवं खो खो खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक लक्ष्मीराज सिंह रहे। विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने फीता काटकर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया।




विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता छात्र छात्राओं को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। आयोजकों के द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आता है, वहीं खेलों से उनका शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है। भाजपा के मण्डल अध्यक्ष राजीव सैनी ने कहा कि प्रतियोगिता में अलग-अलग क्षेत्रों के खिलाड़ियों को एक दूसरे से मिलने का अवसर मिलता है। इससे उनमें आपसी मेल-जोल की भावना का भी विकास होता है। निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष धर्मेन्द्र तेवतिया ने कहा कि खेल हमें युवा शक्ति, युवा एकता का महत्व तथा मित्रता एवं अनुशासन सिखाते हैं। इस मौके पर अनुराग तोमर, हिमांशु गोयल नगर मंत्री,सभासद गगन प्रजापति, दीपक गोयल, कपिल शर्मा ग्राम प्रधान, गजेंद्र सिंह, अमित कुमार, प्रवीण कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य फिरोज खान, आदिल आदि लोग उपस्थित रहे।

# व्यापारी सुरक्षा फोरम के जिलाउपाध्यक्ष ने अपने जन्म दिवस पर गरीबों को बांटे कंबल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** व्यापारी सुरक्षा फोरम के जिला उपाध्यक्ष विजय मित्तल ने अपने जन्म दिवस पर इमली बाजार स्थित अपने प्रतिष्ठान पर कंबल वितरण कार्यक्रम का

**कार्यक्रम का मकसद निर्धनों की मदद करना: नीतू सिंह**

आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद शिकारपुर की अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह रही व संचालन गोविंद मित्तल ने किया। इस मौके पर नगर पालिका परिषद शिकारपुर की अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से जहां निर्धनों की मदद होती है। वही समाज में एक अच्छा संदेश जाता है। सक्षम लोगों को और संस्थाओं को इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करते रहना चाहिए। वही डॉक्टर नरेश अरोड़ा व डॉ शशांक शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि व्यापारी सुरक्षा फॉर्म के जिला उपाध्यक्ष विजय मित्तल द्वारा जो कंबल वितरण का कार्यक्रम गया है यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। इस तरह के कार्यों को करना चाहिए। इस मौके पर डॉ नरेश अरोड़ा, डॉक्टर शशांक शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, गोविंद मित्तल, कपिल मित्तल प्रथम मित्तल आदि व्यापारी मौजूद रहे।




# मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव के संयोजन में क्षत्रिय महासभा ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुण्यतिथि पर किया नमन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम खॉन)।** रविवार को शूरवीर वीर शिरोमणि हिंदू हृदय सम्राट महाराणा प्रताप की 428 वी पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों ने मंडल अध्यक्ष मेरठ ज्ञानेंद्र सिंह राघव के संयोजन में बुलंदशहर बस स्टैंड अनूपशहर स्थित महाराणा प्रताप चौक पार्क में लगी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया व शूरवीर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप अमर रहे भारत माता जय क्षत्रिय एकता जिंदाबाद के नारे के साथ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसे संबोधित करते हुए एलडीएवी इंटर कॉलेज के मुख्य प्रवक्ता अखंड प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव, शिक्षक नेता राजकुमार राघव, मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा ,आदि ने शूरवीर वीर शिरोमणि हिंदू हृदय सम्राट महाराणा प्रताप को त्याग तपस्या शौर्य बलिदान की प्रतिमूर्ति बताते हुए उनके द्वारा द्वारा मुगल सल्तनत को खदेड़ कर सनातन की सुरक्षा रक्षा कर देश का सच्चा देशभक्त बताते हुए उन्हें महानायक बताया तथा युवा पीढ़ी से बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा में जुड़ने का आह्वान किया। माल्यार्पण करने वालों में किशनपुर ठाकुरान से अरवेश सिंह राघव, भूरा नंबरदार ,सत्येंद्र सिंह चौहान, दिनेश कुशवाह, अखंड प्रताप सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह राघव, महेश राघव, बार एसोसिएशन सचिव दीपेंद्र सिंह राघव,हनी तोमर ,नरेश चौहान, शिक्षक नेता राजकुमार राघव, भूपेंद्र सिंह राघव ,बृजेश सिंह राघव, जितेंद्र सिंह पवार, सुभाष पुंडीर ,दुष्यंत राघव नरसिंह कुशवाह, दीपक सिंह कुशवाह, बादल राघव, सहित क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# गैंगस्टर में वांछित 01 शातिर अपराधी गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा व कारतूस बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकन्द्राबाद।** थाना पुलिस द्वारा गैंगस्टर में वांछित 01 शातिर अपराधी को अवैध असलहा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का लुटेरा/गैंगस्टर हैं, जो थाना सिकन्द्राबाद पर पंजीकृत मुअसं-1084/24 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं- 57/25 धारा 3/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया हैं। गिरफ्तार करन पुत्र संजीव निवासी ग्राम छपकौली थाना बाबूगढ़ी जनपद हापुड़हाल पता- ग्राम मोरना थाना सेक्टर 24 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।



# फिल्मी अंदाज में ताबड़तोड़ हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, मुकदमा दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अगौता (वसीम खाँन)।** थाना क्षेत्र के अभयपुर से नोएडा जा रही थी पल्लव मावी की बारात फिल्मी अंदाज में ताबड़तोड़ हर्ष फायरिंग से सहमा इलाका, जबकि घुड़चढ़ी के दौरान पिस्टल, राइफल से 100 राउंड से अधिक हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर हुआ वायरल जैसे ही हर्ष फायरिंग की वीडियो वायरल वायरल होने के बाद अगौता थाना पुलिस हरकत में आ गई हर फायरिंग से गांव में हड़कंप मच गया। घुड़चढ़ी के दौरान अलग-अलग हथियार से हर्ष फायरिंग हो रही है 6 से 8 राउंड से भी अधिक फायरिंग की है अगौता थाना क्षेत्र के गांव अभयपुर से नोएडा जा रही थी पल्लव मावी की बारात घुड़चढ़ी के दौरान बेखौफ बारातियों ने की जमकर हर्ष फायरिंग हर्ष फायरिंग की वीडियो वायरल होने पर चार बारातियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज इनका कहना है कि सोमनाथ राय वीडियो संज्ञान में है जांच की जा रही है शादी में घुड़चढ़ी के दौरान 6 से 8 राउंड फायरिंग का वीडियो संज्ञान में आया है जांच के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है दोषियों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा।




# महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने महाराणा प्रताप की 428 वीं पुण्यतिथि का किया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** अनूपशहर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष महिला कांगेस प्रज्ञा गौड़ के संयोजन में उनके कैंप कार्यालय पर महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर और पुष्प चढ़ा कर श्रद्धांजलि अर्पित की ।सभी ने महाराणा प्रताप अमर रहे, भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि नारे लगाकर महाराणा प्रताप की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की।

जिसे संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य राजेश शर्मा, हेमंत शर्मा, नटवरलाल शर्मा सलाम ने वीर शिरोमणि की वीरता शौर्य पराक्रम का वर्णन करते हुए और उन्हें सनातन की रक्षा करते हुए सच्चा देशभक्त बताया । प्रज्ञा गौड ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप अतुलनीय वीरता की पराकाष्ठा थे और उन्होंने भारत भूमि को वीरों की भूमि बताया और कहा कि हमें जिस प्रकार से इन वीरों ने देश के लिए अपना बलिदान दिया है ।यही सोच हमारे इस युवा पीढ़ी को भी रखनी चाहिए प्रज्ञा गौड़ ने कहा कि हमारे भारत की भूमि वीरों की जननी है। यहां घर-घर में आचार्य चाणक्य, डॉक्टर अब्दुल कलाम डॉक्टर मनमोहन सिंह और वीर महाराणा प्रताप पलते हैं।



**मुठभेड़**

## जवाबी कार्यवाही में 02 बदमाश घायलावस्था में अपने अन्य 01 साथी सहित गिरफ्तार

# कार सवार लुटेरों से थाना अरनिया पुलिस व स्वाट टीम देहात की हुई मुठभेड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** थाना अरनिया पुलिस व स्वाट टीम देहात मौहम्मदपुर फ्लाईओवर/ईशनपुर के तिराहे पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग में मामूर थी तभी एक सफेद रंग की संदिग्ध कार आती हुई दिखायी दी जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो नहीं रुके तथा कार को फ्लाईओवर के नीचे की तरफ तेजी से मोड़कर अलीगढ़ की ओर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया। आगे रास्ता बंद होने के कारण बदमाश भागने में असफल रहे तथा अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में रमन पाठक व आकाश गिरी गोली लगने से घायल हो गये जिनको उनके 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाशों की पहचान 01. रमन पाठक पुत्र चेतन हरि निवासी ग्राम नंगला ओझा थाना चंदपा जनपद हाथरस (घायलावस्था) 02. आकाश गिरी पुत्र अजय गिरी निवासी ग्राम पकड़ी गोसाई फजलनगर थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर(घायलावस्था) 03. शिवम सिंह पुत्र किशन सिंह निवासी ग्राम लेहा बाजिदपुर थाना सिकन्द्राराऊ जनपद हाथरस के रुप में हुई हैं, घायल बदमाशों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। बदमाशों के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, चाकू, नकदी, लूटी गयी कार एवं मोबाइल,घटना में प्रयुक्त कैंची व ब्लेड बरामद हुए है। उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म के लुटेरे हैं जिनके द्वारा दिनांक 16.01.2025 को थाना अरनिया क्षेत्रान्तर्गत एक व्यक्ति से वैगनार कार व मोबाइल लूट की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना अरनिया पर मुअसं-18/25 धारा 309(6) बीएनएस पंजीकृत हैं बरामदगी 3000/- रुपये नकद 01 वैगनार कार सफेद रंग (यूपी 13 डीटी 6840) (लूटी हुई) 01 मोबाइल पोको(लूटा हुआ) 02 तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा, 02 खोखा कारतूस 0 1 अदद चाकू 01 कैंची व 01 ब्लेड(घटना में प्रयुक्त) अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना अरनिया पर मुअसं- 19/25 धारा 109 बीएनएस व 3/4/25/27 आयुध अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

**कब्जे से लूटी गयी कार एवं मोबाइल, अवैध असलहा, कारतूस, चाकू, नकदी, घटना में प्रयुक्त कैंची व ब्लेड बरामद**



# व्यापारियों ने अपने अपने प्रतिष्ठानों पर नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष मयंक वार्ष्णेय का किया भव्य स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** नव निर्वाचित अध्यक्ष (भाजपा) मयंक वार्ष्णेय का सम्मान समारोह अपने प्रतिष्ठान केशव गारमेंट्स पर किया गया। इस मौके पर विकास वार्ष्णेय, संदीप गुरु,लोकेश वार्ष्णेय, मिलन वार्ष्णेय, राधे लाल, अंशुल गुरु,अनुज वार्ष्णेय, दीपक गर्ग, आशीष भोला, विपिन (जिम) एवं अनेक व्यापारीगण मौजूद रहे।



राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ऑल ब्लैक आउटफिट पहन कैमरे...



पटना के गर्दनीबाग में धरना... 12

गाजियाबाद, सोमवार 20 जनवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 11 अंक: 319, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12




## महाकुंभ में भीषण आग, कई सिलेंडर फटे, दर्जनों टेंट खाक

**प्रयागराज।** महाकुंभ के मेला क्षेत्र में रविवार की दोपहर भीषण आग लग गई। तुलसी मार्ग पर स्थित सेक्टर 19 के रेलवे पुल के नीचे गीता प्रेस गोरखपुर के शिविर में लगी आग देखते ही देखते विकराल हो गई। आग लगने के बाद सिलेंडरों के फटने से आग एक से दूसरे शिविर की ओर बढ़ती गई। कुछ मिनटों में सेक्टर 19 में गीता प्रेस, निर्मल बाबा और हनुमान सेवा समिति का शिविर था। गीता प्रेस वाले शिविर में सबसे पहले अचानक आग लगी। पता चला कि सिलेंडर लीक होने से आग लगी। कुछ लोगों ने किसी चिंगारी के कारण आग लगने की बात कही। आग के बाद सिलेंडरों को लेकर लोग बाहर



ही आग ने दर्जनों टेंटों को खाक कर दिया। यहां रखा गृहस्थी का सामान भी खाक हो गया। जिस दौरान नीचे टेंट में आग लगी पुल के ऊपर से ट्रेन भी गुजर रही थी। आग के बाद मची भगदड़ में एक व्यक्ति घायल भी हुआ है। छोटा सिलेंडर फटने से आग की बात कही जा रही है।

फिलहाल राहत की बात यही है कि कोई जनहानि नहीं हुई है। डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। यह भी कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है। प्रयागराज में ही मौजूद सीएम योगी ने भी आग का संज्ञान लिया और अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाने और राहत कार्य में लगने का आदेश दिया। खुद मुख्यमंत्री भी मौके पर पहुंच गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी फोन पर सीएम योगी से बात की और आग पर जानकारी ली है। बताया जा रहा है कि की ओर भागते भी दिखाई दिए। मौके पर कुछ देर में ही सभी रेस्क्यू दल पहुंच गए। एनडीआरएफ भी मौके पर आ गई। शिविर के अंदर से लगातार हल्के हल्के विस्फोट की आवाजें आती रहीं। मौके पर एंबुलेंस भी बुला ली गई। मुख्य अग्निशमन शिविर से चार बड़ी फायर बिग्रेड और आठ बुलेट भी रवाना की गई है। मीडिया सेंटर से दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां रवाना की गईं। तमाम आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। डीआईजी वैभव कृष्ण भी मौके पर आ गए। बीएसएफ को भी बुलाया गया है। मेलाधिकारी और एसएसपी कुम्भ भी मौके पर पहुंचे। आग बुझाने का प्रयास शुरू हुआ और करीब एक से डेढ़ घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। इस बीच केंद्रीय अस्पताल और एसआरएन अस्पताल को अलर्ट कर दिया गया। केंद्रीय अस्पताल में आठ बर्न के बेड भी बढ़ाए गए। केंद्रीय अस्पताल में 10 स्पेशल डॉक्टर बुला लिए गए।

## भारत का संविधान भारतीयों की भावना के अनुकूल हो- शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती

**प्रयागराज।** कोई भी संविधान उस देश के मूल निवासियों की भावना के अनुकूल होना चाहिए। कोई भी आयातित विचार हिन्दुओं के हित वाला नहीं हो सकता। कोई भी



संविधान अपने देश के मूल चरित्र और वहाँ के निवासियों की संस्कृति, परम्परा और भाषा -भावादि के संरक्षण और संवर्धन के निमित्त होता है। हमारा देश भारत हिन्दुओं का देश होने के कारण हिन्दुस्थान कहा गया क्योंकि यहाँ के मूल निवासी हिन्दू ही हैं। जहाँ विश्व के अन्य धर्म किताबी धर्म कहे जाते हैं जो किसी एक किताब पर निर्भर होते हैं वहीं हिन्दू धर्म किसी किताब का नहीं, अपितु ह्लसरस्वतीह्न का समुपासक रहा है। हमारे ऋषियों ने अपनी ऋतम्भरा प्रज्ञा से वेदों की ऋचाओं को प्राप्त किया है।

उक्त बातें जगतगुरु शङ्कराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज ने परमधर्मसंसद् में भारत का संविधान और हिन्दू धर्म विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि स्वतन्त्रता प्राप्ति के पूर्व तक भारत का कोई स्वतन्त्र संविधान नहीं था, यह विशाल देश अपने धर्मशास्त्र से ही सञ्चालित होता था। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद संविधान को अपनाया गया परन्तु वह भी पुरानी विधियों के बारे में इतना ही कह पाया कि जिस सन्दर्भ में हम नया कानून बना दें उसके अतिरिक्त सभी निर्णयों के लिए पूर्व की हिन्दु विधियाँ ही निर्णायक रहेंगी। ऐसे में यह संविधान आंशिक रूप से हिन्दु विरोधी, आंशिक रूप से हिन्दु समर्थक और आंशिक रूप से किसी भी पक्ष में व्याख्यासाध्य बन गया है।

उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद २५ से ३० में संशोधन करके देश के सभी निवासियों को समान अधिकार देने और इसकी अनुसूची ७ की सूची ३ की मद संख्या २८ के अनुसार मन्दिरों / हिन्दु धर्मस्थानों को हिन्दुओं के सञ्चालन में सौंपने जैसे कुछ संशोधन कर देने से यह संविधान सर्वथा समादरणीय हो सकेगा।

प्रमुख रूप से साई जलकुमार मसन्द, ब्रह्मचारी श्रीधरानन्द, ब्रह्मचारी उदितानन्द आदि जन उपस्थित रहे।

## महर्षि भरद्वाज प्रयागराज की अस्मिता के प्रतीक: जगद्गुरु वासुदेवानंद सरस्वती

**प्रयागराज।** महर्षि भारद्वाज जयंती प्रयागराज दिवस के आज दूसरे दिन शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने कहा कि महर्षि भरद्वाज भारतीय संस्कृति के रक्षक और प्रयागराज के अस्मिता के प्रतीक हैं। महर्षि भारद्वाज उनके बिना प्रयागराज अधूरा है। महर्षि भारद्वाज जयंती के दूसरे दिन आज भारद्वाज प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए राम जन्मभूमि न्यास के सदस्य




शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती ने कहा कि प्रयागराज की प्रथम पहचान महर्षि भारद्वाज से ही है। इनका गुरुकुल बहुत बड़ा था 10000 शिष्य थे। उनके गुरुकुल में पढ़ते थे यहां पर शास्त्रार्थ की परंपरा महर्षि भारद्वाज के कारण ही पड़ी कालांतर में यही माघ मास कल्पवास में बदल गया।

आयुर्वेद के जनक विमान शास्त्र के रचयिता महर्षि भरद्वाज जयंती को प्रयागराज दिवस के रूप में मानना ही चाहिए। महर्षि भारद्वाज ज्ञान विज्ञान और भारतीयता के प्रतीक है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अजीत पाल शर्मा उपाध्यक्ष प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने कहा कि गुरुओं की परंपरा को संरक्षित किया जाना चाहिए यह हमारे पूर्वज और संसार को ज्ञान विज्ञान देने वाले हैं।

प्रोफेसर ललित त्रिपाठी निदेशक केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय गंगानाथ झा ने कहा कि महर्षि भारद्वाज प्रयागराज की ज्ञान की परंपरा के प्रथम पुरुष है।

प्रयागराज विद्वत परिषद के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विषय परिवर्तन समन्वयक वीरेन्द्र पाठक ने किया।

महर्षि भरद्वाज की शोभा यात्रा प्रतिमा स्थल से शुरू होकर गाजे बाजे के साथ संगम तक पहुंची जहां पर संगम दर्शन किया गया। कार्यक्रम में पुष्पांजलि रामनरेश पिण्डीवासा, शैलेंद्र अवस्थी, बाल्मीक मंदिर के मोती लाल, डा भगवत पाण्डेय, पंकज शर्मा, विक्रम मालवीय, शशिकांत मिश्र, राहुल दुबे, डा अखिलेश मिश्र जगत नारायण तिवारी, अभिषेक मिश्र, दिनेश तिवारी, शरद पाण्डेय, आनंद घिल्डियाल, सुधीर द्विवेदी, रघुनाथ द्विवेदी, कुलदीप शुक्ला, देवराज पाठक, अरूण शुक्ला, रमेश मिश्र प्रमुख रूप से थे।

## महाकुम्भ मे यूपी दर्शन बना श्रद्धालुओं के आकर्षण केंद्र

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ के मौके पर देश दुनिया से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को प्रदेश की कला, संस्कृति, खान पान की विविधता की झलक देने की योजना बनाई है। उत्तर प्रदेश दर्शन मण्डपम महाकुंभ नगरी के सेक्टर-7 में इसे तैयार किया गया है, जिसमें राज्य के पर्यटन, खानपान, हस्तशिल्प और ग्रामीण पर्यटन पर आधारित प्रदर्शनी दिखाई जा रही है। श्रद्धाल यूपी दर्शन मंडपम 5 एकड़ में तैयार किया गया




है। इसमें सरकार ने प्रदेश में मौजूद अलग-अलग सर्किटों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई है। इसमें कुल 12 सर्किट दिखाए जा रहे हैं। मसलन बुद्ध सर्किट, कृष्ण-बृज सर्किट और रामायण सर्किट, महाभारत सर्किट, बुंदेलखंड सर्किट, शक्तिपीठ सर्किट, आध्यात्मिक सर्किट, सूफी कबीर सर्किट, जैन सर्किट, वाइल्ड लाइफ व ईको टूरिज्म सर्किट आदि। इनके जरिए प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता की तस्वीर पेश करने की कोशिश की गई है।

वहीं इसमें सरकार की योजना एक एक जिला एक उत्पाद योजना, यूपी ग्रामीण पर्यटन परियोजना और रेशम विभाग के स्टॉल भी लगाए गए हैं। देश भर में खान-पान से जुड़ी विविधता को दिखाने के लिए तीन गैलरीज रखी गई है जबकि मुख्य मंडप में धार्मिक स्थलों की भव्य झांकी लगाई गई है। मंडपम में बेहतरीन सेल्फी पॉइंट्स भी बनाए गए हैं, जो दर्शकों को काफी

## यहां गंगा ही ओढ़न है, यहां गंगा बिछावन है

**प्रयागराज।** अखंड परमधाम शक्ति साधना धाम वृंदावन संगम लोअर मार्ग पूर्वी पट्टी, नागवासुकी रोड चौराहा सेक्टर 17 कुंभ मेला क्षेत्र प्रयागराज में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें देश के नामचीन रचनाकारों ने अपनी अपनी रचनाओं से प्रयागराज की महिमा एवं देशभक्ति रचनाओं को प्रस्तुत कर श्रोताओं को आह्लादित कर डाला।



कवि सम्मेलन में वाणी वंदना संचालन कर रही डॉ रुचि चतुर्वेदी, आगरा ने किया, उन्होंने अपनी पंक्तियों पढ़ीं।

तुम्हें गंगा का जल अमि तत्व अलबेला बुलाता है। सकल भू से जुड़ा जन धन्य का रेला बुलाता है। मथुरा से पधारे कवि मनवीर मधुर ने अपनी कविताओं से श्रोताओं में जोश भर डाला। उन्होंने अपनी पंक्तियों पढ़ीं। ह्यमहाकुंभह्न का देखिए, पावन दिव्य स्वरूप इस लौकिक संसार का, एक अलौकिक रूप। प्रयागराज के गीतकार शैलेंद्र मधुर ने अपने गीतों से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर डाला। "तुम्हारा मन भी सावन है, हमारा मन भी सावन है। चलो गंगा नहा आए, लहर गंगा की पावन है। यहां गंगा ही ओढ़न है यहां गंगा बिछावन है।"

# बवाना विधानसभा सीट पर मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जनता को किया संबोधित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली ।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप लगातार जनसंपर्क और सभायें कर रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को उन्होंने दिल्ली प्रदेश बवाना बूथ खुर्द गांव की कार्तिक वाटिका में

**कहा दिल्ली का विकास देखना है तो मोदी और भाजपा को चुने**





आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में लोगों को संबोधित किया और भारतीय जनता पार्टी के बवाना विधानसभा सीट से प्रत्याशी रविंद्र कुमार के लिए वोट मांगने का काम किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि दिल्ली के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विजन वाली सरकार और भाजपा की जीत आवश्यक है। भाजपा ही दिल्ली में नई गति प्रदान करेगी : नरेंद्र कश्यप उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप इन दिनों दिल्ली विधानसभा चुनाव में बवाना सीट से भाजपा प्रत्याशी रविंद्र कुमार के लिए लगातार जनसंपर्क और सभाएं कर रहे हैं। रविवार को भी उन्होंने एक जनसभा की और कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी को दिल्ली में उन्होंने बेहद जरूरी बताया है। साथ ही कहा है कि दिल्ली के विकास और नए आयाम स्थापित करने के लिए दिल्ली की जनता को अब भारतीय जनता पार्टी को चुनना होगा ताकि दिल्ली का विकास कराया जा सके और यहां विश्व स्तर की तकनीक वाले काम शुरू हों। उन्होंने इस दौरान आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा है कि दिल्ली की जनता के साथ बीते 10 सालों से सिर्फ धोखा हो रहा है। दिल्ली में ना विकास हुआ है और ना कल्याणकारी योजनाएं परवान चढ़ी हैं। नरेंद्र कश्यप ने कहा जनता का जोश भाजपा के साथ। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप दिल्ली विधानसभा चुनाव में लगातार भारतीय जनता पार्टी को चुनाव में विजई बनाने की अपील कर रहे हैं। तो वह कार्यकताओं और उम्मीदवारों को बता रहे हैं कि कार्यकर्ता व नागरिकों का जोश बता रहा है कि दिल्ली में भाजपा ही जीतेगी, कमल का फूल खिलेगा और दिल्ली विकास के रथ पर सवार होगी। रविवार को अलग-अलग कार्यक्रमों में भाग लेते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के लिए वोट मांगने के साथ ही दिल्ली की जनता से विधानसभा चुनाव में भाजपा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है।

# नगर निगम नगर आयुक्त विक्रम आदित्य मलिक का सफाई कर्मचारी नई साल पर तोहफा, अब दिखेंगे वर्दी में

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** पुलिस बल, सेना एवं सुरक्षा बल की तरह ही नगर निगम के यह सफाई कर्मी भी अब आपको वर्दी में लैस मिलेंगे। यह कोई कहानी नहीं है बल्कि यह हकीकत है 'गाजियाबाद नगर निगम में निकट भविष्य में होने जा रहा है। नगर निगम की इस पहल से अब यहां के सफाई कर्मचारियों को एक नई पहचान मिलने जा रही है।

जानकारी के अनुसार वर्तमान में गाजियाबाद नगर निगम में लगभग 4000 सफाई कर्मचारी कार्यरत है। इन सभी सफाई कर्मचारियों को अब नगर निगम की ओर से वर्दी मुहैया करवाई जाएगी। वर्दी मिलने के उपरांत निगम के सफाई कर्मचारी वर्दी पहन कर ही ड्यूटी पर जा पाएंगे। बताते चले कि नगर निगम के वसुंधरा विजयनगर मोहन नगर कवि नगर एवं सिटी जोन में सफाई कर्मचारियों नई वर्दी तैयार करवाने का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सफाई कर्मियों के लिए पैंट शर्ट जूते और जैकेट दिए जायेंगे। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के अनुसार इस योजना को कारवांवित करने के लिए कोटेशन आमंत्रित किए गए हैं जबकि पेंट और शर्ट के लिए कपड़े पसंद कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह फैसला सफाई कर्मचारियों तथा उनके प्रतिनिधियों से बातचीत के बाद लिया गया है। सफाई कर्मचारियों को उपलब्ध की जाने वाली शर्ट का रंग क्रीम कलर का होगा जिसमें नगर निगम का लोगो गोल्डन कलर में अंकित होगा। इसके अलावा जैकेट में भी नगर निगम का लोगो रहेगा।

# मुख्यमंत्री योगी करेंगे संजीव गुप्ता को राज्य अवार्ड देकर सम्मानित, एमएसएमई के तहत इलैक्ट्रिकल्स श्रेणी में उतर प्रदेश में केवल समरकूल को मिलेगा राज्य अवार्ड

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** आगामी 24 जनवरी को अवध शिल्प ग्राम लखनऊ में एम

- **रोजगार विस्तार एवं बहतर उत्पादन से समरकूल बना प्रदेश में अवार्ड का हकदार**
- **24 जनवरी को लखनऊ में योगी आदित्यनाथ करेंगे संजीव कुमार गुप्ता को सम्मानित**



एस एम ई पुरस्कार समारोह में समरकूल होम एप्लायंसेज लिमिटेड के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता को इलैक्ट्रिकल्स श्रेणी में राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। लखनऊ में यह राज्य पुरस्कार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समरकूल ग्रुप के द्वारा रोजगार के अवसर सृजित करने और बहतर उत्पादन के लिए संजीव गुप्ता को प्रदान करेंगे। राज्य पुरस्कार के संबंध में वार्ता करते हुए संजीव गुप्ता ने बताया कि सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग पुरस्कार योजना के तहत उत्तर प्रदेश सरकार ने समरकूल का नाम चयनित किया है। जिसके आमंत्रण के लिए श्रम उपायुक्त श्रीनाथ पासवान जी के पत्र द्वारा उन्हें सूचित किया गया है। तथा इस राज्य पुरस्कार को ग्रहण करने के लिए वह 24 जनवरी को लखनऊ में उपस्थित रहेगें। समरकूल को दिये जाने वाले सम्मान के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रदेश सरकार और एम एस एम ई सैक्टर सहित जिला उघोग प्रोत्साहन एवं उघमिता विकास केन्द्र गाजियाबाद का आभार व्यक्त किया है।

# समरकूल की डीलर मीट बस्ती में हुई संपन्न, प्रिया इलैक्ट्रॉनिक बस्ती के साथ मिलकर दर्जनों डीलर्स को किया संजीव गुप्ता ने सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में समरकूल की डीलर्स मीट का आयोजन किया गया। प्रिया इलैक्ट्रॉनिक बस्ती के नेतृत्व में समरकूल के दर्जनों डीलर्स ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। समरकूल के आथोराईज्ड डिस्ट्रिब्यूटर प्रिया इलैक्ट्रॉनिक के डायरेक्टर अविनाश गुप्ता एवं अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में इस डीलर्स मीट का आयोजन किया गया। इस डीलर्स मीट का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, समरकूल के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया। कार्यक्रम में कंपनी के इंडिया सेल्स हैड नरेश बत्रा ने सभी को कंपनी की ओर से जारी नयी स्कीम के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर संजीव कुमार गुप्ता ने अपने डीलर्स को संबोधित करते हुए कहा कि अब समरकूल के एयर कूलर को देश का पहला आईएसआई सर्टिफि केट प्राप्त हो चुका है। जिसका सीधा लाभ आपको कूलर सेल्स की बढौतरी में दिखाई देगा। और समरकूल पर हमारे उपभोक्ताओं का भरोसा बढेगा। उन्होंने कहा कि डिमांड बढने पर भी समरकूल आपकी मांग को समय पर पूरा करने के लिए वचनबद्ध है। तथा संजीव गुप्ता ने प्रिया इलैक्ट्रॉनिक बस्ती की प्रशंसा करते हुए कहा कि अविनाश गुप्ता और अभिषेक गुप्ता ने इस क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय काम किया है। इन्होंने अपनी महनत से आज समरकूल के साथ अनेकों डीलर्स को जोड़ने का काम किया है। कार्यक्रम के अंत में बस्ती नगर पालिका के चेयरमैन अंकुर गुप्ता और संजीव गुप्ता ने सभी डीलर्स को प्रोत्साहित करते हुए प्रतीक चिह्न भेंट करते हुए सम्मानित भी किया।






# भारतीय प्रदूषण नियंत्रण संघ (आईपीसीए) और डाबर इंडिया लिमिटेड ने संयुक्त रूप से "सेव मदर अर्थ मिशन" टीम की सफलता का जश्न मनाने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** कार्यक्रम टेरी स्कूल ऑफ स्ट्डीज के सभागार (वसंत कुंज, दिल्ली) में आयोजित किया गया था और इसमें विभिन्न संगठनों, आर डब्लू ए और विभिन्न सोसाइटीज के सामाजिक कार्यकताओं एवं स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य बिंदु 1. 2 लाख किलोग्राम प्लास्टिक कचरा संग्रहण और रिसाइक्लिंग की उपलब्धि पर सम्मान समारोह 2. आईपीसीए के संस्थापक निदेशक, आशीष जैन द्वारा संबोधन।"सेव मदर अर्थ मिशन" के वरिष्ठ संस्थापक श्याम तायल द्वारा मिशन की प्रगति की पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा प्रस्तुति. दो पैनल चचाएँ, जिनमें डाबर, इप्का और टेरी स्कूल ऑफ स्ट्डीज के वरिष्ठ अधिकारियों और प्रोफेसर्स ने भाग लिया 5. विभिन्न सोसाइटियों से आए प्रतिनिधियों को डाबर और आईपीसीए प्रबंधन द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान करना। हमें इस उपलब्धि पर गर्व है और हमें उम्मीद है कि यह हमें और अधिक प्लास्टिक कचरा संग्रहण और रिसाइक्लिंग के लिए प्रेरित करेगा," आईपीसीए के संस्थापक निदेशक, श्री आशीष जैन ने कहा। हमें लगता है कि प्लास्टिक कचरा प्रबंधन एक महत्वपूर्ण मुद्दा है और हमें इसके लिए एक साथ काम करना चाहिए," डाबर इंडिया लिमिटेड के प्रतिनिधि ने कहा। आईपीसीए और डाबर इंडिया लिमिटेड दोनों ही प्लास्टिक कचरा प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले संगठन हैं। वे स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देने और प्लास्टिक कचरा संग्रहण और रिसाइक्लिंग को बढ़ावा देने के लिए काम करते हैं।






# दीपक मीणा आईएएस ने सम्भाला नव नियुक्त जिलाधिकारी का कार्यभार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** मेरठ जनपद के पूर्व जिलाधिकारी दीपक मीणा आईएएस ने जनपद गाजियाबाद में जिलाधिकारी का पदभार ग्रहण किया। दीपक मीणा ने सुबह 10:00 बजे ही कलेक्ट्रेट गाजियाबाद पहुंचे। कलेक्ट्रेट प्रांगण में एडीएम ई रणविजय सिंह, एडीएम एल,ए विवेक मिश्र, एडीएम सिटी गम्भीर सिंह, एडीएम एफ,आर श्री सौरभ भट्ट, सीटीओ पुष्पांजलि, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारियों द्वारा नव नियुक्त जिलाधिकारी को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर जिलाधिकारी का कार्यभार ग्रहण किया। तदोपरांत नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी आवास पहुंचे।







# लोनी इलाके में 4 मंजिला मकान में लगी भीषण आग, महिला और 3 बच्चे जिंदा जले, 2 लोग झुलसे

**गाजियाबाद (आरएनएस)।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद के लोनी इलाके में रविवार तड़के एक चार मंजिला मकान में भीषण आग लगने से एक महिला और 3 बच्चों सहित कुल 4 लोगों की जलकर मौत हो गई। वहीं, एक महिला और 6 साल की बच्ची भी झुलसी है। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने आग बुझाने के बाद शवों को निकाल कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।गाजियाबाद पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आज सुबह 7:00 बजे सूचना मिली कि थाना लोनी क्षेत्र अंतर्गत कंचन पार्क मोहल्ले में एक मकान में आग लगी है। पुलिस द्वारा तुरंत फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना की गई। फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पुलिस ने मकान में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया। आग बुझाने के बाद घर के अंदर से एक महिला व तीन बच्चों का शव बरामद हुए। वहीं, एक महिला और छह साल की बच्ची भी झुलसी हुई हालत में मिली। घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।तीन मंजिला मकान में नीचे वाले फ्लोर पर माता-पिता रहते थे, बीच वाले में शहनवाज का परिवार रहता था और उससे ऊपर वाली मंजिल पर शहनवाज का भाई रहता था। आग बीच की मंजिल पर लगी थी, जहां मृतक रहते थे। आग लगने के बाद माता-पिता नीचे से बाहर निकल गए, दूसरे भाई के बच्चे ऊपर से निकल गए। आग की चपेट में आने से एक महिला और छह साल की बच्ची भी झुलस गई।आग बुझाकर मकान के अंदर दाखिल हुए दमकल कर्मियों को वहां एक महिला और 3 बच्चों सहित 4 लोग बेहोशी मिले। उन्हें तुरंत ही स्थानीय पुलिस और लोगों के द्वारा अस्पताल भेजा गया। 4 लोग मकान की छत पर पाए गए, जिनमें 2 लोग एक 30 वर्षीय महिला आयशा पत्नी शमसाद और 4 साल का एक बच्चा अयान पुत्र शमसाद झुलसे हुए पाए गए।

उन्हें भी स्थानीय लोगों के द्वारा इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं दो लोगों शाहनवाज और शमसाद को सुरक्षित रेस्क्यू कर छत से उतारा गया।

# उत्तर प्रदेश ब्राह्मण महासभा ने आकाश शर्मा को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** उत्तर प्रदेश ब्राह्मण महासभा के कपड़ा मिल के निकट स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान महासभा के जिला अध्यक्ष प्रशांत उर्फ दीपक वत्स बेगमाबादी के नेतृत्व में नवनिर्वाचित भाजपा मंडल अध्यक्ष मोदीनगर आकाश शर्मा का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। महासभा के जिला अध्यक्ष प्रशांत उर्फ दीपक वत्स बेगमाबादी ने अपने संबोधन में कहा कि नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा पार्टी के लिए तो निष्ठावान है ही अपने समाज के लिए भी पूरी तरह से समर्पित हैं। आकाश शर्मा के मोदीनगर मंडल अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित होने पर उत्तर प्रदेश ब्राह्मण महासभा के साथ ही समस्त समाज को उनके ऊपर गर्व है। अपने भव्य स्वागत से अभिभूत मोदीनगर मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के हर सुख दुख में वे अपने समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े थे, हैं और भविष्य में भी खड़े रहेंगे। इसके अलावा इस दौरान मात्र 18 वर्ष की अल्पायु में जूनियर स्टेट बॉडीबिल्डिंग चैंपियन ऑफ चैंपियन व जूनियर नेशनल बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप छत्तीसगढ़ जीतने वाले बॉडीबिल्डर मधु गोपाल शर्मा को भी महासभा द्वारा सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष प्रशांत उर्फ दीपक वत्स बेगमाबादी ने मधु गोपाल शर्मा को हर संभव मदद किए जाने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर रजनीकांत शर्मा, अतुल शर्मा, अमित शर्मा, एनके दिक्षित, नगर अध्यक्ष मनोज शर्मा, रूपेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



# स्कूल जाते समय कक्षा 9 की छात्रा का अपहरण, चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पड़ोसी गांव के युवक और उसके परिजनों पर नौवीं की छात्रा का अपहरण करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़ित ने बताया कि तीन दिन पूर्व शुक्रवार को सुबह 17 जनवरी को बेटी स्कूल के लिए गई थी। उसके कुछ देर बाद पिता भी स्कूल के लिए निकाला,तो रास्ते में गांव के ही एक व्यक्ति ने बेटी के बारे में जानकारी दी।उसने बताया कि दरियापुर गांव का रहने वाला एक युवक हिमांशु शर्मा बेटी को बाइक पर बिठा कर ले गया है।उसके पीछे दूसरी बाइक पर युवक का पिता रूपचंद शर्मा और एक व्यक्ति को देखा था। पीड़ित का आरोप है कि एक महीने पहले भी आरोपित को बेटी से फोन पर बात करते हुए पकड़ा था। उसे समय माफी के बाद इस घटना की दोबारा उम्मीद नहीं थी। शादी करने के मकसद से नाबालिग बेटी का अपहरण करने में हिमांशु, रूपचंद शर्मा, हिमांशु की मां और एक अज्ञात व्यक्ति शामिल है। थाना प्रभारी श्योपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वही जांच के बाद युवती की तलाश कराई जा रही है।

**व्यवस्था**

## गोविंदपुरम मंडल के बूथ संख्या 287 पर अतिथि के रूप में मन की बात कार्यक्रम में भेजा गया

# महानगर के 1512 बूथों पर भाजपाइयों ने की बूथों पर मन की बात 2025 के आयोजन की देखने सुनने की व्यवस्था

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** भाजपा महानगर अध्यक्ष एवं सदर विधायक संजीव शर्मा के निदेशानुसार सभी मंडल अध्यक्षों एवं महामंत्रियों के साझा नेतृत्व में तथा मन की बात महानगर संयोजक संजीव झा की अगुवाई में महानगर के 1512 बूथों पर पार्टी के महानगर पदाधिकारी, वरिष्ठ नेतागण को भेजकर मंडल के सभी बूथों पर मन की बात कार्यक्रम सुनने व देखने की व्यवस्था की गई। इसी कड़ी में भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी को रसूलपुर सिकरोड़ा गोविंदपुरम मंडल के बूथ संख्या 287 पर अतिथि के रूप में मन की बात कार्यक्रम में भेजा गया। उन्होंने सभी कार्यकताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम देखा व सुना। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अमित रंजन, मंडल महामंत्री गजेंद्र सिंह चौहान, मोनू, सविता त्यागी, रण बीर सिंह, संजय कौशिक, मनोज त्यागी, जे के एस पाल, पुष्पा पांडे , गौरी, सोनू भाटी आदि उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेह्यमन की बातह्व कार्यक्रम के 118वें एपिसोड को संबोधित किया। यह इस साल का पहला एपिसोड है। आमतौर पर यह कार्यक्रम हर महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होता है, लेकिन इस बार अंतिम रविवार को 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस है । मन की बात के 118वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ह्लयह गणतंत्र दिवस बहुत विशेष है। यह भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ है। इस वर्ष भारत के संविधान के लागू होने के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। मैं संविधान सभा के उन सभी महानुभावों को नमन करता हूं, जिन्होंने हमें हमारा पवित्र संविधान दिया।

पीएम नरेंद्र मोदी ने चुनाव आयोग को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने समय-समय पर हमारी मतदान प्रक्रिया को आधुनिक बनाया है और इसे मजबूत बनाया है। आयोग ने प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग लोगों की शक्ति को मजबूत करने के लिए किया है। मैं निष्पक्ष चुनावों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए चुनाव आयोग को बधाई देता हूं। मैं देशवासियों से बड़ी संख्या में मतदान करने और देश की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भाग लेने और इस प्रक्रिया को मजबूत करने का आग्रह करता हूं।ह्व पीएम नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, ह्लआपने देखा होगा कि कुंभ में युवा बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। ये बात सही है कि जब युवा पीढ़ी गर्व के साथ अपनी सभ्यता से जुड़ती है, तो उसकी जड़ें मजबूत होती हैं और उसका सुनहरा भविष्य सुनिश्चित होता है. इस बार कुंभ में हम बड़े पैमाने पर डिजिटल फुटप्रिंट्स भी देख रहे हैं। ह्लहमारे वैज्ञानिक अंतरिक्ष में पौधे उगाने और उन्हें जीवित रखने का भी प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए इसरो के वैज्ञानिकों ने लोबिया के बीजों का चयन किया है। 30 दिसंबर को अंतरिक्ष में भेजे गए ये बीज अंतरिक्ष में अंकुरित हो गए हैं। यह एक प्रेरणादायक प्रयोग है जो भविष्य में अंतरिक्ष में सब्जियां उगाने के रास्ते खोलेगा। यह दशार्ता है कि हमारे वैज्ञानिक भविष्य के लिए एक विजन के साथ काम कर रहे हैं।








# युवा व्यापारी अभिनव शर्मा के आकस्मिक निधन पर कस्बे में छाया शोक

**शुक्रवार रात्रि ज्योति मोटर्स के मालिक अभिनव शर्मा की अटैक से हो गया था निधन**

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** कस्बा धौलाना के बड़ा बाजार ब्रह्मपुरी निवासी पंडित अशोक शर्मा के इकलौते पुत्र ज्योति मोटर्स के मालिक अभिनव शर्मा का बीती रात हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया था । अभिनव शर्मा सिर्फ 32 वर्ष के थे । उनके निधन पर पूरे


युवा व्यापारी अभिनव शर्मा का फाइल फोटो

कस्बे में शोक छा गया । बड़ी संख्या में लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे । जिसमें ब्लाक प्रमुख निशांत भाई शिशोदिया, वरिष्ठ पत्रकार संजीव वशिष्ठ, कार्यालय प्रभारी आदित्य वशिष्ठ, गोमती ट्रेडर्स के पंकज शर्मा, लक्ष्मी टेंट के नीरज शर्मा, पीठाधीश्वर बालाजी पीठ पंडित अजेय भारद्वाज, पुजारी पीठ बालाजी मंदिर के पिंटू भगत शर्मा जी, मास्टर रामकिशन शर्मा, कांग्रेस नेता दीपक आत्रेय, नीरज तिवारी, चंदू तिवारी, युवा भाजपा नेता एड अभिषेक तोमर, धौलाना प्रधान अतीक भाई अहमद, बिजली व्यापारी सगीर भाई अहमद , वरिष्ठ कवि वागीश दिनकर, इदरीस मलिक प्रधान, अवनीश शर्मा, लाला प्रमोद गर्ग, नरेश शर्मा, ललित शर्मा, बिट्टू शर्मा, मुकुट शर्मा, डीजीसी अक्षय भरद्वाज, ब्राह्मण नेता के के शर्मा, सुदेश शर्मा, अनिल शर्मा, मनोज शर्मा, सरीन शर्मा, राजेश राणा, नितेश आत्रेय, विनोद शर्मा, यू ट्यूबर कलाकार भास्कर पंडित, ताहिर टैंगा, शाकिर सिद्दकी, शिवकुमार , आदि ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी ।

# पंचायती राज सचिव/निदेशक पहुंचे धौलाना, किया अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र का निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ) ।** पंचायती राज विभाग के सचिव/ निदेशक अटल राय धौलाना पहुंचे। जहां उन्होंने धौलाना ग्राम पंचायत द्वारा स्थापित एकीकृत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र के साथ साथ प्लास्टिक वेस्ट

- मजदूरों से की सीधे वार्ता । निरीक्षण से संतुष्ट होकर लौटे सचिव पंचायती राज
- धौलाना बीडीओ, ग्राम धौलाना सचिव सहित ग्राम प्रधान की कार्यप्रणाली की सराहना की

मैनेजमेंट केन्द्र का भी निरीक्षण किया । जहां उन्होंने मजदूरों से सीधे वार्ता कर समस्त जानकारी प्राप्त की और विभिन्न निर्देश दिए । इस दौरान उन्होंने मजदूरों से पूछा की सेलरी/ पैसा समय पर मिलता है कोई दिक्कत तो नहीं करता । इस पर मजदूरों ने धौलाना ग्राम प्रधान अतीक अहमद, व ग्राम सचिव गुरविंदर सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा की उक्त दोनों हमे हर सुविधा समय पर उपलब्ध करा देते है । जिस पर सचिव अटल राय बेहद





प्रभावित हुए । इस दौरान सचिव अटल राय घर घर कूड़ा निस्तारण कराए जाने के भी निर्देश दिए । इस दौरान उनके साथ सीडीओ हिमांशु गौतम, डी डी पंचायत मेरठ मंडल मनीष कुमार, अपर मुख्य अधिकारी आरती मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी शिव बिहारी शुक्ला, बीडीओ राम कुमार शर्मा, खंड पंचायत अधिकारी संजय चौधरी, खंड पंचायत अधिकारी सिंभावली शिवम पांडेय, ग्राम



प्रधान धौलाना अतीक अहमद, ग्राम सचिव गुरविंदर सिंह, सतवीर यादव, बिजेंद्र सिंह, खुशबू पांडेय, ओमवीर सिंह, तरुण त्यागी, समाज सेवी सगीर भाई अहमद, मल्ला युनुस, साजिद टेंट, पेकेंदर शर्मा, विनोद राणा, राकेश राणा, अंकुर कुमार, मुश्ताक अहमद, आदि मौजूद रहे ।

# एचपीडीए का बुलडोजर हापुड़ विकास क्षेत्र में गरजेगा कब ?

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़,पिलखुवा। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष के निर्देश पर अधिकारियों ने पुलिस बल की मौजूदगी में पिलखुवा विकास क्षेत्र में बुलडोजर से 4

- पिलखुवा विकास क्षेत्र में बुलडोजर से अवैध प्लाटिंग,निर्माण ध्वस्त कराया,मचा हड़कंप
- जनमानस से अपील,मानचित्र स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य व प्लाटिंग करें:प्रभारी सचिव

स्थानों पर अवैध प्लाटिंग व एक अवैध निर्माण ध्वस्त करने की कार्यवाही की। प्राधिकरण की इस कार्यवाही से अवैध निर्माणकत्राओं व कालोनाइजरों में हड़कंप मच गया है। वहीं हापुड़ विकास क्षेत्र में प्राधिकरण का बुलडोजर नहीं चलना जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के प्रभारी सचिव,सक्षम अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया





कि पिलखुवा विकास क्षेत्र में छिजारसी कुलीचनगर में देवेन्द्र कुमार बजा द्वारा 4000 वर्ग मीटर,सिखेडा रोड निकट गऊशाला पवन गुर्जर,विरेन्द्र उर्फ बिल्लू,सुरेन्द्र तेवतिया,हाजी रशीद द्वारा 5000 वर्ग मीटर,सिखेडा रोड निकट गऊशाला नन्द किशोर,हाजी हसीन द्वारा 5000 वर्ग मीटर,सिखेडा रोड निकट गऊशाला विक्रम सिंह द्वारा 3000 वर्ग मीटर अवैध पालटिंग व ग्राम लाखन में आदिल द्वारा 800 वर्ग मीटर में अवैध निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त कराया। उन्होंने अवैध निर्माणकताओं व कालोनाइजरों से दो



टूक कहा कि अवैध निर्माण व प्लाटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध निमार्णो को तत्काल रोक कर प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराकर,ही निर्माण करे,अन्यथा कार्रवाई होगी। प्राधिकरण के अधिकारी कर्मचारी अवैध प्लाटिंग,कालोनी व निमार्णो को चिन्हित करने में जुटे है। जिसके बाद उन पर सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी। इस ध्वस्तीकरण अभियान में अवर अभियंता अंगद सिंह,वीरेश राणा व प्राधिकरण का सचल दस्ता मौजूद रहा। गौरतलब है,कि प्राधिकरण का बुलडोजर गढ़मुक्तेश्वर विकास क्षेत्र,पिलखुवा विकास क्षेत्र में गरज रहा है,लेकिन हापुड़ विकास क्षेत्र में एचपीडीए का बुलडोजर कब गरजेगा यह जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# आगामी 2 फरवरी को अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा होगी: सर्वेश कुमारी

बुलन्द संदेश्ज्ञ ब्यूरो

**हापुड़।** अटल आवासीय विद्यालय कौन्दू बुलन्दशहर के शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा-6 व कक्षा-9 में दाखिला लेने के लिए प्रवेश परीक्षा आगामी 2

- राम स्वरूप जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को बनाया परीक्षा केन्द्र
- जिले से प्रवेश लेने को 218 बच्चों ने किया आवेदन
- निर्माण श्रमिक, निराश्रित,सीएम बाल सेवा योजना के पात्र बच्चे कर सकते है आवेदन

फरवरी को होगी। उक्त विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए 218 बच्चों ने आवेदन किया है। प्रवेश परीक्षा के लिए दिल्ली रोड स्थित राम स्वरूप जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को बनाया परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। सहायक श्रमायुक्त सर्वेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मचारी





बोर्ड के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चे,कोविड काल में निराश्रित हुए बच्चे,महिलाकल्याण विभाग लखनऊ से प्राप्त सूची के आधार व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लिए पात्र बच्चों को सामाजिक न्याय की अवधारणा के लिए मुख्य धारा से जोडने के लिए मंडल स्तर पर अटल आवासीय विद्यालयों की स्थापना की गयी है। उन्होंने बताया कि मेरठ मंडल का अटल आवासीय विद्यालय ग्राम कौन्दू तहसील सिकन्द्राबाद जिला बुलन्दशहर में संचालित है। जिसके शैक्षिक सत्र 2023-24 का शुभारंभ 11 सितंबर 2024 को हो चुका है। जिसमें मंडल के सभी जनपदों के कक्षा-6 व कक्षा-9 के छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है। अटल आवासीय विद्यालयों का उद्देश्य ऐसे बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित है,उनको कक्षा छह व कक्षा नौ की उच्च आधुनिक महत्वपूर्ण निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराना है।

एएलसी ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 में कक्षा छह व कक्षा नौ में 140-140 बच्चों को प्रवेश मिलेगा। जिसके सापेक्ष जिले से 218 बच्चों आवेदन किया है। प्रवेश परीक्षा आगामी 2 फरवरी को होगी। प्रवेश परीक्षा के लिए दिल्ली रोड स्थित राम स्वरूप जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को बनाया परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

# नवोदय युवा समिति द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** नवोदय युवा समिति द्वारा कृष्णगंज में नारायण हेल्थ केयर सेंटर पर निशुल्क त्वचा रोग परामर्श का आयोजन किया इस अवसर पर त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कैलाश कुमार झा ने त्वचा रोग से बचाव के कारण बताए ओर उपचार के लिए उचित सलाह दी शिविर में सफेद दाग, मुहासे ,फंगल इनफेक्शन ,दाद खुजली आदि रोगों से पीड़ित मरीजों की जांच की गई इस मौके पर समिति के महेंद्र सिंह सैनी, बबीता, डोली कार्दमवाल ने डॉक्टर का अभिनंदन किया कार्यक्रम के विशेष सहयोगी नारायण हेल्थ केयर सेंटर के अर्पित गर्ग को समिति में आभार व्यक्त किया इस मौके पर तरुण बंसल, गगन मित्तल,मनोज आदि का विशेष सहयोग रहा।



# सीडीओ ने केजीबीवी की 100 छात्राओं में ट्रैक सूट वितरित किये

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** कुचेसर रोड चौपला पर संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में आयोजित ट्रैक सूट वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी ने बेटी बचाओ

**शिक्षित बेटियां समाज,परिवार व देश का नाम रोशन करती है**

बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत 100 ट्रैक सूट छात्राओं में वितरित किये।

शनिवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में आयोजित ट्रैक वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम 100 ट्रैक सूट छात्राओं में वितरित किये।

सीडीओ हिमांशु गौतम ने कहा कि बेटा-बेटी में भेदभाव न करें,दोनों को समान शिक्षा दें,जिससे बेटियां भी अपने पैरों पर खड़ी होकर परिवार,समाज व देश का नाम रोशन करें। शिक्षा प्राप्त करके ही उन्नति प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता





सिंह,खंड शिक्षा अधिकारी पंकज चतुर्वेदी,अर्चना त्यागी,मीना शर्मा, मानीक्षी मलिक,अंजु शर्मा, रोहिणी, अरुणा, रामोतार, सीमा,कोमल,शाहपुर जट्ट ग्राम प्रधान मनोज,पंकज यादव,मनीष द्विवेदी आदि मौजूद रहे। गौरतलब है,कि जिले में गढ़मुक्तेश्व में संचालिती केजीबीवी में 115,धौलाना में 152 व हापुड़ नगर क्षेत्र में संचालित कस्तूबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की 100 छात्राओं में ट्रैक सूट वितरित किये गये थे।

**कार्ड वितरित** | **धौलाना विधायक धर्मेश तोमर की अध्यक्षता में किया गया घरोनी का वितरण**

# स्वामित्व योजना से ग्रामीणों के भूमि संबंधी विवादों का होगा समाधान : प्रवेश कुमार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** धौलाना तहसील के मीटिंग हॉल में धौलाना विधायक धर्मेश तोमर, एसडीएम लवी त्रिपाठी, तहसीलदार प्रवेश कुमार ने स्वामित्व योजना के तहत तहसील धौलाना के 25 ग्रामों के 4330 लाभार्थियों को घरौनी कार्ड वितरित की । इस मौके पर विधायक धर्मेश तोमर ने समित्व प्राप्त लोगो को बधाई देते हुए कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सार्थक पहल के कारण ही सभी लाभार्थी आज अपनी मूल संप्रति के सही मायनों में मालिक बने है । जिससे भविष्य में उन्हें कई तरह के लाभ प्राप्त होंगे ।तहसीलदार प्रवेश कुमार ने कहा कि स्वामित्व योजना से ग्रामीणों के भूमि संबंधी विवादों का समाधान होगा। जिससे गांव का आपसी भाईचारा और मजबूत होगा । जमीनी विवादों पर पूरी तरह अंकुश लग सकेगा । एसडीएम धौलाना लवी त्रिपाठी ने






बताया की इस मौके पर लाभार्थियों व ग्रामीणों को नशा मुक्ति की भी शपथ दिलाई गई । उन्होंने ने कहा कि स्वामित्व योजना को पंचायती राज मंत्रालय, राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग और भारतीय सर्वेक्षण विभाग (एसओआई) के संयुक्त प्रयासों से लागू किया जा रहा है। स्वामित्व योजना से जहां एक ओर ग्रामीणों के भूमि संबंधी विवादों का समाधान होगा तो वहीं ग्राम पंचायत की भूमि का स्पष्ट मानचित्र प्राप्त होगा। जिससे गांव के आधारभूत संरचना के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं को बनाना आसान होगा। इससे लाभार्थी विभिन्न योजनाओं का लाभ, ऋण प्राप्त कर सकेंगे। नायब तहसीलदार अमर पाल सिंह ने लाभार्थियों को घरौनी वितरण करते हुए स्वामित्व योजना के लाभ से लोगों को अवगत कराया ।

# पिलखुवा की रिजवाना ने एसएससी जीडी गर्ल्स कैटेगरी में AIR 1 रैंक हासिल कर जिले का नाम किया रोशन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** कुछ करने का जुनून अगर आपके मन के अंदर जग जाए तो सफलता आपके कदमों में होगी कुछ ऐसा ही पिलखुवा कि रिजवाना ने कर दिखाया है। एसएससी जीडी गर्ल्स कैटेगरी में AIR 1 रैंक हासिल कर अपने परिवार के साथ अपने जिले का नाम भी रोशन किया है। जिला हापुड़ के एक छोटे से कस्बे पिलखुवा की रहने वाली रिजवाना ने भी सरकारी नौकरी की चाहत में दिन रात मेहनत की ओर कई बार असफल होने बाद भी हार नहीं मानी और एसएससी जीडी गर्ल्स कैटेगरी में अक्र 1 रैंक हासिल कर ली। रिजवाना के पिता शकील और माता फरजाना ने बताया कि हमारी बेटी शुरू से ही होशियार थी और दिन रात पढ़ती रहती थीं रिजवाना ने बताया कि मुझे बचपन से ही सरकारी नौकरी हासिल करने का जुनून था जिसके लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की ओर उन्होंने 2016 में कक्षा 10 में 91% अंक हासिल कर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12



में 87% अंक हासिल कर जिले में पांचवा स्थान प्राप्त किया साथ की पिलखवा में प्रथम स्थान पर रही। 2021 में स्नातक होने के बाद वह सरकारी नौकरी की तैयारी में जुड़ गई कई बार असफलता हाथ लगने के बाद भी नहीं हारी और निरंतर प्रयास करती रही। रिजवाना नहीं 2024 में एसएससी जीडी में 160 में से 163 अंक हासिल किया और एसएससी जीडी की परीक्षा में गर्ल्स कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक में प्रथम हाथ स्थान हासिल किया इसके बाद से परिवार में खुशी की लहर है और घर आने जाने वालों का तांता लगा है। रिजवान ने बताया कि वह आगे की पढ़ाई भी जारी रखेंगी और वह यूपीएससी की परीक्षा पास करना चाहते हैं और एक आईएएस बनना चाहती हैं।

## सम्पादकीय


# परमाणु हथियारों के अवैधानिक हस्तांतरण



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

पाकिस्तान के परमाणु बम के निमार्ता अब्दुल कादिर खान के बारे में कहा जाता है कि इस शख्स ने परमाणु बम बनाने की तकनीक को उन देशों तक पहुंचा दिया जहां से आतंकवादी संगठन, आपराधिक समूह या अन्य अस्थिर समूह परमाणु सामग्री का उपयोग करके पूरी दुनिया में विनाशकारी हमले कर सकते हैं। सीआईए के पूर्व निदेशक जॉर्ज टेनेट ने एक बार कहा था कि खान उतना ही खतरनाक है, जितना कि ओसामा बिन लादेन। अब्दुल कादिर खान अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उन्होंने लीबिया, उत्तर कोरिया, ईरान जैसे अस्थिर और अधिनायकवादी देशों को परमाणु तकनीक और सामग्रियों का अनधिकृत हस्तांतरण करके वैश्विक सुरक्षा को संकट में डाल दिया। डॉ. खान ने 1990 के दशक के अंत से 2003 तक लीबिया को गुप्त रूप से सेंट्रीफ्यूज प्लांट और परमाणु हथियार डिजाइन की आपूर्ति की जिससे वहां हथियार कार्यक्रम बनाने में मदद मिल सके। उन्होंने 1990 के दशक में उत्तर कोरिया और ईरान को सेंट्रीफ्यूज तकनीक भी हस्तांतरित की थी। 1990 में ही खान की परमाणु प्रयोगशाला ने कथित तौर पर इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को पत्र भेजा था जिसमें परमाणु सेंट्रीफ्यूज बनाने में सहायता की पेशकश थी। एक बार फिर पाकिस्तान के परमाणु प्रतिष्ठान से जुड़े घटनाक्रम पर दुनिया की नजर है। दरअसल, ऐसी खबरें सामने आई हैं, जिनमें दावा किया गया है कि पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर सक्रिय आतंकी समूह तहरीक-ए-तालिबान ने कुछ पाकिस्तानी वैज्ञानिकों का अपहरण कर लिया है। इन परमाणु वैज्ञानिकों का अपहरण खैबर पख्तूनख्वा से किया गया है। पाकिस्तान की सेना, आईएसआई और वहां की सरकार की विसनीयता को लेकर अमेरिका समेत दुनिया भर में अविश्वास रहा है लेकिन इसके बावजूद इस तथ्य से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि दुनिया भर के आतंकी संगठन परमाणु बम बनाने की तकनीक प्राप्त करना चाहते हैं, इनमें अल-कायदा और आईएस का नाम सबसे ऊपर है। कम से कम दो पाकिस्तानी परमाणु वैज्ञानिकों ने 2000-01 में अल-कायदा के प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी, हालांकि अभी तक साबित नहीं हो पाया है कि उन्होंने परमाणु संबंधी जानकारी साझा की थी। पाकिस्तान में परमाणु प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर वैश्विक चिंताएं रही हैं। 2008 में अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख मोहम्मद अलबरदेई ने पाकिस्तान के परमाणु हथियारों के बारे में अपनी आशंकाएं व्यक्त की थीं लेकिन पाकिस्तान ने उनकी चिंताओं को खारिज कर दिया और दोहराया था कि उसका परमाणु शस्त्रागार सुरक्षित है। पाकिस्तान में परमाणु प्रतिष्ठानों और हथियारों की सुरक्षा वर्ष 2000 से देश के प्रमुख परमाणु संस्थान राष्ट्रीय कमान प्राधिकरण (एनसीए) के एकीकृत नियंत्रण में है, जो दस सदस्यीय निकाय है। इसमें राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष, रक्षा, आंतरिक और वित्त मंत्री, सामरिक योजना प्रभाग के महानिदेशक और सेना, वायुसेना और नौसेना के कमांडर शामिल हैं। परमाणु तैनाती के बारे में निर्णय लेने की शक्ति एनसीए के पास है। इसके अध्यक्ष, जो पाकिस्तान के राष्ट्रपति हैं, अंतिम वोट देते हैं। सेना, वायुसेना और नौसेना में से प्रत्येक के पास एक सामरिक बल कमान है, जो परमाणु हथियारों के उपयोग की योजना, नियंत्रण और निदेशों के लिए जिम्मेदार है। सामरिक योजना प्रभाग एनसीए के सचिवालय के रूप में कार्य करता है। परमाणु क्षमता के विकास एवं प्रबंधन का प्रभारी है और दिन-प्रतिदिन नियंत्रण रखता है। पाकिस्तान में फौज का सभी संस्थानों पर गहरा नियंत्रण है, और सेना के अधिकारियों की जवाबदेही को लेकर

# अब क्या चुनाव ही खतरे में है?



राजेंद्र शर्मा

हैरानी की बात नहीं है कि दिल्ली चुनाव के सिलसिले में कम-से-कम एक बात पर सभी सहमत होंगे। वह यह कि भाजपा, इस चुनाव को जीतने के लिए सचमुच कोई कसर नहीं छोड़ने वाली है। मोदी-शाह की भाजपा के संबंध में यह कथन एक तरह से रूढ़ हो चुका है। अक्सर इससे अर्थ यह लगाया जाता है कि वर्तमान सत्ताधारी पार्टी हरेक चुनाव, छोटे से छोटा चुनाव भी, अपनी पूरी ताकत झोंक कर लड़ती है। इसे मोदी-शाह की भाजपा की एक महत्वपूर्ण विशेषता ही माना जाने लगा है, जो उसे अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर जबर्दस्त बढ़त दिला देती है। इस सिलसिले में, जाहिर है कि उसके घनघोर साधनों तथा मुख्यधारा के मीडिया पर लगभग पूर्ण नियंत्रण की मदद से, इस "कोई कसर नहीं छोड़ने" के हिस्से के तौर पर कई ऐसी चीजों को सामान्य बनाकर स्वीकार्य बना दिया जाता है, जिन पर मोदी-पूर्व भारत में किसी-न-किसी हद तक सवाल जरूर उठते थे।

इनमें एक है चुनाव में संसाधनों का इस तरह झोंका जाना, जिसके सामने चुनाव कानून के अंतर्गत देश में लगी चुनाव खर्च की सीमाएं और उससे संबंधित चुनाव आयोग की सारी कसरतें, एक मजाक ही नजर आने लगी हैं, बल्कि मजाक कहलाने भी लगी हैं। चुनावी बांड की व्यवस्था ने, जिसे अब सुप्रीम कोर्ट ने अवैध करार देकर बंद करा दिया है, चुनावी चंदे के प्रवाह को पूरी तरह से इकतरफा सत्ताधारी पार्टी के पक्ष में मोड़ने के जरिए, इस मजाक को और बहुत ऊपर उठा दिया। अब शायद ही कोई इसकी याद दिलाने की जेहमत उठाता होगा कि खर्च की इन सीमाओं का मकसद, चुनाव में धनबल के खेल पर अंकुश लगाना तो था ही, चुनाव के लिए मुख्य प्रतिद्वंद्वियों के लिए एक हद तक बराबरी का मैदान मुहैया कराना भी था।

एक और चीज, जिसे नये-नये चाणक्यों को अधिष्ठित करने के जरिए सामान्य और इस तरह स्वीकार्य बना दिया गया है, चुनाव का राजनीति और विचारधारा से ऊपर उठा दिया जाना है, जहां जीत के लिए कोई भी पैंतरा, कोई भी तिकड़म जायज है। चुनाव से ऐन पहले दल-बदल से लेकर, निहायत नंगई से जातिवादी गोटियां बैठाए जाने तक, सभी कुछ इसमें आ जाता है। कहने की जरूरत नहीं होनी चाहिए, हालांकि इसकी याद दिलाने की आज बहुत जरूरत है कि इस सब को सामान्य बनाए जाने, जनता की इच्छा की अभिव्यक्ति के रूप में हमारे चुनाव के जनतांत्रिक सार को, पहले ही काफी खोखला कर दिया था।

बहरहाल, मोदी-शाह की भाजपा इतने पर भी नहीं रुकी है। चुनाव आयोग को अपनी मुट्ठी में करने के बाद, पिछले अनेक वर्षों में उसने चुनावी नियम-कायदों के हिसाब से जो कुछ अवैध था, उसका भी सहारा लेने को सामान्य बनाना शुरू कर दिया। बेशक, इसकी शुरूआत अपेक्षाकृत छोटी चीजों से हुई। जैसे चरणवार चुनाव में चुनाव प्रचार की खामोशी के दिनों में, संबंधित क्षेत्र के ऐन बगल के क्षेत्र में जाकर, प्रचार करना और उसका मीडिया के जरिए, खामोशी के इलाकों समेत हर जगह प्रचार कराना ; मतदान करने के लिए जाने को रैली में बदल देना ; मतदान केंद्र के निषेध के दायरे में चुनाव चिन्ह का प्रदर्शन करना आदि, आदि। यह सब धीरे-धीरे चुनावी विधि-निषेधों में बढ़ती सुरंग बनाए जाने का मामला था।

बहरहाल, इस तरह चुनावी पाबंदियों को भीतर से पर्याप्त रूप से खोखला करने के बाद, 2017 के उत्तर प्रदेश के चुनाव से कब्रिस्तान-श्मशान, दीवाली-रमजान करने के सांप्रदायिक इशारों के जरिए, चुनाव में धार्मिक अपील तथा सांप्रदायिकता का सहारा लेने पर लगी कानूनी रोक को लांघने की ओर तेजी से कदम बढ़ाए गए। इसके साथ ही सर्जिकल स्ट्राइक के चुनावी इस्तेमाल के जरिए, चुनावी कानूनों के उल्लंघन का एक और मोर्चा ही खोल दिया गया। इसके बाद, 2019 के आम चुनाव में तो, चुनाव प्रचार में सेना तथा उसकी कार्रवाइयों के इस्तेमाल पर लगी पाबंदियों की सरासर धज्जियां ही उड़ायी गयीं। कागजों में लिखी तमाम पाबंदियों के बावजूद, 2019 का पूरा का पूरा चुनाव, पुलवामा-बालाकोट की पिच पर ही लड़ा गया और जोरदार तरीके से जीता भी गया। इस दौरान, शीर्ष स्तर पर चुनाव आयोग को पूरी तरह से सत्ता पक्ष के साथ किया जा चुका था और अशोक लवासा के रूप में आयोग में असहमति की इकलौती आवाज को बाहर किया जा चुका था।



इसी यात्रा को आगे बढ़ाते हुए, 2024 के आम चुनाव में सत्ताधारी पार्टी ने विपक्ष के खिलाफ सांप्रदायिक दुहाई को अपना मुख्य हथियार बना लिया। और यह सिलसिला, पिछले ही महीने हुए महाराष्ट्र तथा झारखंड के चुनाव तक भी जारी था। इसके लिए मैदान तैयार किया गया था, चुनाव से ऐन पहले, चुनाव आयोग में दो सत्तापक्ष के लिए मनमाफिक सदस्यों की भर्ती के जरिए। इसी तरह की भर्ती सुनिश्चित करने के लिए, सत्ताधारी पार्टी ने संसद में अपने बहुमत का इस्तेमाल कर, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के संबंध में एक नया कानून सिर्फ इसलिए बनाया था, ताकि चुनाव आयोग की नियुक्तियों में निष्पक्षता लाने के पक्ष में चुनाव आयोग के हस्तक्षेप के बाद, तीन सदस्यीय नियुक्ति समिति में प्रधानमंत्री के साथ, विपक्ष के नेता तथा सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को रखे जाने की जो व्यवस्था बनी थी, उसे फिर से सरकार के पक्ष में झुकाया जा सके। इस कमेटी में मुख्य न्यायाधीश को हटाकर, प्रधानमंत्री के अलावा, उनके द्वारा नामजद उनके ही एक मंत्री को शामिल कर लिया गया था। हैरानी की बात नहीं है कि उसके बाद से चुनाव आयोग ने खुद प्रधानमंत्री के स्तर तक से खुल्लमखुल्ला धर्म की दुहाइयों तथा सांप्रदायिक अपीलों का सहारा लिए जाने पर चूं तक नहीं की।जाहिर है कि इस सब ने जनता की जानकारीपूर्ण इच्छा की अभिव्यक्ति के रूप में चुनाव के रहे-सहे सार को भी नष्ट कर दिया है। यह कहना गलत नहीं होगा कि इस मुकाम पर पहुंचकर चुनाव, जनतंत्र का खोल भर रह जाता है, जो भीतर से खोखला है। लेकिन, चुनाव जीतने के लिए कुछ भी करने की मोदी-शाह की भाजपा की तत्परता, जैसे अब जनतंत्र के इस खोल को भी नष्ट करने की ओर बढ़ रही है। चुनाव में धांधली की आम शिकायतों और ईवीएम के जरिए गड़बड़ी की आम शिकायतों को, उनमें काफी वजन होने के बावजूद, बहस के लिए यहां हम अगर छोड़ भी दें तो भी, चुनाव मात्र पर दुतरफा हमले की शिकायतों से उठे गंभीर सवालों को, जनतंत्र की परवाह करने वाला कोई भी व्यक्ति अनदेखा नहीं कर सकता है।

इस हमले का एक बढ़ता हुआ पहलू, जो खासतौर पर उत्तर प्रदेश में आम चुनाव में और अभी पिछले महीने हुए उपचुनाव में और भी खुलेआम सामने आया था, छांटकर तबके विशेष, मुस्लिम अल्पसंख्यकों को वोट ही देने से रोकने का था। उत्तर प्रदेश में इसके विशेष रूप से सामने आने की वजह यही थी कि इसके लिए पुलिस-प्रशासन की गैर-कानूनी काम करने की जिस तरह की तत्परता की जरूरत होती है, वह लंबे समय से तथा बिल्कुल तानाशाहीपूर्ण तरीके से, सत्ताधारी भाजपा द्वारा प्रशासित राज्यों में ही संभव है। चुनाव को ही गैर-चुनाव बनाने वाले इसी हमले का दूसरा पहलू, पुनः शासन पर नियंत्रण का ही इस्तेमाल कर, टार्गेटेड तरीके से संभावित रूप से विरोधी वोटों को, जाहिर है कि सबसे बढ़कर अल्पसंख्यकों के वोटों को काटना और बाहर से अपने समर्थकों के नाम मतदाता सूचियों में जुड़वाना है। यह चुनाव के नतीजों को अपने पक्ष में बदलने के लिए, चुनाव करने वाली जनता का ही बदला जाना है। विपक्षी पार्टियों और खासतौर पर उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी द्वारा मतदाता सूचियों में टार्गेटेड हेराफेरी की आम तौर पर शिकायतें किए जाने के अलावा अब कम-से-कम तीन लोकसभा क्षेत्रों में, जहां बहुत कम अंतर से हार-जीत का फैसला हुआ था, ऐसी टार्गेटेड मतदाता सूची धांधली के साक्ष्य मीडिया रिपोर्टों में सामने आ चुके हैं। इनमें मेरठ और फरुर्खाबाद और पुरानी दिल्ली की सीटें शामिल हैं।

बहरहाल, अब दिल्ली के चुनाव तक आते-आते, इस खेल को देश की सत्ताधारी पार्टी ने बहुत ऊंचे स्तर पर पहुंचा दिया लगता है। नई दिल्ली की विधानसभाई सीट, जहां से अरविंद केजरीवाल चुनाव लड़ रहे हैं, इस खेल में खासतौर पर निशाने पर है। यह दूसरी बात है कि दिल्ली में सीमित ही सही, आम आदमी पार्टी के पास प्रशासनिक ताकत होने और आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं के जमीनी स्तर पर पर्याप्त रूप से सक्रिय होने के चलते, इस खेल का किसी हद तक भंडाफोड़ भी हो गया है, फिर भी जो सचाई सामने आयी है वह डरावनी है। इस एक विधानसभाई क्षेत्र में, सैकड़ों लक्षित वोट कटवाने के साथ-साथ, हजारों की संख्या में वोटर रातों-रात भर्ती कराने का खेल खेला गया है और इनमें से कई हजार वोट तो केंद्रीय मंत्रियों, भाजपा सांसदों तथा पूर्व-सांसदों के सरकारी आवासों के पते पर ही दर्ज कराने का खेल खेला गया है।

कहने की जरूरत नहीं है कि यह सब बहुत ही व्यवस्थित तरीके से गड़बड़ी किए जाने का ही इशारा करता है। और यह गड़बड़ी कितने व्यापक स्तर पर की गयी है और कहां तक कामयाबी से की जा चुकी है, यह जानने का कोई उपाय नहीं है। इन दुश्चिंताओं को बढ़ाने वाला एक आंकड़ा जरूर सामने आया है। छः महीने पहले ही हुए लोकसभा चुनाव और अब होने जा रहे विधानसभा चुनाव के बीच ही, दिल्ली में मतदाताओं की संख्या में पूरे 5 फीसद की बढ़ोतरी हो चुकी है! इतनी अवधि में मतदाताओं की संख्या में इस स्तर की बढ़ोतरी, कम से कम स्वाभाविक तो किसी भी तरह से नहीं है। याद रहे कि महाराष्ट्र में लोकसभा तथा विधानसभा चुनावों के बीच, मतदाताओं की संख्या में ऐसी ही अस्वाभाविक बढ़ोतरी देखी गयी थी। और विपक्षी पार्टियों की शिकायत है कि जिन एक सौ चालीस के करीब सीटों पर वोट में इस तरह की बढ़ोतरी देखने को मिली थी, उनमें से अस्सी फीसद सीटें भाजपा के नेतृत्ववाले सत्ताधारी गठजोड़ को मिली थीं। चुनाव करने वाली जनता का ही बदला जाना, जनतंत्र के लिए खतरे की आखिरी घंटी है। ब्रेख्त की एक पैनी व्यंग्य कविता की पंक्तियां हैं–"क्यों न सरकार जनता को भंग कर दे/ और अपने लिए एक नयी जनता चुन ले।" मोदी-शाह की भाजपायी सत्ता, देश की जनता को ही भंग कर, अपने लिए एक नयी जनता चुनने की ओर बढ़ चली है। क्या दिल्ली की जनता उसे ऐसा करने देगी?

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार और साप्ताहिक पत्रिका 'लोकलहर' के संपादक हैं।)**

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**

**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# गाजा में नरसंहार,क्या अब समाप्त होने के संकेत दे रहा है?



अशोक भाटिया

गाजा में नरसंहार, जो लगभग 466 दिनों से लगातार चल रहा है, समाप्त होने के संकेत दे रहा है। इजरायल और हमास के बीच लंबे समय से लंबित युद्धविराम एक निश्चित ट्रैक पर प्रतीत होता है। यह अगले रविवार से प्रभावी होने की बात कही जा रही है, हालांकि इसे अभी तक इजरायल की कैबिनेट द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया है। प्रधान मंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू के मंत्रिमंडल के अल्ट्रा-हाड्र्स अभी तक इस तरह के युद्धविराम के लिए सहमत होने के लिए तैयार नहीं हैं। यही है, इस्लामी और यहूदी लोगों के बीच संघर्ष। नुकसान अधिक था। जैसे, यह हमास की वजह से गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के साथ हुआ। लगभग 46,000 आंसू गैसोलीन ने अपनी जान गंवा दी, लंबे समय तक चलने वाली भौतिक क्षति, और लाखों लोगों की जान सचमुच उजागर हो गई, संघर्ष विराम हमास और फिलिस्तीनी आतंकवादी समूहों द्वारा संघर्ष में नागरिकों को खोने के बाद आया, जबकि इजरायल ने इतने बड़े पैमाने पर नरसंहार में लगभग पूरे गाजा को नष्ट कर दिया था। फिलिस्तीनी घरों और अस्पतालों पर गधों को जोतने के बावजूद, दुनिया की शीर्ष रैंक वाली सैन्य शक्ति अपने 100 बच्चों को बचाने में सक्षम नहीं है। अंत में, मुर्दाद हमास की तरह मस्तवाल इजराइल ने संघर्ष विराम के महत्व को समझा। गाजा पट्टी में, नागरिक अब राहत की सांस लेंगे और अपने टूटे हुए जीवन का पुनर्निर्माण शुरू करेंगे। इजरायल और हमास के बीच संघर्ष के अस्थायी अंत के बारे में अतीत में घोषणाएं हुई हैं, लेकिन विनाश और युद्धोन्माद बंद नहीं हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रम्प सहित कई लोगों ने नवीनतम ब्रेक के बारे में हार्दिक घोषणाएं की हैं, जिसे 24 घंटे बाद भी इजरायल कैबिनेट द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया है। अस्थायी युद्धविराम के लिए बातचीत ने शुरूआती छह महीनों के बाद ही गति पकड़ी थी।

और इजरायल के प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू ने भी अपनी राजनीतिक प्रतिष्ठा का मुद्दा उठाया। 7 अक्टूबर, 2023 को, हमास ने इजराइल के कई सीमावर्ती क्षेत्रों में अकारण और क्रूर हमले किए, जिसमें लगभग 1,200 इजराइली नागरिक और सैनिक मारे गए और लगभग 250 नागरिकों का अपहरण और हिरासत में लिया गया। वास्तव में, उस समय नेतन्याहू की राजनीतिक स्थिति अस्थिर थी। अल्पमत सरकार में विरल होने के बावजूद धुर दक्षिणपंथी पार्टियों की आवाज बुलंद थी। इसके अलावा, इस तरह के एक हमले, और इजरायली खुफिया या सेना से इनपुट की कमी, नेतन्याहू सरकार के लिए एक नाक-खरोंच थी। ऐसी स्थिति में, इजराइल ने शर्म की रक्षा में सामान्य सैन्य राष्ट्रवाद का रास्ता अपनाया। यह उस समय अस्थिर नेतन्याहू के लिए राजनीतिक रूप से सुविधाजनक था।

# युद्ध विराम समझौते का ईमानदारी से पालन जरूरी



ललित गर्ग

यह शांतिपूर्ण विश्व संरचना के लिये सुखद ही है कि करीब डेढ़ वर्ष से जारी इस्राइल-हमास संघर्ष खत्म करने के लिये युद्धविराम पर सहमति बन गई है। लेकिन इस एवं ऐसे युद्धों ने ऐसे अनेक ज्वलंत प्रश्न खड़े किये हैं कि जब युद्ध की अन्तिम निष्पत्ति टेबल पर बैठकर समझौता करना ही है तो यह युद्ध के प्रारंभ में ही क्यों नहीं हो जाता? युद्ध भीषणतम तबाही, असंख्य लोगों की जनहानि एवं सर्वनाश का कारण बनता है तो ऐसी तबाही होने ही क्यों दी जाये? खेर देर आये दुरस्त आये, इजराइल और हमास ने बुधवार को युद्ध विराम समझौते के पहले मसौदे पर सहमति जताई, जो संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में अब तक का सबसे बड़ा एवं अहम कदम है। अन्य बातों के अलावा, 60-दिवसीय युद्ध विराम प्रक्रिया में दोनों पक्षों के बंधकों को रिहा करना, सहायता बढ़ाना, नष्ट हो चुके फिलिस्तीन का पुनर्निर्माण करना और हमलों को रोकना शामिल होगा। डेढ़ साल से अधिक समय के युद्ध के बाद, युद्ध विराम फिलिस्तीन के लोगों तथा हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के लिए बहुत जरूरी राहत है। इसी तरह रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भी समाप्त हो, यह शांतिपूर्ण उन्नत विश्व संरचना के लिये नितांत अपेक्षित है। क्योंकि ऐसे युद्धों से युद्धरत देश ही नहीं, समूची दुनिया पीड़ित, परेशान एवं प्रभावित होती है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने देता है। ऐसे युद्धों में वैसे तो जीत किसी की भी नहीं होती, फिर भी इन युद्धों का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देता, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने के साथ बड़ी जनहानि का भी बड़ा कारण बनता है।

इस्राइल-हमास में पिछले डेढ़ साल से चल रहे युद्ध के विराम को एक अहम कामयाबी माना जा रहा है। भले ही इस समझौते के लिये अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बीच संघर्ष समाप्ति का श्रेय लेने की होड़ हो, लेकिन गाजा के लोग जिस मानवीय त्रासदी से जूझ रहे थे, उन्हें जरूर इससे बड़ी राहत मिलेगी। संयुक्त राष्ट्र के तमाम प्रयासों व मध्यपूर्व के इस्लामिक देशों एवं भारत की बार-बार की गई पहल के बावजूद अब तक शांति वार्ता सिरे न चढ़ सकी थी। जिसकी कीमत करीब पचास हजार लोगों ने अपनी जान देकर चुकायी। इस युद्ध से गाजा के विभिन्न क्षेत्रों में जो तबाही हुई है, उससे उबरने में दशकों लग सकते हैं। निस्संदेह, इस्राइल व हमास के बीच युद्ध विराम पर सहमति होना महत्वपूर्ण है, लेकिन जब तक समझौता यथार्थ में लागू होता न नजर आए, तब कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। संघर्ष में वास्तव में हमास के कितने लड़ाके मारे गए यह कहना कठिन है, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चों-महिलाओं ने युद्ध में जान गवांई। एक अनुमान के अनुसार गाजा संघर्ष में उपजी मानवीय त्रासदी में करीब बीस लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इस्राइली हमलों में अस्पताल-स्कूल भी निशाना बने, जिन्हें शरणार्थियों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है। इस्राइल पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में युद्ध अपराध तक के आरोप लगाए गए। बहरहाल, जब लंबे समय के बाद शांति की स्थितियां बन रही हैं तो विश्व समुदाय, शक्तिशाली राष्ट्रों व संयुक्त राष्ट्र का दायित्व बनता है कि समझौते की शर्तों को साफ नियत एवं नीति से क्रियान्वित किया जाये। ताकि मध्यपूर्व में स्थायी शांति एवं अमनचैन की राह मजबूत हो सके। निश्चित रूप से युद्ध शांति का विकल्प नहीं हो सकता। इस संघर्ष की शुरूआत भले हमास ने की हो, लेकिन इसकी सबसे बड़ी कीमत उन लोगों ने चुकाई, जो इसके लिये जिम्मेदार नहीं थे। युद्ध के आघात से युद्धरत देशों के साथ समूची दुनिया प्रभावित हुई है। युद्ध के आघात से तात्पर्य युद्ध के दौरान होने वाली दर्दनाक घटनाओं के परिणामस्वरूप व्यक्तियों द्वारा अनुभव किए जाने वाले मनोवैज्ञानिक संकट और शारीरिक-भावनात्मक पीड़ा से है, जैसे कि हिंसा का शिकार होना, दूसरों को नुकसान पहुंचाना, या संघर्ष के कारण प्रियजनों को खोना। युद्ध सामाजिक विश्वास को तोड़ता है, सामाजिक सामंजस्य को कम करता है और सामाजिक एवं राष्ट्रीय पूंजी को नुकसान पहुंचाता है। सशस्त्र संघर्ष के बाद, समाज उपसमूहों में गहराई से विभाजित हो जाता है जो युद्ध विराम के समझौते के बावजूद बाद के दौर में एक दूसरे से डरते हैं और नफरत करते हैं और लड़ाई जारी रखने के लिए तैयार रहते हैं। युद्ध के आघात से पीड़ित लोगों में अक्सर दूसरे पक्ष के साथ मेल-मिलाप करने और शांतिपूर्ण समाधान खोजने की इच्छा कम हो जाती है। कमजोर नागरिक समाज और कम सरकारी क्षमताएं लोगों को बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ बना सकती हैं और राज्य के बिगाड़ने वालों या राजनीतिक विरोधियों द्वारा आसानी से हेरफेर किया जा सकता है। यह स्थिति अक्सर हिंसा के निरंतर चक्रों के लिए मंच तैयार करती है।



हालांकि, अक्तूबर, 2023 में हमास के हमले से आहत इस्राइल कई मोर्चों पर लगातार युद्ध से थक चुका है, लेकिन अभी भी अरब जगत उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। ऐसी आशंका इसीलिए भी है कि कई बार बातचीत अंतिम दौर पर पहुंचते-पहुंचते पटरी से उतरती गई है। बात और घात लगातार चलते रहे हैं। अब भविष्य में देखना होगा कि दोनों पक्ष समझौते के अमल के प्रति कितनी ईमानदारी से प्रतिबद्ध नजर आते हैं। हालांकि, अपने बंधकों की जल्द रिहाई को लेकर इस्राइल के विपक्षी राजनीतिक दलों व मंत्रिमंडल में भी मतभेद उभर रहे हैं, लेकिन इतनी लंबी लड़ाई के बाद थक चुकी इस्राइली सेना को भी राहत देने की मांग की जाती रही है। बहरहाल, युद्ध विराम के प्रश्न पर इस्राइल व हमास के बीच सहमति से शांति की उम्मीदें प्रबल हुई हैं। जहां एक ओर अमेरिका में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन व नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समझौते के लिए श्रेय ले रहे हैं, वहीं ईरान इसे फलस्तीनी प्रतिरोध की जीत बता रहा है।

अभी गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को भी दूर किया जाना है। दरअसल, सात अक्तूबर 2023 को हमास के क्रूर हमलों में इस्राइल के बारह सौ लोग मारे गए थे और करीब ढाई सौ लोगों को हमास के लड़ाके सौदेबाजी के लिये बंधक बनाकर ले गए थे। साफ था कि इस अपमानजक घटना का इस्राइल प्रतिशोध लेगा, लेकिन संघर्ष करीब डेढ़ वर्ष तक चलेगा, इसकी उम्मीद किसी को नहीं थी। हालांकि, कुछ इस्राइली बंधक रिहा किए गए, कुछ युद्ध के बीच मारे गए, लेकिन बचे बंधकों की रिहाई का भारी दबाव नेतन्याहू सरकार पर लगातार बना रहा। संघर्ष में वास्तव में हमास के कितने लड़ाके मारे गए यह कहना कठिन है, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चों-महिलाओं ने युद्ध में जान गवांई। एक अनुमान के अनुसार गाजा संघर्ष में उपजी मानवीय त्रासदी में करीब बीस लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इस्राइली हमलों में अस्पताल-स्कूल भी निशाना बने, जिन्हें शरणार्थियों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है।

## सोमवार का राशिफल

**मेष** — सरकारी परीक्षा का सेंटर दूर मिलेगा, मन में क्रोध या प्रेम भावना एकदम फुट पड़ेगी, विवाह हेतु इंजीनियर का प्रस्ताव मिलेगा,मदिरा, नॉनवेज की ओर ज्यादा जा सकते है। भाग्य प्रतिशत-56

**वृषभ** — यात्रा का आनंद मिलेगा, किसी खास से मिलने पर मन जुड़ जाएगा, संगीत बैंड है तो दूर जाएंगे, साझेदारी व्यवसाय टूटने की कगार पर आ सकता है। भाग्य प्रतिशत-61

**मिथुन** — किसी डील को कम में भी फाईनल करना चाहेंगे, संतान आगे बढ़ेगी, निजी जीवन एकान्तवास जैसा हो सकता है, खाना समय पर खाए। भाग्य प्रतिशत-50

**कर्क** — लोगों से कटना सही नहीं रहेगा,शरीर पर कट,फुंसी, खुश्की बढ़ सकती है,आयुर्वेदिक दवा का प्रयोग करें, ससुराल पक्ष के लोग सेना में हो सकते है। भाग्य प्रतिशत-51

**सिंह** — सोच विचार ज्यादा करेंगे, व्यवसाय सेटल करने के लिए सहयोगी मिलेंगे, फीमेल स्टाफ की कमी पूरी होगी, विदेश यात्राएं होगी,गुप्त शत्रु बढ़ सकते है। भाग्य प्रतिशत-62

**कन्या** — फाइनेंस व्यवसाय में मुनाफा होगा, रिटेल स्टोर, ब्यूटी स्टोर कार्य चलेगा,मेहमान नवाजी में अच्छा धन खर्च करेंगे, पत्नी के साथ धार्मिक स्थान पर जाना होगा। भाग्य प्रतिशत-71

**तुला** — मनोरंजन के क्षेत्र में नया कार्य मिलेगा, वायु यात्रा करके भारत आना हो सकता है, कम्पनी लॉ के वकील की आय होगी, कार्यक्षेत्र में अपना दमखम रखेंगे। भाग्य प्रतिशत-73

**वृश्चिक** — अपने सिद्धांतों पर अडिग रहेंगे, पिता को टेंशन बढ़ेगी, रिस्क व्यवसाय में धन मिलेगा, संतान को लेकर चिंता बढ़ेगी, गिने चुने दोस्त रहेंगे। भाग्य प्रतिशत-62

**धनु** — विवाह की परेशानी हल होगी, छोटी उम्र का जीवन साथी मिलेगा, कम्प्यूटर पार्ट्स, सोफ्टवेयर, प्रिंटिंग प्रेस कार्य चलेगा। भाग्य प्रतिशत-74

**मकर** — रिश्तों से अलगाव कर सकते है, स्वयं से भी मायूसी सम्भव है, आत्मविश्वास को बनाये रखें, पारिवारिक समारोह हो सकता है, धन कमाने में संघर्ष बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत-50

**कुंभ** — जीवन साथी का किसी कार्य से बाहर जाना होगा, व्यवसायिक प्रतिष्ठान पर कोई मुकदमा है तो निकलने में मदद मिलेगी, गठिया रोग बढ़ सकता है। भाग्य प्रतिशत-59

**मीन** — जरूरी लीगल कार्य रुक-रुक कर होगा, संतान बीमार पड़ सकती है, उच्च शिक्षा को किसी कारण बीच में छोड़ने की नौबत आ सकती है, विदेश जाने के लिए सुखद है। भाग्य प्रतिशत-49



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# नगर निगम की बैठक में बवाल, भ्रष्टाचार को लेकर पार्षदों ने किया हंगामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**.अलीगढ़।** वित्तीय वर्ष 2024-25 का मूल बजट पारित करने के लिए बुलाई गई अलीगढ़ नगर निगम की बैठक में पार्षदों ने खूब हंगामा किया. हंगामे के बीच ही लगभग 900 करोड़ का बजट पेश करने पर पार्षद भड़क गए. पार्षदों को शांत करने के लिए राष्ट्रगान का सहारा लिया गया. इसके बाद सभी दलों के पार्षदों ने मिलकर विरोध प्रदर्शन किया.दरअसल सदन की कार्यवाही शुरू होते ही बजट पर चर्चा होने के पहले कई अन्य मुद्दों पर बहस छिड़ गई. पोखर की मिट्टी से संबंधित मामला अचानक गर्मा गया।





इस विषय पार्षदों के बीच तीखी बहस शुरू होने लगी. पार्षद जांच और कार्रवाई की मांग पर अड़ गए. साथ ही पार्षदों ने योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता के अभाव और कई परियोजनाओं में अनियमितताओं के आरोप लगाने शुरू कर दिए. नगर आयुक्त ने मामलों की जांच कराने का आश्वासन दिया, लेकिन पार्षद कार्रवाई की मांग पर अड़ रहे. इसी दौरान सदन ने लगभग 900 करोड़ का बजट पेश करने की घोषणा कर दी. इससे माहौल एकदम गरमा गया. पार्षदों को शांत करने के लिए राष्ट्रगान बजा दिया गया. क्षण भर के लिए पार्षद शांत रहे, लेकिन बाद में हंगामा सदन के साथ सड़क होने लगा. विरोध प्रदर्शन में भाजपा, सपा समेत विभिन्न दलों के पार्षद शामिल हो गए.पार्षदों ने आरोप लगाया कि बजट जबरन पास किया गया और उनकी सहमति के बिना निर्णय लिया गया. पार्षदों का कहना था कि महापौर और नगर आयुक्त पार्षदों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेते. पार्षद मोहम्मद नईम ने कहा कि पार्षद अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए नियमित रूप से महापौर और नगर

**पार्षदों के हंगामे के बीच लगभग 900 करोड़ का बजट पास, नगर आयुक्त ने कहा सुचारू रूप से चला सदन में कामकाज**

आयुक्त से मिलते हैं. इसके बावजूद उनकी शिकायतों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है उनकी अनदेखी की जाती है जनता ने हमे सदन मे चुन कर भेजा है उनकी समस्या को उठाने के लिए पर हमारी बात नही सुनी जाती है हमारी आवाज को दबाने की कोशिश होती है। बहरहाल पार्षदों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे.।

वही पार्षदो का कहना था कि सदन जो बजट पेश किया गया है वह इस वर्ष का नही है यह दिसम्बर 2023 -24 का है ,हमारी मांग है कि सदन मे 2025-26 का बजट लाया जाया और सदन मे सार्थक चर्चा हो पर ऐसा नही हो रहा महापौर और नगर आयुक्त मनमानी कर रहे है । पार्षदो ने महापौर मुदार्बाद और नगर आयुक्त मुदार्बाद के नारे भी लगाए। नगर आयुक्त विनोद कुमार ने बताया कि सदन की कार्यवाही विधिवत रूप से पूरी हो चुकी है और बजट भी पास हो चुका है. उन्होंने दावा किया कि पार्षदों के विरोध के बावजूद सदन में कामकाज सुचारू रूप से चला.है।

# सुभारती एनएसएस प्रकोष्ठ द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** एनएसएस प्रकोष्ठ स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ और यातायात पुलिस, मेरठ के सौजन्य से "सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**सड़क सुरक्षा जागरूकता में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका-राघवेंद्र कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक यातायात मेरठ**

विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के माखनलाल सभागार में आयोजित इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में श्री राघवेंद्र कुमार मिश्र, यातायात पुलिस अधीक्षक मेरठ थे। साथ ही यातायात पुलिस समेत अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक यातायात ने एनएसएस के स्वयंसेवकों




को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क हादसे वाहन चालकों की लापरवाही के नतीजे हैं। यदि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करेंगे तो इन दुर्घटनाओं में काफी कमी लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों में ज्यादातर मृत्यु ऐसे दुपहिया वाहन चालकों की होती है जो हेलमेट का प्रयोग नहीं करते हैं। उन्होने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक मृत्यु सिर की चोट के कारण होती है। उन्होंने युवाओं को यह संकल्प लेने के लिए भी कहा कि बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन न चलाएं और यदि परिवार का कोई सदस्य शराब पीकर वाहन चलाता है तो उसके साथ यात्रा न करें। राघवेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर चालान किया जाता है और जुमार्ना भी वसूला जाता है। उन्होंने कहा कि युवा सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए आगे आएं क्योंकि आज का युवा ही कल का भविष्य निमार्ता है। आगे बोलते हुए मिश्र ने कहा कि युवा बिना लाइसेंस के कतई वाहन न चलाएं।

उन्होंने चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट के आवश्य रूप से उपयोग पर भी जोर दिया जिससे तेज रफ्तार के दौरान दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि युवा देश की शक्ति हैं यदि वे नियमों का पालन करेंगे तो इससे समाज में सड़क सुरक्षा का व्यापक संदेश जाएगा। उन्होंने एनएसएस के स्वयंसेवकों से कहा कि वे सड़क सुरक्षा कार्यशाला के दौरान कुछ अच्छे स्लोगन भी डिजाइन करें,जिससे समाज में संदेश दिया जा सके।

### अलीगढ़ मंडल में 1 फरवरी से शुरू होगी प्रयोगात्मक परीक्षा

**अलीगढ।** यूपी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथियों में बदलाव किया गया है। अब अलीगढ़ मंडल में यह परीक्षा 1 से 8 फरवरी तक विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। यह निर्णय जेईई मेन्स परीक्षा के कारण लिया गया है, जो 22 से 30 फरवरी तक प्रस्तावित है। डीआई ओएस सर्वदानंद के अनुसार, इस वजह से प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि में बदलाव किया गया है।

### किसानों के लिए फसल बीमा समाधान अब फोन पर उपलब्ध

अलीगढ ।रबी फसलों के बीमा के लिए आवेदन की तिथि समाप्त होने के बाद किसानों को क्लेम में हो रही दिक्कतों का समाधान अब कृषि मंत्रालय ने आसान बना दिया है। अब किसान टोल फ्री नंबर 14447 पर फोन कर या व्हाट्सएप नंबर 7065514447 पर मैसेज भेजकर अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं।

# स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण कार्यक्रम आयोजित, स्वच्छता व नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** तहसील सभागार में स्वामित्व योजना के अंतर्गत बताया कि बपारसी,खिर्वा,बदरुद्दीन नगर मढ़ियाई शाहपुर जैनपुर पाली वलीदपुर महल मवी मीरा एडीओ पंचायत सुनील कुमार के द्वारा डिजिटल मोदी के संबोधन व डिजिटल घरौनी वितरण कार्यक्रम के शुभारंभ का लाइव प्रसारण भी सभी को दिखाया गया। इसके बाद सभी को स्वच्छता व नशा मुक्ति की एडीओ पंचायत सुनील कुमार एडीओ संजीव गिरी,अनिल कुमार, ऋषिपाल आदि मौजूद थे।उधर, तहसील सभागार में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन







घरौनी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सरधना ब्लॉक की ग्राम पंचायत भामौरी, ज्वालागढ़, कुशावली, झिटकरी, मंढियाई में घरौनी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं तहसीलदार अनुराग सिंह ने ग्रामीण वितरित कराई गई।जिसमें ग्रामीणों को पंचायती राज विभाग योजनाओं व कार्यक्रमों का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही विकास लक्ष्यों की जानकारी दी गई।

करीब साढ़े 12 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान भामौरी दिनेश कुमार, झिटकरी प्रधान रिंकू सिंह, मंढियाई प्रधान पुत्र शादाब खान,सचिव अंकित, विजय, अतुल, अजय त्यागी, भूपेंद्र, भुटटो के अलावा बीडीओ बीपी सिंह, व डिजिटल घरौनी वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया।कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष शिवकुमार राणा, मंडल अध्यक्ष आलोक जैन, एसडीएम नारायणी भाटिया, तहसीलदार अनुराग सिंह आदि मौजूद थे।

# अर्जुन अवार्ड लेकर घर पहुंचीं अन्नू रानी का गांव में ढोल नगाड़ों के साथ हुआ भव्य स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी )।** अर्जुन अवार्ड प्राप्त करने के बाद अपने गांव बहादरपुर पहुंचीं जैवलिन थ्रोअर अन्नू रानी का भव्य स्वागत किया गया। ढोल नगाड़ों व पुष्पवर्षा के साथ ग्रामीण अन्नू को घर लेकर पहुंचे जहां अन्नू की मां ने पहले आरती की फिर मुंह मीठा कराया। गांव के बुजुर्गों ने अन्नू को आशीर्वाद देकर उसके उज्वल भविष्य की कामना की।शनिवार दोपहर करीब ढाई बजे अन्नू रानी अपनी थार जीप चलाकर गांव पहुंचीं।

गांव में घुसते ही अन्नू पर फूलों की बारिश शुरू हो गई। अन्नू ने गांव स्थित मंदिर में मत्था टेका और भगवान को नमन किया। यहां के बाद अन्नू पैदल ही अपने घर पहुंचीं। मां मुन्नी देवी ने आरती और तिलक कर अन्नू को गृह प्रवेश कराया। अन्नू के घर पर भी स्वागत कार्यक्रम हुआ जिसमें क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों ने शिरकत की। सभी ने अन्नू को पुष्प भेंटकर आशीर्वाद दिया। अन्नू रानी के पिता अमरपाल सिंह ने सभी का आभार





जताया।वहीं गोल्डन गर्ल अन्नू रानी का मां मुन्नी देवी ने आरती के बाद गृह प्रवेश कराया। आरती करते समय मां भावुक हो गई। मां ने अन्नू को गले लगाया और उसके उज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

**अन्नू का अगला लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप**

अर्जुन अवार्डी अन्नू रानी का अगला लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप है जिसकी तैयारियों में वह जुटी हुई हैं। अन्नू ने युवाओं को संघर्ष कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें तो मंजिल जरूर मिलती है।

दैनिक बुलन्द संदेश संवाददाता जावेद अब्बासी से बातचीत में अन्नू रानी ने बताया कि करियर के शुरूआती समय में उन्हें बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कड़ी मेहनत की जिसका परिणाम आज मिला है। उन्होंने कहा अर्जुन अवार्ड पाना बहुत गर्व की बात है। अन्नू रानी ने बताया कि अगला लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप है जिसके लिए वह कड़ी मेहनत कर रही हैं।

# प्रयास जन सेवार्थ समिति ने जरूरतमंदो को बांटे गर्म कपड़े

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरूरपुर ।** ठंड से गरीबों और असहायों को बचाव के लिए एक तरफ प्रशासन जहां कंबल और अलाव की औपचारिकताओं में उलझा है, वहीं दूसरी तरफ स्वयंसेवी संगठन जरूरतमंदों को गर्म कपड़े और कंबल इत्यादि बांटने में जुट गए हैं।स्वयंसेवी संगठन ह्यप्रयास जन सेवार्थ समिति ह्ग्रुप ने रविवार को कस्बा हर्रा में बूढ़े-बच्चे, महिला-पुरुष आदि गरीब व जरूरतमंद लोगों को नए गर्म कपड़े वितरण कार्यक्रम का आयोजन कया गया।कार्यक्रम के मुख्यतिथि भारतीय किसान यूनियन (किसान सभा )के जिलाध्यक्ष निखिल राव व बेनजीर होटल के संचालक मौलाना सद्दाम रहे।जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में आमिर चौहान व शौकत अली रहे। प्रयास जन सेवार्थ समिति ने अमानिया पब्लिक स्कूल के प्रांगण में गर्म सूट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाकियू किसान सभा के जिला अध्यक्ष निखिल राव व समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष आस मोहम्मद चौहान द्वारा कस्बा हर्रा,खिवाई व पाँचली के 500 से ज्यादा जरूरतमंदो को गरम सूट वितरित किए।कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद को सर्दी से राहत देने के लिए किए गए समिति के इस प्रयास की सभी ने सराहना की। गरम कपड़े पाकर







महिलाओं के चेहरों पर खुशी झलक उठी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाकियू जिलाध्यक्ष निखिल राव ने किसानो और जरूरतमंदों के लिए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष आस मोहम्मद चौहान ने कहा की समिति का मुख्य उद्देश्य गरीब बेटियों की शादी, बच्चों की शिक्षा और जरूतमंदो की मदद करना हैं।इस अवसर पर नूरे प्रधान,अलीमुद्दीन,हमजा,जावेद,मो अली,मुजम्मिल,सहजादी आदि मौजूद रहें।

# एएमयू ने 76वें गणतंत्र दिवस समारोह की शुरूआत मिनि मैराथन के साथ की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अमुवि में आज कड़कड़ाती ठंड और कोहरे की धुंध के बीच यूनिवर्सिटी के एथेलेटिक्स मैदान पर आयोजित मिनि मैराथन में बड़ी संख्या में शामिल होकर छात्र छात्राओं ने देश भक्ति और एकता का संदेश देते हुए विवि में सप्ताह भर के गणतंत्र दिवस समारोह की शुरूआत की जो 26 जनवरी को स्ट्रेची हाल में आयोजित होने वाले एक भव्य समारोह के साथ संपन्न होंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन एएमयू की कुलपति प्रो नईमा खातून ने किया। उन्होंने एएमयू रजिस्ट्रार मोहम्मद इमरान आईपीएस और अन्य विश्वविद्यालय अधिकारियों के साथ मैराथन को हरी झंडी दिखाई। कुलपति ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए एकता और फिटनेस के मूल्यों पर जोर दिया।उन्होंने कहा, ह्लयह मिनी-मैराथन केवल एक दौड़ नहीं है बल्कि यह उस लचीलेपन और एकता का प्रमाण है जो हमारे राष्ट्र को परिभाषित करता है। उन्होंने कहा कि आइए हम 76वें गणतंत्र दिवस का जश्न मनाते हुए इस भावना को आगे बढ़ाएं। उन्होंने यह भी आश्वस्त कि सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा के प्रतीक के रूप में भागीदारी के प्रमाण पत्र प्राप्त होंगे।मिनी मैराथन में धावकों के रूप में एएमयू रजिस्ट्रार, मोहम्मद इमरान (आईपीएस), और संकाय सदस्य प्रोफेसर पूनम चैहान भी एएमयू छात्रों का मनोबल बढ़ाने के लिए शामिल हुईं। छात्रों की दौड़ एथलेटिक्स ग्राउंड से प्रारंभ होकर डक प्वाइंट सेंटेनरी गेट, शमशाद मार्केट, तस्वीर महल, एके तिब्बिया कालिज अस्पताल, लाल डिग्गी सर्किल और शिक्षा विभाग होती हुई 6 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए एथेलेटिक मैदान पर समाप्त हुई।





जबकि लड़कियों की 4 किलोमीटर की दौड़ डक प्वाइंट, वाइस-चांसलर लॉज, बाब-ए-सैयद गेट, यूनिवर्सिटी सर्कल और शिक्षा विभाग से होते हुए ऐथेलेटिक्स मैदान पर संपन्न हुई।मिनि मैराथन के बालक वर्ग में कमर आबिदीन प्रथम, हैदर अब्बास द्वितीय और कृष्णा सिंह तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में, पूर्णिमा शर्मा ने शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि वंशिका राज और सारिका शर्मा ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। विजेताओं को 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।खेल समिति के सचिव प्रो. एस. अमजद अली रिजवी ने विजेताओं की घोषणा की और मेहमानों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन मजहरुल कमर ने किया।इस अवसर पर प्रो. एम. वसीम अली, प्रो. जकी अनवर सिद्दीकी, प्रो. शकील अहमद, प्रो. मोहम्मद शमीम और प्रो. जी.एस हाशमी डॉ. जमील अहमद अहमद सहित गेम्स कमेटी के उप निदेशक अनीस उर रहमान खान, सहायक निदेशक अरशद महमूद तथा बुशरा गयाज सहित एएमयू स्कूलों के एथलेटिक और व्यायाम शिक्षक भी मौजूद रहे।

# किनौनी शुगर मिल में काम करते समय मजदूर की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रोहटा।** थाना क्षेत्र के गाँव किंनौनी में स्थित बजाज चीनी मिल पर एक दर्दनाक हादसा सामने आया।गन्ने की खोई उतारते समय खोई में दब जाने के बाद लोडर की चपेट में आ जाने से मजदूर की मौत हो गई।

मृतक की पहचान कस्बा खिवाई निवासी साजिद पुत्र जुल्फेकर(30) थाना सरूरपुर जिला मेरठ के रूप में हुई है। घटना शुक्रवार की देर रात लगभग 8 बजे उस समय हुई जब ट्रक से खोई उतार रहा था।

ट्रक से खोई उतरते समय मजदूर खोई के नीचे दब गया। खोई के नीचे दब जाने के बाद खोई को फैलाने के लिए इस्तेमाल होने वाले लोडर की चपेट में



मृतक साज़िद की फाइल फोटो

आ जाने से मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। चीनी मिल के स्टाफ तुरंत घायल मजदूर को अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।घटना की जांच की जा रही है।मृतक साजिद अपने परिवार के जीवन यापन का एकमात्र सहारा था। साजिद के परिवार में पत्नी कमर जहां(29) तीन बेटियां शिफा(9)सुमैयला(5) नजीरा(3) दो बेटे और शाकिब(7) व अफफान(1) वर्ष हैं। साजिद की मौत की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। शनिवार देर रात साजिद को गमगीन माहौल में सुपर्द ऐ खाक किया गया।

**आयोजन** गीतकार डॉ.अवनीश राही के गीतों में "नीरज" की खुशबू- भाग्यश्री

# गीतकार डॉ.अवनीश राही "साहित्य शिरोमणि शब्द सम्मान" से विभूषित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** फेव फेयर्स इन्टरनेशनल ऑर्गनाइजेशन एण्ड थ्री फिंगर्स एंटरटेंमेंट लिमिटेड मुंबई" के संयुक्त तत्वावधान में "विश्व हिन्दी दिवस" के साहित्यिक पखवाड़े में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन नई दिल्ली स्थित ईरॉस पांच सितारा होटल में रखा गया। जिसमें देश-विदेश की विविध प्रतिभा सम्पन्न शख्सियतों ने भाग लिया। अलीगढ कला और साहित्यकारों की जननी रही है, जिसने अलीगढ़ को बड़े-बड़े मूर्धन्य कलमकार दिये हैं जैसे शहरयार,रविन्द्र जैन और नीरज। अब उसी राह पर "राही" भी निकल पडे हैं। और अपने 40 वर्षों की मैराथन लेखन यात्रा पार कर, नित नये परवान चढ़ रहे हैं। यहां तक कि सुपरहिट फिल्म "मैंने प्यार किया" की बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री ने भी कहा कि हमें मेलोडी किंग कुमार सानू और अनुराधा पौड़वाल के स्वरों से सजा गीतकार डॉ. अवनीश राही का बहुचर्चित म्यूजिक एलबम "महाकारुणिक दा लॉर्ड बुद्धा" बेहद पसंद है। इसे सुनकर मन को एक अलग ही सुकूनों-शांति की अनुभूति होती है।

अलीगढ के विद्यावाचस्पति डॉक्ट्रेट की मानद् उपाधि से विभूषित साहित्यकार भारत विभूषण डॉ.अवनीश राही को उनके द्वारा साहित्य व बॉलीवुड दोनों ही विधाओ में निरन्तर व



समान रूप से उत्कृष्ट गीत-सृजन में अतुलनीय योगदान हेतु "साहित्य शिरोमणि शब्द सम्मान-2025" के राष्ट्रीय पुरस्कार से विभूषित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रहीं बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री ने गीतकार डॉ.अवनीश को शॉल ,मेडल पहनाकर, स्मृति-चिन्ह सहित "साहित्य शिरोमणि शब्द सम्मान-2025" की उपाधि से विभूषित किया। और कहा कि गीतकार डॉ.अवनीश राही सस्ती लोकप्रियता के लिए अपने गीतों में और गीतकारों की तरह फूहड़ता नहीं परोस रहे बल्कि मानवीय मूल्यों को ऊपर रख, जन मानस की पीड़ा को लिख रहे और गा रहे हैं।और यही एक सच्चे गीतकार और साहित्यकार का धर्म भी है। हीरालाल बारहसैनी कालेज में व्याख्याता पद पर आसीन गीतकार डॉ.अवनीश राही ने कहा कि यह सम्मान समस्त साहित्य प्रेमियों को समर्पित करता हूं। अभी तक ये जितने भी सम्मान या पुरस्कार मिले हैं उनसे मैं बहुत ही अभिभूत हूँ और उसके लिए मैं अपने अलीगढ वासियों के साथ-साथ अपने तमाम चाहने वालों का भी आभार व अभिवादन व्यक्त करता हूँ। लेकिन ये भी सच है कि इन पुरस्कारों और सम्मानों के मिलने से मेरी जिम्मेदारी पहले से कहीं और ज्यादा बढ गयी है। और आगे कहा कि ये सम्मान व पुरस्कार मेरे पिता साहित्यकार अमर सिंह राही द्वारा दी गयी शिक्षा और संस्कृति का ही प्रतिफल है जो सदैव मेरे ह्दय के करीब रहेंगे।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के 'परिणाम के साथ किया पुरस्कार वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** रविवार को नगर के ब्रजनगर स्थित भोलेनाथ भवन में श्री नारायण सेवा समिति के तत्वावधान में माह दिसंबर में संपन्न हुई "सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता" के 'परिणाम की घोषणा, पुरस्कार वितरण समारोह' धूमधाम से आयोजित किया गया । सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों द्वारा एवं समिति के पदाधिकारियों द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण तथा पुष्पार्पण कर वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । समिति प्रबंधक हरीश कठेरिया द्वारा समिति की प्रगति आख्या प्रस्तुत की गई । तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों का परिचय एवं उनका स्वागत अभिनंदन माला एवं पटके पहना कर किया गया । मुख्य अतिथि ब्रजगोपाल गुप्ता एवं डॉ. राजकुमार गोयल ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है । कवयित्री शांति राणा 'शांति' एवं कवि विकास मिश्रा ने अपने




शांत रस एवं ओजपूर्ण काव्यपाठ से शमां बांध दिया। विशिष्ट अतिथियों में दिनेश पाल सिंह प्रधानाचार्य तथा शांति राणा रहीं । तत्पश्चात अध्यक्षता सुभाष वार्ष्णेय भोलेनाथ ने की तथा संचालन सुखपाल सिंह 'गौर' ने किया । तत्पश्चात प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। वर्गों का परिणाम घोषित किया गया । डॉ. बी.आर. अंबेडकर जू. हा. स्कूल की प्रिया कुमारी प्रथम तथा ललित कुमार द्वितीय स्थान पर रहे । सेंट थॉमस पब्लिक स्कूल के सूर्यांश यादव ने प्रथम तथा अंतरिक्ष कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । नवोदय विद्या मंदिर की मान्या सैनी द्वितीय तथा आदित्य ने तृतीय स्थान हासिल किया । लाला सोहन लाल सरस्वती शिशु मंदिर की रुक्मिणी प्रजापति ने प्रथम स्थान पाया । इसके साथ ही उक्त विद्यालयों के अतिरिक्त आर. एस. इंटर कॉलेज, एफ. आर. इंटर कॉलेज एवं भोलेनाथ पब्लिक के स्कूल विद्यार्थियों को अनेक सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए । इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में सहयोग करने वाले कक्ष निरीक्षक, परीक्षक तथा अन्य सहयोगियों का भी सम्मान किया गया । पुरस्कारों में प्रशस्ति पत्र, शील्ड, मेडल व पैन प्रदान किए गए । पुरस्कार वितरण मंचासीन अतिथियों सुभाष वार्ष्णेय, डॉ. राजकुमार गोयल, शांति राणा, ब्रजगोपाल गुप्ता, दिनेशपाल सिंह एवं समिति के पदाधिकारियों के कर कमलों द्वारा किया गया । संख्या अनुसार विद्यालयों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय तथा कॉपी निरीक्षण करने वालों को भी पुरस्कृत किया गया । अध्यक्षता सुभाष वार्ष्णेय ने की तथा संचालन सुखपाल सिंह गौर एवं हरीश कठेरिया एड. ने संयुक्त रूप से किया । इस अवसर के.जी. गुप्ता, डॉ. जयशंकर दुबे, विपिन गुप्ता, आरती सिंह, कमलजीत, शालू, डॉ. आशीष यादव, कंचन रानी, विकास मिश्रा, वंदना गर्ग, अवधेश, रामबाबू, सत्येंद्र सिंह, विशेष कुमार, नीलेंद्र सिंह, राहुल सैनी, राकेश मिश्रा, शाहनवाज, हरेंद्र सिंह व राजकुमारी आदि उपस्थित रहे ।

# एंजेला फाउंडेशन ने डांसिंग स्टार ऑफ बरेली का किया भव्य आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (आशू बेग)** । एंजेला फाउंडेशन ने शहर के जीआईसी




मैदान में डांसिंग स्टार ऑफ बरेली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया, जिसमें युवाओं ने अपनी कला और नृत्य प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। यह आयोजन बरेली के सांस्कृतिक जीवन में एक यादगार अध्याय के रूप में दर्ज हुआ। कार्यक्रम में रामपुर, बदायूं,लखीमपुर खीरी समेत हरियाणा से आए बच्चों को ने प्रतिभाग से किया।

**मुख्य अतिथियों ने बढ़ाया आयोजन का मान**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक यातायात मोहम्मद अकमल खान और एसडीएम मीरगंज त्रप्ति गुप्ता ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे मंच न केवल प्रतिभा को निखारते हैं, बल्कि आत्मविश्वास और सफलता के नए अवसर भी प्रदान करते हैं।

**खास मेहमान और जज बने आकर्षण का केंद्र**

प्रतियोगिता के जज के रूप में इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 1 के विजेता टाइगर पॉप और प्रसिद्ध यूट्यूबर अल जासर उपस्थित रहे। इन दोनों कलाकारों ने अपने अनुभव और सुझावों से प्रतिभागियों को प्रेरित किया। टाइगर पॉप ने प्रतिभागियों को बताया कि कैसे दृढ़ संकल्प और मेहनत से सपनों को साकार किया जा सकता है।

**एंजेला फाउंडेशन की पहल**

इस आयोजन की शुरूआत एंजेला फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा के नेतृत्व में की गई। सुधा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य शहर की युवा प्रतिभाओं को एक ऐसा मंच देना है, जहां वे अपने कौशल को प्रदर्शित कर सकें और बड़े स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।

**प्रतिभागियों का जोरदार प्रदर्शन**

प्रतियोगिता में बरेली और आसपास के क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। नृत्य की विभिन्न शैलियों में हुए प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। जजों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को विशेष रूप से सराहा और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के अंत में एंजेला फाउंडेशन की सुधा ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि एंजेला फाउंडेशन भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के जरिए युवाओं को प्रोत्साहन देता रहेगा। यह आयोजन युवाओं के सपनों को हकीकत में बदलने की दिशा में एक अहम कदम साबित हुआ।

# पुलिस ने वांछित अभियुक्त किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना चन्दौसी पुलिस द्वारा 21 जुलाई को थाना चन्दौसी पर वादी सतीश कुमार पुत्र हरपाल सिंह निवासी अल्लीपुर बुजुर्ग थाना बनियाठेर जनपद सम्भल की तहरीर सूचना पर अभियुक्तों द्वारा वादी व वादी के भाई योगेन्द्र के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार कर वादी की जमीन का धोखाधडी पूर्वक फर्जी बैनामा करा लेने के सम्बन्ध में थाना चन्दौसी पर मु0अ0सं0 321/2024 धारा 420/467/468/471 भादवि पंजीकृत किया गया था। जिसमे रविवार को थाना चन्दौसी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 321/2024 धारा 420/467/468/471/120बी भादवि में वांछित अभियुक्त शाहरूख खान पुत्र ताबिस खान निवासी मौ0 राज कस्बा व थाना चन्दौसी जनपद सम्भल को कम्पनी बाग चन्दौसी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में मौजूद रहे। उप निरीक्षक संदीप कुमार कांस्टेबल मुकुल कुमार।



# सुंदरकांड पाठ की चौपाइयों ने श्रद्धालुओं को किया मंत्रमुग्ध!

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** रविवार को नगर के स्टेशन रोड स्थित संयुक्त चिकित्सालय परिसर में बने महामृत्युंजय मंदिर में श्री भूमानंद सेवा ट्रस्ट द्वारा 1087वें संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जहां सर्वप्रथम डॉ योगेंद्र प्रसाद जोशी ने सुंदरकांड पाठ में विधिवत पूजन संपन्न कराया। साथ ही सुंदरकांड में के.जी शर्मा ने गणेश वंदना, गणेश वंदना, हनुमान चालीसा व बजरंगबाण का मनोहारी वाचन किया। इसके पश्चात अजय सक्सेना व रमेश ग्रेवाल ने सुंदरकांड पाठ की चौपाइयों का विधिवत वर्णन किया। साथ ही सुंदरकांड पाठ की चौपाइयों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भजनों की श्रृंखला में के .जी शर्मा ने तेरे द्वार खड़ा भगवान, भगत भर दे रे झोली, अजय सक्सेना ने श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, सुन कर सभी भक्तों को मंत्र मुक्त कर दिया। इस दौरान ढोलक पर राजू शर्मा ने संगत दी। आयोजन में योगेंद्र प्रसाद जोशी, कल्पना



वार्ष्णेय जे .एन मिश्रा, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, राजकुमार सक्सेना, कपिल शर्मा, सुरेश चंद शर्मा, संजीव शर्मा, रामकिशन अग्रवाल, सूरज पाराशरी, अनिल शर्मा, सर्वेश गुप्ता, सुनील गुप्ता, अनुज शर्मा, विजय शर्मा, अभिषेक गुप्ता, आदि लोग उपस्थित रहे।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक 19 जनवरी को बरेली में, कुतुबखाना पुल के अतिक्रमण का मुद्दा रहेगा प्रमुख

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल (पंजीकृत) की प्रांतीय कार्यकारिणी समिति की बैठक 19 जनवरी 2025, रविवार को बरेली में आयोजित की जाएगी। यह बैठक सुबह 11 बजे ह्लडेस्टिनेशन बिल्डिंगह्ल, 614, जनकपुरी, बरेली में होगी। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष श्री बनवारीलाल कंडेल करेंगे।

**बैठक के मुख्य बिंदु:**

1. कुतुबखाना पुल के नीचे अतिक्रमण की समस्या पर विशेष चर्चा।
2. व्यापारियों की अन्य समस्याओं पर विचार-विमर्श।
3. पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि।
4. सभी जिलों से प्राप्त समस्याओं पर केंद्रीय चर्चा।
5. व्यापारियों से 18% ब्याज दर पर लेट रिटर्न शुल्क वसूलने के विरोध पर निर्णय।
6. पंजीकृत व्यापारियों को 10 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा और 25 लाख तक का दुर्घटना बीमा प्रदान करने के लिए तिथि निर्धारण।
7. ऑनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में रणनीति बनाने पर विचार।
8. आयकर छूट सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 7 लाख करने के लिए सुझाव।




**कुतुबखाना पुल अतिक्रमण का मुद्दा रहेगा प्रमुख:**

बैठक में बरेली के कुतुबखाना पुल के नीचे बढ़ते अतिक्रमण की समस्या को प्रमुखता से उठाया जाएगा। व्यापारियों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित हो रहा है और व्यापार प्रभावित हो रहा है। इस मुद्दे पर प्रदेश स्तरीय चर्चा के बाद समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

**विशेष निर्देश**

सभी पदाधिकारियों और व्यापारियों के ठहरने की व्यवस्था नजदीकी होटलों में की गई है। संपर्क हेतु पदाधिकारियों के नंबर भी जारी किए गए हैं। यह बैठक व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और संगठन की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# भव्य रूप से होगा उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन, प्रशासन ने तैयार की रूपरेखा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूँ।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव में कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आगामी 24 जनवरी को आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश दिवस के आयोजन की तैयारी के संबंध में आहुत बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को भव्य रूप से उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन कराने के लिए कहा। उन्होंने 25 जनवरी को मतदाता दिवस व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के आयोजन के संबंध में भी दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योग विभाग की योजना से प्राप्त ई-रिक्शा की रैली को 24 जनवरी उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जाएगा। उन्होंने विभिन्न विभागीय अधिकारियों को शासन स्तर से निर्धारित दायित्वों का सफलतापूर्वक निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश 2025 के आयोजन की थीम विकास



विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इसी थीम पर निर्धारित कार्यक्रमों जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं, रोड शो व संगोष्ठी आदि का आयोजन कराने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य की स्थापना 24 जनवरी 1950 को हुई थी। इस दिन प्रदेश का नाम संयुक्त प्रांत से बदलकर उत्तर प्रदेश रखा गया था। वर्ष 2018 से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के स्थापना को भव्यपूर्ण ढंग से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने 24 जनवरी से 26 जनवरी तक त्रिदिवसीय आयोजन सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा जन सहभागिता के सहयोग से मनाए जाने के लिए कहा।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि डायट ऑडिटोरियम में 25 जनवरी को मतदाता दिवस का आयोजन गौरवपूर्ण ढंग से किया जाए। इस दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया जाए। वही उन्होंने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के आयोजन के संदर्भ में भी दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 वैभव शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# कोर्ट स्टे होने के बावजूद भी बेची जमीन, 5 नामदर्ज व अज्ञात पर केस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव वीरमपुर में एक व्यक्ति के द्वारा गांव स्थित एक जमीन को कोर्ट से स्टे होने बावजूद भी फर्जी तरीके से बेचने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित द्वारा कोर्ट की शरण में जाने पर कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने 5 नामजद सहित कुछ अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




पुलिस के मुताबिक, दनकौर के गांव मोहम्मदपुर गुर्जर निवासी भान सिंह की गांव वीरमपुर में खेती की जमीन है। उक्त जमीन को लेकर उनका दूसरे पक्ष से सिविल कोर्ट जेवर में विवाद चल रहा है। विवाद का निस्तारण होने तक कोर्ट ने उक्त जमीन पर स्टे आर्डर जारी किया हुआ है। आरोप है कि, कोर्ट से स्टे होने के बावजूद भी दूसरे पक्ष ने अवैध तरीके से कागजों में फजीर्वाड़ा कर मई 2024 में उक्त जमीन को बेच दिया। आरोप है कि, अब आरोपी दंबगई के बल पर जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने नामजद आरोपी मोहम्मद जिशान निवासी मुम्बई, रामकुमार निवासी रबूपुरा, पिंटू व संदीप निवासी गांव म्याना और गांव वीरमपुर निवासी अजय सहित कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शारिक साठा के गैंग ने हिंसा के दौरान की थी फायरिंग, दस गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल।** शहर की शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा में पुलिस सीसीटीवी और अन्य माध्यमों से लगातार हिंसा में शामिल आरोपियों की तलाश कर रही है। चार महिलाओं समेत 60 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। रविवार को पुलिस ने हुसैनी रोड, नखासा निवासी मुल्ला अफरोज को भी गिरफ्तार कर लिया। मुल्ला अफरोज, शारिक साठा गैंग का सक्रिय सदस्य है। इसी गैंग के सदस्यों ने भीड़ में शामिल होकर पुलिस पर फायरिंग की थी। जिसमें बिलाल और अयान की मौत हुई थी। पुलिस को मुल्ला अफरोज के पास 32 बोर की पिस्टल और तीन कारतूस भी बरामद किए हैं। उसकी निशानदेही पर पुलिस से लूटे गए 15 ब्लैंक कारतूस और तीन चार्जर क्लिप भी बरामद किए हैं। रविवार को पुलिस ने पथराव में शामिल नौ और आरोपियों को भी दबोचा। इनमें देहली दरवाजा निवासी तहजीब, अजहर अली, और असद को फतेहउल्ला सराय चौराहे से गिरफ्तार किया गया। वहीं कागजी सराय निवासी दानिश, शुऐब और आलम व मोहल्ला जगत निवासी मोहम्मद दानिश, आलम सराय निवासी शाने आलम को अलकदीर चौराहे से तो कोट गर्वी निवासी बाकिर को एक मीनार वाली मस्जिद के पास से दबोचा है।



24 नवंबर को जामा मस्जिद में उपद्रवियों द्वारा हिंसा को अंजाम दिया गया था। मामले में अभी तक 60 बवालियों को जेल भेजा जा चुका है। रविवार को 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इन सभी की पहचान सीसीटीवी फुटेज और वीडियो के माध्यम से की गई है। अन्य की तलाश अभी जारी है।

**श्रीशचंद, अपर पुलिस अधीक्षक, संभल।**

जागरूकता रैली

## नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन

# सुरक्षित यातायात अभियान के तहत बच्चों ने निकाली गई जागरूकता रैली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** यातायात सुरक्षा को लेकर काकोरी ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों एवं यूथ क्लबों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने रविवार को नेहरू युवा केंद्र लखनऊ के सहयोग से युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा-जागरूकता अभियान के अंतर्गत विकास खण्ड काकोरी स्थिति शीतला माता मंदिर से काकोरी बाजार होते हुए हौदा तालाब तक सड़क सुरक्षा रैली निकाली गई।






कार्यक्रम में काकोरी नगर पंचायत अध्यक्ष रोहित साहू ने युवाओं को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करते हुए रैली में शामिल बच्चों को यातायात के नियमों को समझाते हुए सड़क दुर्घटनाओं से बचने एवं नियमों का उल्लंघन करने पर दंडित किए जाने के बारे में जानकारी प्रदान की।इसके पश्चात मुख्य अतिथि चेयरमैन काकोरी रोहित साहू ने हरी झंडी दिखाकर यातायात रैली को रवाना किया।रैली में अलग-अलग ग्राम पंचायतों के स्कूलों के छात्र-छात्राओं यूथ क्लबों के सदस्यों ने हाथ में स्लोगन लिखे बैनर लेकर "सड़क सुरक्षा,जीवन रक्षा" का नारा देते हुए जनसमूह को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया।वही कार्यक्रम में शामिल पूर्व सैनिक अजीत कुमार प्रबन्धक एएस डिफेन्स एकेडमी ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। यातायात, सड़क सुरक्षा जागरूकता, कार्यक्रम में चौकी प्रभारी कस्बा काकोरी राज बहादुर सिंह,आरक्षी शौरभ मिश्रा, ग्रामीण पत्रकार कल्याण समिति उत्तर प्रदेश चेयरमैन एवं सहकारी संघ लिमिटेड काकोरी सभापति केशरी राव धारा सिंह यादव पत्रकार, दीपक यादव,मंजू सिंह महिला समिति अध्यक्ष एकल अभियान, शिवकुमार यादव ग्राम प्रधान रेवरी,ओम यादव,रंजीत समेत विकास खण्ड काकोरी के सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल रहे।विकास सिंह जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र लखनऊ के संरक्षण में कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया गया।

# योगी राज मे गाँधी चबूतरा, कुआँ तथा प्याऊ की भूमि पर किया जा रहा दबंगों द्वारा कब्जा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** वर्ष 1947 में तत्कालीन

> **जनपद संभल में मुख्यमंत्री योगी जी महाराज पुराने कब्जों को कब्जामुक्त करा रहे है और प्रशासन इस अवैध कब्जे को मुक्त कराकर ग्राम समाज को पुनः स्थापित कराएगा।**

ग्राम प्रधान द्वारा गाँधी चबूतरा बनवाया गया था जिस पर राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण भी किया जाता था इसके साथ साथ श्री हरनारायण जी ने इसी जगह के उत्तर पूर्व हिस्से पर कुआँ तथा प्याऊ का निर्माण कराया तथा आज भी एक शिलापट स्मरण के तौर स्थापित है जिस पर "एक कुआँ तथा प्याऊ लाला हरनारायण जी मुनीम पुत्र गुलाबराय जी ने धर्मार्थ निर्माण कराया सन १९४८ संवत २००५ वि" अंकित है



लेकिन भूतपूर्व ग्राम प्रधान राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता तथा इनके दबंग पुत्रों ने इस गाँधी चबूतरे पर धीरे धीरे करके काफी सालों से कब्जा किया हुआ है। कुछ माह पूर्व कुआँ पर आरसीसी की छत डालकर एक मंदिर का रूप दे कर उसपर भी कब्जा करने की कोशिश जारी है। मंदिर का आकार गुमटी नुमा होता है किन्तु यहाँ एक कमरे का रूप दिया गया है जिससे कि भविष्य में इसके ऊपर भी निर्माण कार्य किया जा सके तथा प्याऊ पर अपना ताला लगाकर पहले से ही कब्जा कर रखा है। वर्तमान में भी दीवार लगाकर कब्जा किया जा रहा है। दबंग होने के नाते गाँव में सामने आकर कोई इनका विरोध नहीं कर पाता है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# गलगोटिया विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों को महामहिम राष्ट्रपति द्वारा अर्जुन अवॉर्ड से किया गया सम्मानित

**गलगोटिया विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को महामहिम राष्ट्रपति द्वारा अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किये जाने पर पूरे विश्वविद्यालय के लिये गर्व की बातः सुनील गलगोटिया**

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दनकौर।** अभी हाल ही में पेरिस में सम्पन्न हुए 2024-पैरालंपिक खेलों में पदक जीतकर देश का और अपने विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने वाले गलगोटियास विश्वविद्यालय के बी० ए० के छात्र राकेश कुमार ने तीरंदाजी में कांस्य पदक जीतकर, सौ और दो-सौ मीटर की दौड़ में एम बी ए की छात्रा प्रीति पाल ने दोनों में एक-एक कॉस्य पदक जीतकर, गलगोटिया विश्वविद्यालय की ही एम ए की छात्रा सिमरन शर्मा ने दो-सौ मीटर की दौड़ में कॉस्य पदक जीतकर भारत का और अपने गलगोटिया विश्वविद्यालय का खूब नाम रोशन किया था। उसी परिप्रेक्ष्य में भारत के इन महान खिलाड़ियों और गलगोटिया विश्वविद्यालय के इन तीनों होनहार प्रतिभावान विद्यार्थियों को 17 जनवरी-2025 को महामहिम राष्ट्रपति जी के द्वारा देश के उच्चकोटि के सम्मान अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया गया। जब इन खिलाड़ियों को महामहिम ने अर्जुन अवार्ड से सम्मानित कर रहीं थीं तब उस समय राष्ट्रपति भवन का पूरा दरबार-हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। व्हील चेयर और बैसाखियों के सहारे अवार्ड ग्रहण करने वाले खिलाड़ियों के लिये राष्ट्रपति जी स्वयं आसन छोड़कर सम्मानित करने आईं। ये सभी खिलाड़ी वो भारत देश की वो महान प्रतिभाएँ हैं जो ग्रामीण आँचलों के निकल कर आयी हैं। जिन्होंने अपने कठिन परिश्रम और पूरी निष्ठा के बल पर अपने एक बड़े सपनों को साकार रूप दिया है। इस अवसर पर गलगोटिया विश्वविद्यालय के चॉसलर सुनील गलगोटिया ने तीनों प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सहृदयी शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हमारे देश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने एक बार फिर से अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और अनुशासन का परिचय देते हुए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उसके लिये सभी बँधाई के पात्र हैं। इन्होंने हमारे देश का और हमारे विश्वविद्यालय का मान तो बढ़ाया ही है, बल्कि लाखों युवाओं के लिए ये सभी खिलाड़ी एक प्रेरणा का स्त्रोत भी बने हैं। हम इन सभी खिलाड़ियों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई देते हैं और ईश्वर से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। गलगोटियास विश्वविद्यालय के सीईओ डा० ध्रुव गलगोटिया ने अपने तीनों विद्यार्थियों के लिये कहा कि उनकी इस सफलता के पीछे उनके परिवार, उनके कोच और गलगोटिया विश्वविद्यालय के सीनियर स्पोर्ट्स ऑफि सर प्रशांत भारद्वाज और उनके सहयोगियों का समर्थन और परिश्रम भी बहुत ही महत्वपूर्ण रहा है। आगे उन्होंने कहा कि यह समय केवल जश्न मनाने का ही नहीं है, बल्कि आगे के लिए और अधिक कड़ी मेहनत करने का भी है। हमें विश्वास है कि ये खिलाड़ी भविष्य में भी इसी प्रकार से अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और देश को गर्व महसूस कराएंगे।और भविष्य में ये नये से नये कीर्ति मानों की स्थापना करके अपने राष्ट्र और अपने गलगोटियास विश्वविद्यालय का नाम पूरी दुनिया में रोशन करेंगे। मैं इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।





# विख्यात वैदिक विद्वान डॉ.टोनी नागर पंडित तिलकराज शर्मा स्मृति पुरस्कार से सम्मानित

**नई दिल्ली।** विश्व विख्यात वैदिक विद्वान न्यूरोलॉजिस्ट एवं महर्षि महेश योगी फाउंडेशन के वैश्विक नेता डॉ टोनी नागर को स्व.पंडित तिलक राज शर्मा स्मृति में प्रति वर्ष दिए जाने वाले विश्व शांति पुरस्कार (सम्मान राशि 1 लाख 1 हजार रुपए) से सम्मानित किया गया। लाल बहादुर शास्त्री विश्वविद्यालय दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में ट्रस्ट के अध्यक्ष बहुआयामी शख्सियत, प्रख्यात समाजसेवी, उद्यमी, अमेरिका प्रवासी डॉक्टर इंद्रजीत शर्मा ने विख्यात वैदिक विद्वान डॉ.टोनी नागर को विश्व शांति पुरस्कार से विभूषित किया।

पुरस्कार स्वरूप एक लाख एक हजार की राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर डॉक्टर टोनी नगर की पुस्तक चेतना्ञल्लरूञ४२ल्ली२२ एवं शोध पत्रिका का भी लोकार्पण किया गया। उल्लेखनीय है कि महान समाजसेवी स्व.पंडित तिलक राज शर्मा के पद चिन्हों पर चलते हुवे उनके पुत्र एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. इंद्रजीत शर्मा गत दो दशक से सामाजिक समरसता एवं उत्थान, नारी सशक्तिकरण,पर्यावरण,हिंदी भाषा और साहित्य के उन्नयन एवं संवर्द्धन के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। डॉ.इंद्रजीत शर्मा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा गत 10 वर्ष में दुनिया के एक लाख से अधिक विशिष्टजनों को सम्मानित किया गया है।सम्मान पाने वालों में पद्म श्री, पदम भूषण से सम्मानित विशिष्ट शख्सियतों के साथ साथ समाज सेवा,साहित्य, पर्यावरण, बालिका शिक्षा,नारी सशक्तिकरण, खेल,आदि विभिन्न कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को पंडित तिलकराज शर्मा स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।इसके अलावा ट्रस्ट के द्वारा पब्लिक लाइब्रेरी, कंप्यूटर शिक्षा, महिलाओं को स्वरोजगारमुखी बनाने के लिए सिलाई केंद्र एवं वृद्धजनों के लिए रिक्रिएशन सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष 100 कन्याओं का सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर प्रख्यात वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. बी.एल. गौड़, स्वामी आशीष ब्रह्मचारी,डॉ. एम.एम. पाठक (कुलपति), संभ्रांत शर्मा, डॉ. डी.ओ. त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में विशिष्ठजन उपस्थित रहे।।


स्व.पं.तिलकराज शर्मा

# ग्राम पंचायतों में अन्त्येष्टि स्थलों का निर्माण शीघ्र पूर्ण करायेः अटल कुमार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** विकास भवन के सभागार में निदेशक पंचायती राज अटल कुमार ने पंचायती राज विभाग के संचालित योजनाओं जैसे 15वें वित्त/राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों से प्राप्त धनराशि के आय व्यय की समीक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया।

**निदेशक ने ग्राम पंचायत धौलाना व जादौन में विकास कार्यों का निरीक्षण किया**

निदेशक पंचायती राज अटल कुमार ने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद की जिन ग्राम पंचायत क्षेत्रों में अन्त्येष्टि स्थल निर्माण कार्य चल रहा है,तेज गति से कार्य पूर्ण कराने,व्यक्तिगत शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण,रेट्रो फिटिंग का कार्य समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही 15वे वित्त एवं राज्य वित्त की धनराशि के व्यय पर निदेशक महोदय द्वारा सराहना की गयी,इसके अलावा सीडीओ हिमांशु गौतम के साथ विकास खंड धौलाना की ग्राम पंचायत धौलाना में निर्मित आर0आर0सी0 एवं ग्राम पंचायत जादौपुर में जिला पंचायत के द्वारा कराये गये निर्माण कार्यो का भी निरीक्षण किया गया। जिसके सम्बन्ध में मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मनीष कुमार उपनिदेशक,शिव बिहारी शुक्ला जिला पंचायत राज अधिकारी,आरती मिश्रा अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत,अपार गहलौत समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण,मुनीर्बुहमान जिला परियोजना प्रबन्धक,बिशन बाबू सक्सैना सहायक विकास अधिकारी,संजय कुमार सहायक विकास अधिकारी,शिवम् पान्ड्ेय सहायक विकास अधिकारी,अमित कुमार सहायक विकास अधिकारी,रविन्द यादव अवर अभियन्ता जिला पंचायत मौजूद रहे।




# क्रीड़ा भारती द्वारा आज राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित जिजामाता सम्मान समारोह का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** रविंद्र भवन भोपाल में क्रीड़ा भारती द्वारा आज राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित जिजामाता सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन में उन माताओं का सम्मान किया जाएगा, जिन्होंने अपने बच्चों को अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया। यह समारोह मातृत्व, प्रेरणा और बलिदान को समर्पित होगा, जिसमें विभिन्न खेलों के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा प्राप्त खिलाड़ियों की माताओं को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में भाला फेंक खिलाड़ी और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता श्री नीरज चोपड़ा की माता श्रीमती सरोज देवी को विशेष सम्मान दिया जाएगा। साथ ही, त्रिपुरा की प्रसिद्ध जिमनास्ट सुश्री दीपा कर्मकार की माता श्रीमती गौरी कर्मकार, असम की मुक्केबाज सुश्री लवलीना बोरगोहेन की माता श्रीमती मोनी देवी, केरल के हॉकी खिलाड़ी और गोलकीपर श्री पीआर श्रीजेश की माता श्रीमती उषा कुमारी, राजस्थान की पैरा शूटर सुश्री अवनी लेखरा की माता श्रीमती श्वेता जी, और मध्यप्रदेश के इटारसी के हॉकी मेडलिस्ट श्री विवेक सागर प्रसाद की माता श्रीमती कमाल देवी को भी यथोचित सम्मान प्रदान किया जाएगा।इस भव्य समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह श्री दत्तात्रेय जी होसबले मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री मनसुखभाई मांडविया और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहनजी यादव इस आयोजन की गरिमा को बढ़ाएंगे। खेल मंत्री श्री विश्वास सारंग भी इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम माताओं की भूमिका को रेखांकित करने और उन्हें समाज में एक विशेष स्थान देने का प्रयास है। खिलाड़ियों की सफलता के पीछे उनकी माताओं की मेहनत, प्रेरणा और त्याग को मान्यता देने के उद्देश्य से यह सम्मान समारोह राष्ट्रीय स्तर पर एक नई परंपरा स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान सभी चयनित माताओं को विशेष प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। यह आयोजन केवल माताओं को सम्मानित करने का एक अवसर नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेगा।भोपाल में आयोजित इस विशेष समारोह ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ध्यान आकर्षित किया है। खेल जगत में योगदान देने वाली माताओं का यह सम्मान उनके अथक प्रयासों और समर्पण को मान्यता देने का प्रतीक है। आयोजकों ने इसे एक ऐतिहासिक पहल के रूप में प्रस्तुत किया है, जो मातृत्व की महत्ता और खिलाड़ियों की सफलता में उनके योगदान को समाज के समक्ष उजागर करता है।




# शारदा विश्वविद्यालय में सातवें एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो के नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज और नोएडा चैप्टर पीएनजीआई (प्रोफेशनल नेटवर्क ग्रुप ऑफ इंडिया)के साथ मिलकर सातवें एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख मानव संसाधन पेशेवरों व एचआर पेशेवरों, शिक्षाविदों और उद्योग ने भाग लिया। कार्यक्रम ने समकालीन एचआर रुझानों और नवाचारों पर विचार विमर्श के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान किया। इस दौरान पैनल चर्चाए ,प्रतिभा साम्राज्यों का युग,एआई के साथ एचआर को बदलना और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल पर केंद्रित थी। कार्यक्रम में समापन पर एचआर पुरस्कार वितरण किए गए। मुख्य अतिथि मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के सीएचआरओ सलिल लाल और डीएस ग्रुप की सीएचआरओ ऑनर सिमिन अस्करी ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। कॉन्क्लेव में मोटिवेशनल स्पीकर और बिजनेस एडवाइजर आनंद अमृतराज ने कहा कि कॉलेज से कॉर्पोरेट जीवन में बदलाव एक प्रक्रिया है जिसमें समय और प्रयास लगता है। इस बदलाव को आसानी से पार करने के लिए, आपको धैर्य रखना होगा और चुनौतियों को विकास के अवसरों के रूप में स्वीकार करना होगा। कॉर्पोरेट जीवन तनावपूर्ण हो सकता है, लेकिन इससे निपटने के लिए स्वस्थ तरीके खोजना महत्वपूर्ण है। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और शौक आवश्यक हैं। प्रभावी तनाव प्रबंधन आपको उत्पादक और सकारात्मक बने रहने में मदद करेगा। शारदा स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज की डीन सैली लुकोज ने कहा कि यह कार्यक्रम उत्कृष्ट व्यावसायिक प्रथाओं का सम्मान करने और शिक्षा जगत और उद्योग के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए मंच प्रदान करता है। उद्योग की मांगों के साथ अकादमिक ज्ञान को संरेखित करके, इस पहल का उद्देश्य छात्रों के लिए प्रशिक्षण और प्लेसमेंट की संभावनाओं में सुधार करना, इंटर्नशिप को बढ़ावा देना और नेटवर्क स्थापित करना है जो स्नातकों के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ाता है।

इस दौरान डॉ श्वेता गुप्ता, डॉ. रुचि जैन गर्ग, प्रो. अभिनंदा भट्टाचार्य, डॉ शांति नारायण,डॉ हरिशंकर श्याम समेत कॉलेज स्टॉफ मौजूद रहा।




# गैर कानूनी रूप से रह रहे चीन के 3 नागरिक गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 3 चीन के नागरिकों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी भारत में रहकर यहां की एक निजी कंपनी में नौकरी कर रहे थे। सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार को स्वाट टीम के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए चैकिंग के दौरान क्षेत्र के गांव खेरली भाव स्थित वीवो कंपनी से चीन के तीन नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। अवैध रूप से रह रहे इन विदेशी नागरिकों की पहचान वू जिंगबो, चेन चाओ व पेंग शाओ के रूप में हुई है। अरेस्ट किए गए तीनों आरोपी वर्क वीजा लेकर भारत आए थे और एरिया स्थित वीवो कंपनी में बतौर इंजिनियर कार्य कर रहे थे। करीब 3 महीने पहले वीजा अवधि खत्म होने बावजूद तीनों अवैध रूप से भारत में रहकर नौकरी कर रहे थे। गौर सिटी चौकी प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि, गिरफ्तार किए गए तीनों चीनी नागरिकों की जानकारी फॉरेनर्स रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस की टीम को सौंप दिया गया है।



# श्री मां मंशा देवी मंदिर के वार्षिकोत्सव पर हवन व विशाल भंडारे का आयोजन, सात दिवसीय श्रीमद् भावगत कथा का समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** बुलंदशहर रोड स्थित श्री मां मंशा देवी मंदिर समिति द्वारा मंदिर के वार्षिकोत्सव पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा था श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम व मंदिर के वार्षिक उत्सव पर हवन व विशाल भंडारे को आयोजन किया। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम पर आचार्य राजीव कृष्ण भारद्वाज महाराज को मंदिर समिति द्वारा प्रातः काल गंगा स्नान करवाया गया इसके उपरांत मंदिर प्रांगण में विशाल हवन का आयोजन किया गया हवन आचार्य परसोत्तम दास आचार्य,पुष्प आचार्य,आचार्य काशीराम, आचार्य वीरेंद्र,आचार्य गौरव शर्मा,आचार्य बालक राम दीक्षित द्वारा हवन में श्रद्धालुओं द्वारा पूणार्हुति कराई गई एवं मंदिर समिति द्वारा मूर्ति तिलक एवं पूजन अर्चना की गई एवं मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण किया। श्री मंशा देवी मंदिर के वार्षिकोत्सव पर मंदिर को रंग बिरंगी झालरों,गुब्बारों व फूलों से सजाया गया। जिला प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल,जिला अध्यक्ष नरेश तोमर,जिला महामंत्री पुनीत गोयल ने माता रानी के दरबार में हाजिरी लगाई।इस अवसर पर प्रबंधक शिवकुमार,मित्तल मीडिया प्रभारी महेश तोमर, बिजेंद्र कंसल, रामावतार कंसल, खैलेन्द्र सैनी, मनोज कंसल,राकेश माहेश्वरी, सोनू सैनी, लाला राज किशोर, अंकित जिंदल,अजय गर्ग, हनी सैनी, रोहन सैनी, कालीचरन सैनी, सुरेश चंद्र गुप्ता, सुनील सैनी, रितु मित्तल, दुर्गेश तोमर, कविता कंसल, दीपांशी सैनी, अंजलि सैनी,रीमा गर्ग,मोनू ,पराग कंसल,दीपांशु मित्तल आदि मौजूद रहे।




# स्वामित्व योजना से ग्रामीणों को मिला संपत्ति का मालिकाना हकः जसवंत सैनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्वामित्व योजना के अंतर्गत तैयार किए गए ग्रामीण आवसीय अभिलेख घरौनी वितरण कार्यक्रम लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री जसवंत सैनी, जनप्रतिनिधियों, की उपस्थिति में दिल्ली रोड स्थित श्री सरस्वती विद्यालय के सभागार में दिखाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अब सभी लोगों को आपके मकान के मालिक होने का अधिकार सरकारी तौर पर मिल गया है। उनके मकान पर अब कोई कब्जा नहीं कर सकेगा। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने एक बहुत बड़ी महत्वपूर्ण योजना लागू की है,जिससे कि आप सभी लोगों को आपके अपने घर का मालिकाना हक मिल गया है। घरों का मालिकाना हक मिल जाने से अब आपसी विवाद नहीं होंगे। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने कहा कि घरौनी मिलने से संपत्ति पर उनके अधिकार को वैधता मिल जाएगी और आबादी क्षेत्र में राजस्व विवादों में पर्याप्त कमी आएगी। लोगों को कोर्ट का चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी। घरौनी मिलने के बाद लोगों को बैंकों से लोन प्राप्त करने में आसानी होगी,जिससे वे अपना स्वरोजगार, व्यवसाय एवं आवश्यक कार्य कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि अक्सर लोगों को जानकारी के अभाव में एक ही जमीन का भू माफियॉ कई लोगों को रजिस्ट्री कर देते थे। अब स्वामित्व योजना के अंतर्गत तैयार किए गए भूलेख का डिजिटाइजेशन हो जाने से इस प्रकार की धोखाधड़ी बंद हो जाएगी और इससे कई प्रकार के विवादों में कमी भी आएगी। कार्यक्रम में जनपद के 70 ग्रामों में 20226 लोगों को घरौनी का प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इस अवसर जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, विधायक विजयपाल आढती, गढ़मुक्तेश्वर हरेंद्र सिंह तेवतिया, धौलाना धर्मेश तोमर, जिलाध्यक्ष भाजपा नरेश तोमर, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योत्सना बंधु, उप जिलाधिकारी अंकित वर्मा सहित अन्य अधिकारी तथा लाभार्थीगण उपस्थित रहे।





**पुनः बहाल** — **ओल्ड एज गोल्ड चरितार्थ हुई**

# उत्तर रेलवे ने 140 वर्ष पुरानी हस्त चालित क्रेन को रिकॉर्ड समय में पुनः बहाल कर जीवंत किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दिल्ली। (विनोद कुमार सिंह )।** ओल्ड एज गोल्ड की कहावत तो आप सभी ने सुनी होगी।खास कर हमारे देश भारत में यह कहावत काफी ही प्रचलित है।तभी तो भारत की पहचान सम्पूर्ण विश्व में सबसे अलग व विश्वनीय है।आज हम आप को बता रहे है कि भारतीय रेलवें अपनी पुरानी यादों को सहेज व संजोय कर भविष्य में आने वाले पीड़ी के लिए संरक्षित व सुरक्षित रखने में पीछे नही है।आप चौकिये मत -आज हम आप के समक्ष भारतीय रेल के उत्तर रेलवे का दिल्ली मंडल ने भी अपनी प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए एक सहराणीय कार्य किया है।यह बात उस समय की है,जब विज्ञान इतना आधुनिक नही होता है।ऐसे में विकाश कार्य में भारीभरम रेल की पटटी व अन्य सामान को एक स्थान से दुससे जगह कैसे ले जाता होगा । तो हम बता दें , रेल की निर्माण कार्य ' रेलवे लाईन व अन्य कार्य से मशीन व अन्य सयंत्र आदि कोइधर से उधर करने के लिए उस समय क्रेन होती थी,जिसे हाथ से चलाया जाता होगा।इसका उदाहरण देखनें को मिला है।भारतीय रेल के नार्दन रेलवे के दिल्ली मंडल नें 140 वर्ष पुरानी हस्त चालित क्रेन को अपनी कड़ी मेहनत व पूर्ण लगन से सफलता पूर्वक ठीक ही किया बल्कि भारतीय रेल की धरोहर के स्मृति चिन्ह में एक नयी जान फूंक दी है।सर्व विदित रहे कि एली और मैक्लेन इंजीनियर, ग्लास्गो स्कॉटलैंड द्वारा सन 1885 में निर्मित इस क्रेन को पहली बार अवध और रोहिलखण्ड रेलवे,जिसे सन 1925 में ईस्ट इंडिया रेलवे में शामिल कर रेलवे कार्य में इस्तेमाल में लगाया था।

इस संदर्भ में नार्दन रेलवे के युवा अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय (सी पी आर ओ० ) के अनुसार भारतीय रेल अपनी यात्रियों की सेवा कर्त्तव्य का ना केवल पालन करती है बल्कि पुरानी विरासत को संभालकर संरक्षित करता है। ताकि भविष्य में उस पर अनुसंसाधन हो सके ,उससे जुड़े हुए सभी सदस्यों को सम्मान किया जाय।रेलवे की विरासत की श्रंखला में एक नई पहल की गई है । 140 वर्ष पुरानी इस क्रेन की पुनः बहाली हर सभी के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि रही।जिसे मात्र तीन दिन में पूरा किया गया।आप को बता दे कि देश की राजधानी दिल्ली स्थित शकूरबस्ती रेलवे स्टेशन के निकट यह क्रेन बेहद खराब हालत में पड़ी थी। जिसके पहिये जमीन में दबे हुए थे और इसका बूम टूट कर मुड गया था। साथ ही इसके कई जरूरी कलपुर्जे भी नहीं थे।सर्व विदित रहे स्टीम लोकोमोटिव शेड रेवाड़ी ने इस क्रेन को मरम्मत करने की चुनौती सहर्ष स्वीकार किया ।स्टीम लोकोमोटिव शेड रेवाड़ी व शकूरबस्ती स्थित कैरिज एवं वैगन स्टाफ की मदद ली।बेकार व खो चुके कलपुर्जो को फिर से कुशल इंजीनियरों तकनीकी सहयोगी सहयोगी टीम बनाया गया । जिन्होने खराब बूम को ठीक किया गया और इसका मूल स्वरुप बहाल किया गया। इस बीच इंजीनियरिंग विभाग ने शकूरबस्ती ईस्ट केबिन के निकट एक पेडस्टल बनाने के लिए रात भर काम किया।एक मोबाइल क्रेन की मदद से तैयार किये गए सामान को उठाकर पेडस्टल पर लगा दिया। इस क्रेन के रंग रोगन का काम एक दिन में ही पूरा कर लिया गया। इस प्रकार एक मृतप्राय धरोहर को जीवंत रूप दिया गया।

पुनः जीर्णोंद्वार की दस टन क्षमता वाली इस क्रेन का उद्धघाटन 16. 01 .2025 को उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा द्वारा एक कार्यक्रम में किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक सुखविंदर सिंह एवं अन्य गणमान्य द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में इंजीनियर एवं सहायक टीम के समर्पण एवं दक्षता को सराहा गया। उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक अशोक कुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में रेल की विरासत को संरक्षित रखने में हमारे कर्मचारियों की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।



# विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को परखने के लिए सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल कांठ में "ग्रैंड मास्टर ओलंपियाड" प्रतियोगिता हुआ का भव्य आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** रविवार को कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की दिमागी तथ्यों और सामान्य ज्ञान, विज्ञान और अंग्रेजी के ज्ञान और समझ का आंकलन करना और विद्यार्थियों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को परखना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। स्कूल उभरती प्रतिभाओं को अपने कौशल का परीक्षण करने के लिए एक मंच देता है ऐसी परीक्षाएं छात्र को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करती है और सामान्य ज्ञान,विज्ञान और अंग्रेजी के ज्ञान में वृद्धि करती है। इस प्रतियोगिता में कक्षा एलकेजी से 12वीं तक के सेंट पॉल्स स्कूल के अतिरिक्त, कांठ, स्योहारा,धामपुर, करनपुर, सहसपुर, अगवानपुर, हरथला, उमरीकला, मुरादाबाद, छजलेट ,अमरोहा आदि क्षेत्रों के हजारों विद्यार्थियों ने सर्दी के मौसम में भी बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।




यह परीक्षा एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित थी । सेंट पॉल प्रति वर्ष इस प्रकार के ओलंपियाड का आयोजन करता है' आयोजन में स्कूल चैयरमैन जितेंद्र विश्नोई, रितु विश्नोई, मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई, प्रधानाचार्या रणजीत कौर, कॉर्डिनेटर सतेंद्र चौधरी, ममता विश्नोई, अनवर हुसैन, विकास यादव, सौरभ चौहान, संजय कुमार, चंचल देवी,आमिल सैफी,माही खान, काजल त्यागी, सारिका विश्नोई, गौरीशा,गरिमा, मुस्कान, आभा विश्नोई, राजन विश्नोई, एवं अन्य समस्त शिक्षक -शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। ग्रैंड मास्टर ओलंपियाड में हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया ' स्कूल के अध्यक्ष जितेंद्र बिश्नोई ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# बरसात और कोहरा किसी किसान के लिए खुशी किसी के लिए गम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** तहसील क्षेत्र में बरसात और कोहरा गेहूं की फसल के लिए लाभकारी बताए जा रहे हैं तो सब्जी की खेती करने वाले किसानों के लिए मुसीबत बन गया हैं। इससे आलू 15 तो फूल गोभी दस रुपये प्रतिकिलो फुटकर में बिक रही है। मंडी समिति में बरसात और ठंड के असर के चलते बंद गोभी और फूल गोभी की आमद अधिक बढ़ गई है जबकि मांग कम है। इसीलिए फूल गोभी का 30 से 35 किलो का टोकरे के थोक में 50 रुपये में और बंद गोभी को टोकरा 40 से 50 रुपये तक में खरीदार नहीं हैं। खेत में पानी भरने से आलू की खुदाई कम हो रही है, जहां पानी नहीं हैं वहां बरसात के डर से खुदाई तेज हो रही है। जिससे आलू के दामों में भी कमी आई है। 50 किलो आलू का कट्टा 230 से 250 रुपये तक में बिक रहा है। मंडी के आढ़ती ने बताया कि पालग, मेथी, शलगम आदि सब्जियों का भी बुराहाल है। यह 25 से 30 किलो की ठेरी का 30 से 40 रुपये तक का खरीदार मुश्किल से मिल रहा है। गाजर और मूली भी एक से दो रुपये किलो तक थोक में बेची जा रही है। उधर आढ़ती मनोज शर्मा ने बताया बरसात के चलते नासिक का टमाटर कम आ रहा है। मगर यहां स्थानीय खेतों से भरपूर टमाटर आ रहा है। जिससे इसके दाम भी थोग में 25 किलों की क्रेट 200 से 250 रुपये तक की बिक रही है।



# स्वामित्व योजना के तहत 60 लाभार्थियों को घरौनी का वितरण किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** शासन के निर्देश पर तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में स्वामित्व योजना के तहत क्षेत्र के 60 लोगों को घरौनी का वितरण किया गया' 24 अप्रैल 2021 को घरौनी (स्वामित्व) योजना के प्रमाण पत्र देने का शुभारंभ किया गया था। इस योजना के अंतर्गत तहसील सभागार में घरौनी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस योजना के तहत सर्वे एवं मैपिंग के द्वारा क्षेत्र के 160 ग्रामीणों को घरौनी के प्रमाण पत्र देने के लिए चिन्हित किया गया था। तहसील सभागार में घरौनी (स्वामित्व) योजना के प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया 60 लाभार्थियों को घरौनी के प्रमाण पत्र आवंटित किये गये। शेष चिन्हित 100 लाभार्थियों को जनपद स्तर पर घरौनी के प्रमाण पत्र आवंटित किये जाएंगे। एसडीएम संत दास पवार ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र आवंटित करते हुए कहा कि इसमें लाभार्थियों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होती है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को चिन्हित करते हुए कहा कि गांव के उन लोगों को मालिकाना हक दिया जा रहा हैं जिसकी भूमि किसी भी आंकड़े दर्ज नहीं हैं। उन्होंने कहा कि शहरी योजनाओं की भांति घरौनी के प्रमाण पत्र लाभार्थियों को मिलते ही उनका मालिकाना हक मिल जाएगा। जिसे वह खरीद और बिक्री कर सकते हैं। तहसीलदार रामवीर सिंह ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में भूमि स्वामित्व को डिजिटल रूप में रिकॉर्ड करना हैं। ताकि लोग अपनी भूमि का कानूनी अधिकार ले सकें और घरौनी प्रमाण पत्र मिलते ही लाभार्थियों को बैंकों से ऋण सुविधा भी आसानी से प्राप्त हो जाएगी।




# 'सर्किट हाउस के पीछे बुद्धि विहार नया मुरादाबाद के मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के आयोजन में 812 जोड़े एक दूजे के हुए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सर्किट हाउस के पीछे बुद्धि विहार नया मुरादाबाद के मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के आयोजन में 812 जोड़े एक दूजे के हुए। प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री, विधायक, विधान परिषद सदस्य और अन्य जनप्रतिनिधियों ने सरकार के प्रतिनिधि के रूप में नव दंपति को आशीर्वाद दिया ' मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत 812 जोड़ों का विवाह हुआ। नगर निगम मुरादाबाद में 130 हिन्दू, 116 मुस्लिम, विकास खण्ड मुरादाबाद में 75 हिन्दू, 14 मुस्लिम, विकास खण्ड भगतपुर टांडा में 185 हिन्दू, 190 मुस्लिम, नगर पंचायत भोजपुर में दो हिन्दू, 55 मुस्लिम, नगर पंचायत पाकबड़ा में 12 हिन्दू, 18 मुस्लिम तथा नगर पंचायत अगवानपुर में तीन हिन्दू तथा 12 मुस्लिम जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सभी वैवाहिक जोड़े आज से नए जीवन में प्रवेश कर रहे हैं।





मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना के तहत सरकार पुण्य का कार्य कर रही है विवाह समारोह में मुख्य रूप शहर विधायक रितेश गुप्ता, विधायक ठाकुर रामवीर सिंह, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, एमएलसी राम गोपाल उर्फ गोपाल अंजान, मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, मेयर विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्षा डॉ. शेफाली सिंह, जिलाधिकारी अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द्र, जिला पंचायती राज अधिकारी वाचस्पति झा, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र कुमार गौतम, दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विजय यादव, सहायक निदेशक बचत सिद्धार्थ, एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह, एसडीएम सदर राममोहन मीना, एसडीएम बिलारी विनय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन, 140 मरीजों को जांच के बाद दी गई दवाईयां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर रविवार को गांव किबाड़ में निशुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार की बीमारियों जैसे गर्दन के दर्द, कमर के दर्द, घुटनों के दर्द तथा कंधों का जाम होना तथा नसों में झनझनाहट कंपन के सैकड़ो मरीजों की विदेशी मशीनों से जांच कर-के निशुल्क दवाइयां दी गई 'वर्तमान समय में फास्ट फूड एवं मिलावटी दूध पीने के कारण शरीर में कैल्शियम की कमी कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियों का बढ़ना लिवर पर सूजन आना गर्दन की हड्डियों का बढ़ना कमर में सूजन आने के कारण दर्द रहना या नसों पर दबाव पड़ने की वजह से पैरों में झनझनाहट सुन्नपन कर रहना आदि बीमारियां देखने को मिली सभी की संतोषजनक जांच करके निशुल्क दवाईयो का वितरण किया गया इस चिकित्सा शिविर में लगभग 140 मरीजों ने कैंप का लाभ उठाया' शिविर में डॉ अशोक चौहान, डॉक्टर आकाश प्रजापति आदि मौजूद रहे ।




# बोगस खरीद करने में फंसीं दो फर्में, 43 लाख रुपये वसूले

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** राज्य कर विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा की टीमों ने मुरादाबाद और रामपुर स्थित फर्मों पर छापेमारी की। मौके पर ही कुल 43 लाख 19 हजार रुपये की वसूली की गई।विशेष अनुसंधान शाखा के अपर आयुक्त आरए सेठ ने बताया कि मुरादाबाद स्थित व्यापारी द्वारा संचालित फर्म पर छापा मारा गया। बोगस खरीद करके आईटीसी क्लेम करने और खरीद के अनुरूप बिक्री कम दशार्ने की बात सामने आई। व्यापारी की ओर से 23 लाख 19 हजार रुपये मौके पर जमा कराए। रामपुर स्थित एक फर्म की जांच से पाया गया कि फर्म द्वारा लखनऊ स्थित ऐसी फर्मों से खरीद की गई है जो पूर्व में ही निरस्त हो चुकी हैं। गड़बड़ी साबित होने पर व्यापारी द्वारा मौके पर बीस लाख रुपये नकद जमा कराए। जांच का नेतृत्व संयुक्त आयुक्त एसपी तिवारी, मिलिंद राज ने किया। धर्मेंद्र कुमार सचान, विकास बहादुर चौधरी, रणंजय यादव, अखिलेश कुमार, ओमशांति, देवेंद्र कुमार आदि रहे।

# प्रयागराज महाकुंभ के लिए 21 जनवरी से शुरू होगी बसों की रवानगी, मंगलवार को तैयार हो जाएगा अस्थाई बस अड्डा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाली बसों को जनप्रतिनिधि और परिवहन निगम के अधिकारी 21 जनवरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।आरएम ममता सिंह के मुताबिक मुरादाबाद परिक्षेत्र से कुल 410 बसों को महाकुंभ मेले के लिए भेजा जाएगा। कुछ बसों का संचालन शुरू कर दिया गया है। वहीं पीतलनगरी बस स्टैंड से 90 बसों को भेजा जाएगा। 21 जनवरी से जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पीतलनगरी डिपो से महाकुंभ मेले के लिए बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। फिलहाल यात्रियों की संख्या काफी कम है, लेकिन बसों को समय सारिणी के अनुसार रवाना किया जा रहा है' प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाली निजी बसों के लिए आरटीओ कार्यालय के पास मंगलवार को अस्थाई बस स्टैंड तैयार हो जाएगा। यहां यात्रियों की सुविधाओं के लिए रैन बसेरा भी बनाया जाएगा। अस्थाई बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए टेंट, रैन बसेरा, पेयजल की व्यवस्था करा दी गई है। 60 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। मंगलवार तक काम पूरा कर लिया जाएगा। जहां से महाकुंभ के लिए निजी बसों का संचालन किया जाएगा। निजी बसों के संचालन में सरकारी बस के समान ही किराया वसूला जाएगा। बस स्टैंड पर निगरानी के लिए टीम को तैनात किया जाएगा। आरटीओ प्रशासन राजेश सिंह ने बताया कि जरूरत के मुताबिक बसों को महाकुंभ के लिए रवाना किया जाएगा।




# विवाहिता से मारपीट, डीआईजी के आदेश पर पति सहित 6 के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** दहेज में कार और पांच लाख रुपये की मांग पूरी नहीं होने पति व ससुराल वालों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी। डीआईजी के आदेश पर कांठ पुलिस ने इस मामले में पति सहित ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

कांठ थाना क्षेत्र के कस्बा उमरी कलां के मोहल्ला अंसारियान की रहने वाली उजमा ने डीआईजी मुनिराज जी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसकी शादी मोहम्मद शारिक से हुई थी।

उससे उसे तीन बच्चे भी हैं। आरोप है कि 18 जून 2024 की रात पति मोहम्मद शारिक और ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट करते हुए दहेज में एक कार और पांच लाख रुपये की मांग की। जिसे लेकर उजमा ने जब असमर्थता जताई तो उसे तरह-तरह से प्रताड़ित किया जाने लगा। उसके साथ दुर्व्यवहार किया जाने लगा। जब मांग पूरी नहीं हुई तो पति मोहम्मद शारिक, ससुर फईम अहमद, सास नईम फातिमा, ननद शाजिया, जोबिया और देवर आसिर ने उसके साथ फिर से मारपीट करते हुए मांग पूरी नहीं होने पर घर से निकाल दिया और जान से मारने की धमकी भी दी।

# मुख्यमंत्री ने दिए निर्देशः गौ आश्रय स्थलों में सीसीटीवी लगाये जाएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोवंश के लिए हरे चारे की अधिकाधिक उपलब्धता के लिए किसानों को प्रेरित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि किसानों को प्रेरित करने के लिए गोष्ठी का आयोजन भी किया जाए।

गो आश्रय स्थलों में सीसीटीवी लगाए जाएं। मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर हुई बैठक में अधिकारियों से कहा कि किसानों से हरा चारा खरीद कर गोशालाओं को उपलब्ध कराया जाए, इससे किसानों की आय में वृद्धि भी होगी। कहा कि जिले में हरे चारे की खपत का आंकलन किया जाए। इसके बाद मांग के अनुसार हरे चारे के उत्पादन के लिए किसान और एफपीओ से संपर्क किया जाए। इस दौरान किसानों को हरे चारे के उत्पादन के लिए प्रेरित करने के साथ उन्हे उचित रेट भी दिया जाए। इससे हरे चारे के उत्पादन के प्रति किसानों का रुझान बढ़ेगा। साथ ही उनकी आय में भी बढ़ोत्तरी होगी। सीएम ने अधिकारियों को भूसे और हरे चारे के लिए वेयरहाउस बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मकई, ज्वार, बाजरा और बरसीम आदि हरा चारा तीन से चार माह चल जाता है। ऐसे में इसके लिए वेयरहाउस बनाएं। उन्होंने इसकी जिम्मेदारी जिलाधिकारी को सौंपने के निर्देश दिये ताकि उसकी प्रापर मॉनीटरिंग हो सके।



# वरिष्ठ सपा नेता ने जनसंपर्क कर ग्रामीणों को समस्याओं के समाधान करने का दिया आश्वासन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला पंचायत सदस्य नासिर अली सैफी ने विधानसभा क्षेत्र देहात 27 में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के दर्जनों गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। सिरसवां गौड़, बेरखेड़ा, बिलाकुदान, सरदार नगर, अटरिया, कांकरखेड़ा, करियानंगला सानी, मल्हूपुरा, ठिरियादान और चक चमरिया आदि गांवों में पहुंचकर उन्होंने लोगों को समाजवादी पार्टी की नीतियों और आगामी योजनाओं के प्रति जागरूक किया।जनसंपर्क के दौरान नासिर अली ने समाजवादी पार्टी की नीतियों और योजनाओं को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य क्षेत्र का समग्र विकास और जनता की समस्याओं का समाधान है। मैं हमेशा जनता के बीच रहकर उनकी परेशानियों को दूर करने के लिए तैयार हूं। जनसंपर्क अभियान में उनके साथ मल्हूपुरा के पूर्व प्रधान हाजी जफर, कालिया नागल के प्रधान यासीन सैफी, शाहनवाज खान,याकूब सैफी, याकूब खान, गुलाम नबी प्रधान,साबिर प्रधान, डॉक्टर यूनुस, हाजी मुरादी, चक चमरिया के आरिफ मास्टर और अनीस पाशा समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे। इन सभी ने ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित कर नासिर अली के नेतृत्व में विश्वास जताया। जनसंपर्क के दौरान नासिर अली ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने किसानों, मजदूरों और युवाओं की परेशानियों को दूर करने का भरोसा दिया। साथ ही, क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने और विकास कार्यों को तेज करने का आश्वासन दिया।



# कांठ के महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज को विभिन्न मानकों के सर्वे में मुरादाबाद में पहला यूपी में दूसरा स्थान मिला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर के पट्टी मौढ़ा स्थित महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज को प्रदेश सरकार के द्वारा यूपी में दूसरा स्थान दिया गया है। गत वर्षों में इस कॉलेज का यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम काफी अच्छा रहा है। इसके अलावा कॉलेज का वातावरण, विद्यार्थियों के बैठने की अच्छी व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, बेहतर शिक्षण कार्य, खेलों में भी विद्यार्थियों की शानदार कामयाबी आदि मानकों पर हुए सर्वे में महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज को यूपी के 27917 माध्यमिक इंटर कॉलेजों में दूसरा और मुरादाबाद जिले के 433 विद्यालयों में पहला स्थान दिया गया है। जिसके बाद इस कॉलेज को ग्रेड ए प्लस और छह स्टार दिए गए हैं। कॉलेज के प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी, अध्यक्ष अजय कुमार बिश्नोई, एवं मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों ने कॉलेज की इस सफलता पर प्रधानाचार्य मदन सिंह सहित समस्त स्टाफ को बधाई दी है ।




**खुलासा** — शनिवार देर रात को तीन बदमाश सवारी बनकर आनन्द विहार से कार को बुक करके लाए थे, कनौजा में पहले से मौजूद एक अन्य साथी के साथ मिलकर चालक को खेत में फेंक कार लूट कर हुए थे फरार

# पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर चंद घंटों में किया कार लूट का खुलासा, एक फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** बेखौफ बदमाशों ने गांव कनौजा चितौड़ा रोड पर कार चालक को बंधक बनाकर उसकी कार लूट ली। लूट का विरोध करने पर कार चालक के साथ मारपीट कर उसके हाथ पैर बांधकर खेत में फेंक दिया। बदमाश आनन्द विहार से मसूरी के लिए कार को बुक करके लाए थे। पुलिस ने महज दस घंटे में ही तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर कार, नकदी व अन्य सामान बरामद कर कार लूट का खुलासा कर दिया है। जिला सम्भल के थाना जुनावाई के गांव चबूतरा निवासी रमेश चंद्र दिल्ली में किराए पर रहकर टैक्सी में कार चलाकर परिवार का लालन पालन करता है। शनिवार देर रात वह दिल्ली के आनन्द विहार बस स्टैण्ड पर सवारी के इंतजार में खडे. हुए थे। इसी बीच तीन युवक आए और कहने लगे गाजियाबाद के मसूरी चलना है। इसके बाद चालक रमेशचंद्र तीनों युवकों को कार में बिठाकर चला दिया। कार में सवार युवकों ने कहा कि कनौजा चितौड़ा रोड पर हमारा एक साथी खड़ा है, उसे लेना है। इसके बाद वह कनौजा चितौड़ा रोड पर पहुंच गया। जैसे ही युवक को देखकर कार रोकी तो पीछे बैठे युवकों ने चालक रमेशचंद्र को कब्जा लिया और बाहर खडे युवक ने ड्राइविंग सीट का गेट खोलकर कार अन्दर बैठ गया। इसके बाद बदमाशों ने तमंचे के बल पर रमेशचंद्र से कार, नकदी, एटीएम कार्ड सहित अन्य सामान लूटकर फरार हो गए। रमेशचंद्र किसी तरह मुरादनगर थाने पहुंचा और तहरीर दी। एसीपी मसूरी सर्किल सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश के लिए पांच टीमों का गठन किया।




रविवार सुबह सूचना मिली कि कनौजा दुहाई रोड पर बदमाश कार बेचने के लिए खडे है। सूचना मिलते ही पुलिस ने छापेमारी कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम विवेक निवासी गांव नगला राठी थाना दौराला जिला मेरठ, साजिद निवासी क्रॉसिग रिपब्लिक गाजियाबाद व अमित कुमार निवासी विजयनगर गाजियाबाद बताया। जबकि फरार बदमाश का नाम विनय निवासी चिपियाना गौतमबुद्वनगर है। एसीपी ने बताया कि बदमाशों के पास से लूटी गई कार, ग्यारह सौ रुपऐ की नकदी व अन्य सामान बरामद कर लिया है। उन्होने बताया कि फरार बदमाश की तलाश की जा रही है।

# संत दास पवार ने कांठ एसडी एम का कार्यभार संभाला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नवागत एसडीएम संत दास पंवार ने यहां पहुंच कर कार्य भार ग्रहण कर लिया। इससे पहले वह जिला मुख्यालय पर अपर नगर मजिस्ट्रेट थे। यहां एसडीएम की जिम्मेदारी संभाल रहे प्रिंस वर्मा को डिप्टी कलेक्टर मुरादाबाद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शनिवार को कांठ के नए एसडीएम संत दास पंवार ने तहसील पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसके बाद उन्होंने स्टाफ के साथ बैठक लेकर अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों को लोगों की समस्याएं सुना। इस दौरान उन्होंने प्राथमिकता के साथ निस्तारण कराने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाये जाने के निर्देश दिए ।





# ऑल ब्लैक आउटफिट पहन कैमरे के सामने सुरभि चंदना ने शेयर किया हॉट लुक, एक्ट्रेस की अदाएं देख फैंस हुए बेकाबू

टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना हमेशा अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें साझा की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर लोगों की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं।

एक्ट्रेस सुरभि चंदना टीवी की फेमस एक्ट्रेस हैं। वो जितनी ही कमाल की अभिनेत्री हैं, उतना ही कूल उनका ड्रेसिंग सेंस भी है। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से छा जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने ब्लैक कलर की वन साइड शोल्डर ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने अपने आउटलुक को कंप्लीट करने के लिए खुले बाल, कानों में इयररिंग्स पहनकर अपने इस लुक को शानदार तरीके से निखारा है।

सुरभि चंदना कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देती हुई सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा रही हैं। वहीं, यूजर्स भी उनके इस लुक को देखकर कॉमेंट करते हुए नजर आ रहे हैं। एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- सो ब्यूटिफुल। दूसरे यूजर ने लिखा है- हॉटनेस। तीसरे यूजर ने लिखा है- सेक्सी एंड ग्लैमरस। ऐसे ही एक के बाद एक यूजर्स कॉमेंट करते हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर गेम चेंजर की दैनिक कमाई में गिरावट जारी, सोनू सूद की फतेह ने तोड़ा दम



सुपरस्टार राम चरण और कियारा आडवाणी की पैन-इंडिया फिल्म गेम चेंजर को सिनेमाघरों में रिलीज का एक सप्ताह पूरा गया है और यह दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने के लिए संघर्ष कर रही है।

इस फिल्म से निमार्ताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस इसका हाल-बेहाल है। हर गुजरते दिन के साथ फिल्म के कारोबार में गिरावट जारी है।

आइए बताते हैं गेम चेंजर ने रिलीज के सातवें दिन कितने करोड़ रुपये का कारोबार किया है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, गेम चेंजर ने रिलीज के सातवें दिन यानी गुरुवार को 4.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 117.90 करोड़ रुपये हो गया है। इस फिल्म का बजट 400 करोड़ रुपये बताजा जा रहा है। एस शंकर के निर्देशन में बनी फिल्म गेम चेंजर एक राजनीतिक ड्रामा है, जिसमें राम चरण पिता और पुत्र की दोहरी भूमिका में हैं। एसजे सूर्या, जयराम और सुनील भी फिल्म का हिस्सा हैं। सोनू सूद की फिल्म फतेह 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन पहले दिन से इसका बॉक्स ऑफिस हाल-बेहाल है।

इस फिल्म से सोनू को काफी उम्मीदें थीं। हालांकि, यह टिकट खिड़की पर दर्शकों के लिए तरस रही है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, फतेह ने अपनी रिलीज के सातवें दिन यानी पहले गुरुवार को 66 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 11.01 करोड़ रुपये हो गया है। 17 जनवरी को कंगना रनौत और अनुपम खेर की बहुचर्चित फिल्म इमरजेंसी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। इसके अलावा अजय देवगन की फिल्म आजाद भी दर्शकों के बीच आ चुकी है।

# वरुण धवन ने शुरू की बॉर्डर 2 की शूटिंग, सेट से सामने आई पहली तस्वीर




वरुण धवन ने आखिरकार अपनी आगामी देशभक्ति एक्शन फिल्म बॉर्डर 2 के पहले शेड्यूल की शूटिंग शुरू कर दी है। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग का पहला चरण उत्तर प्रदेश के झांसी में हो रहा है। फिल्म में सनी देओल, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिलहाल वे लोग शूटिंग में शामिल नहीं हुए हैं।

झांसी के सैन्य छावनी क्षेत्र में स्थापित बॉर्डर 2 का उद्देश्य अपनी मनोरंजक कहानी, एक्शन सीन्स के साथ सच्ची घटनाओं को पर्दे पर दिखाना है। इंस्टाग्राम पर निर्माताओं ने बॉर्डर 2 के सेट से एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वरुण निमार्ता भूषण कुमार और निधि दत्ता, सह-निमार्ता शिव चानना और निर्देशक अनुराग सिंह के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। अभिनेता को ग्रे टी-शर्ट और नीली जींस पहने देखा जा सकता है। उन्होंने इस आउटफिट को ब्लैक लेदर जैकेट के साथ पहना और मूंछों वाला लुक दिया। उन्होंने कुमार और दत्ता के साथ फिल्म का क्लैपबोर्ड पकड़ा। निमार्ताओं ने पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, एक्शन, धैर्य और देशभक्ति! अभिनेता वरुण धवन ने निमार्ता भूषण कुमार और निधि दत्ता, सह-निमार्ता शिव चानना और निर्देशक अनुराग सिंह के साथ झांसी के सुंदर छावनी क्षेत्रों में बॉर्डर 2 यात्रा शुरू की। 23 जनवरी, 2026- एक अविस्मरणीय गाथा के लिए तैयार हो जाइए। हालांकि, सनी देओल, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ भी आने वाले महीनों में फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे। इससे पहले अगस्त 2024 में, वरुण ने एक्स पर एक लंबी पोस्ट में बॉर्डर 2 का हिस्सा बनने पर अपनी खुशी जाहिर की थी। उन्होंने लिखा था, जेपी सर और भूषण कुमार द्वारा निर्मित बॉर्डर 2 में एक भूमिका निभाना मेरे करियर का एक बहुत ही खास पल है। और मुझे सनी पाजी के साथ काम करने का मौका मिला, जो इसे और भी शानदार बनाता है। मैं भारत की सबसे बड़ी युद्ध फिल्म बनाने का वादा करते हुए एक वीर जवान की कहानी को पर्दे पर उतारने के लिए उत्साहित हूं। मैं आपकी शुभकामनाओं का इंतजार कर रहा हूं। जय हिंद।

# मिशन ग्रे हाउस के साथ बड़े पर्दे पर नई शुरूआत के लिए तैयार हैं पूजा शर्मा

पूजा शर्मा ने 2024 में तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में पोपटलाल की प्रेमिका की भूमिका निभाकर अपने लिए लोगों से बहुत प्यार और फैन्स का सपोर्ट प्राप्त किया। अब वह फिल्म मिशन ग्रे हाउस के साथ बड़े पर्दे पर अपनी नई शुरूआत के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

पूजा, जो अपने सीए फाइनल सेकंड ग्रुप की परीक्षा देने के लिए मुंबई आई थीं, उसने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि वह अभिनेत्री बनेंगी। अपने मॉडलिंग और अभिनय करियर की शुरूआत के बारे में बताते हुए पूजा ने कहा, मैं मॉल में खरीदारी कर रही थी और एक



कास्टिंग वाले ने मुझे किसी प्रसिद्ध सोप के ऑडिशन के लिए इंटरव्यू देने के लिए संपर्क किया, वे रैंडम पब्लिक इंटरव्यू लेते हैं। अगले दिन, उसने मुझे यह कहते हुए बुलाया कि अगर आप ऑडिशन राउंड क्लियर करती हैं और एड के लिए चुनी जाती हैं, तो आपको प्रति दिन चालीस हजार का पेमेंट किया जाएगा शूट के लिए। मैं हैरान थी की सीए में भी प्रति दिन इतने पैसे तो कहा ही मिलेंगे।

टीएमकेओसी के अलावा पूजा छोटी सरदारनी, जौहरी, दस जून की रात जैसे लोकप्रिय शो और वेब सीरीज का भी हिस्सा रही हैं।

मिशन ग्रे हाउस में पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहीं पूजा ने कहा, मैं बॉलीवुड में अपनी शुरूआत करने के लिए उत्साहित हूं और यह एक सपने के सच होने जैसा है। मैं कियारा की भूमिका निभा रही हूं, जो एक पुलिस अधिकारी है और अभिनेता राजेश शर्मा की बेटी है, जो एक वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक भी हैं। मैं फिल्म में हीरो की अच्छी दोस्त हूं। फिल्म की कहानी कुछ इस तरह है कि मैंने अपने पिता को ग्रे हाउस में रहस्यमयी हत्याओं के पीछे की सच्चाई को उजागर करने के लिए हम दोनों को एक खतरनाक मिशन पर भेजने के लिए राजी किया और हम इस रहस्य को कैसे सुलझाते हैं।

# सब्जी में ज्यादा हो गया है नमक तो न हों परेशान, इन आसान उपायों से चुटकियों में करें बैलेंस

खाना पकाना एक कला है। इसलिए स्वादिष्ट भोजन बनाना हर किसी के लिए संभव नहीं हो सकता है। सब्जी, दाल या कोई भी ग्रेवी बनाते समय उसमें पर्याप्त मात्रा में नमक, जीरा और इमली डालना बहुत जरूरी है। अगर सब्जी में इनकी मात्रा बढ़ जाए तो इसे खाना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। मसाले यदि ज्यादा हो जाए तो लोग इसे खा सकते हैं, लेकिन नमक ज्यादा हो जाए तो खाना मुश्किल हो जाता है। वहीं नमक का अधिक सेवन कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण भी बन सकता है। ऐसे में इस खबर के माध्यम से जानें कि ग्रेवी में नमक कम करने के लिए क्या किया जा सकता है...

**नारियल का दूध**

अगर किसी भी ग्रेवी में नमक ज्यादा हो तो नारियल का दूध निचोड़ कर उसमें मिला सकते हैं। इसके लिए नारियल के दूध में थोड़ा सा पानी मिलाकर ग्रेवी में मिला लें। ऐसा करके आप करी का स्वाद बढ़ा सकते हैं और अधिक नमक को भी संतुलित कर सकते हैं।



**दही**

अगर सब्जी ज्यादा नमकीन है तो इसमें एक बड़ा चम्मच दही डालें और अच्छी तरह मिला लें। फिर इसे 5 मिनट तक गर्म करें। यह भी नमक कम करने का एक प्रभावी तरीका है।

**आलू**

सब्जी में नमक ज्यादा होने पर आप उबले आलू का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। यह सबसे आम तरीकों में से एक है। इसके लिए आलू को उबालकर मैश कर लें और सब्जी में डाल दें और कुछ देर के लिए छोड़ दीजिए। इसके अलावा आप कच्चे आलू को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट कर सब्जी में डाल सकते हैं। इसे कम से कम 15 मिनट से ज्यादा समय तक पकाएं। आलू सब्जी में मौजूद ज्यादा नमक सोख लेगा और नमक की मात्रा को बराबर कर देगा। कुछ देर सब्जी में रहने के बाद आलू को बाहर निकाल लें।

**चीनी**

अगर सब्जी नमक ज्यादा हो तो थोड़ी चीनी या गुड़ मिला सकते हैं। चीनी की मिठास नमक को कुछ हद तक कम करने में मदद करती है। इसे दाल और अचार में भी आजमाया जाता है। यह न केवल अधिक नमक को कम करेगा बल्कि ग्रेवी का स्वाद भी बढ़ाएगा। लेकिन इस विधि को सभी तरह की ग्रेवी पर न आजमाएं

**पानी**

यदि ग्रेवी बहुत अधिक नमकीन है, तो इसे कम करने का सबसे आसान तरीका थोड़ा पानी डालना है। इससे नमक की मात्रा को समायोजित करने में मदद मिलेगी।

**ताजा मलाई**

ताजी क्रीम करी में अतिरिक्त नमक को संतुलित करने में भी मदद करती है। लेकिन पहले आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि करी का स्वाद और ताजी क्रीम का स्वाद एक साथ मिक्स हो जाए। ऐसा करने से करी का स्वाद भी बढ़ जायेगा।

**गेहूं का आटा**

गेहूं का आटा एक अन्य घटक है जो करी में अतिरिक्त नमक को संतुलित करने में मदद करता है। इसके लिए गेहूं के आटे को गूंथकर छोटी-छोटी गोलियां बनाकर करी में मिला सकते हैं। पंद्रह मिनट तक उबालने के बाद इन्हें हटाया जा सकता है।

**टमाटर**

अगर चिकन करी और फिश करी में नमक ज्यादा हो जाए तो एक या दो कटे हुए टमाटर या इमली का रस डाल दीजिए। इससे करी में स्वाद भी बढ़ जाएगा और अधिक नमक को संतुलित करने में मदद मिलेगी।


**प्याज**

प्याज को पतला-पतला काट लीजिए और अच्छे से भून लीजिए। इसे करी में डालें। यह करी में अतिरिक्त नमक को कम करने में फायदेमंद है।

**धी**

सब्जी या दाल में अधिक नमक कम करने में देसी घी काफी लाभकारी होता है। यदि किसी ग्रेवी में नमक के साथ ही मिर्च भी ज्यादा हो गई है, तो इसके लिए उसमें एक चम्मच देसी घी डाल दें, बढ़े हुए नमक की मात्रा बैलेंस हो जाएगा।

# गले में दर्द से तुरंत राहत कैसे पाएं? यहां जानिए आसान घरेलू उपाय



सर्दी के मौसम में अक्सर लोगों को सर्दी लगने से गला खराब हो जाता है. ऐसे में कभी गले में दर्द होता है तो कभी खाने-पीने के चीजों को निगलने में दिक्कत होती है. अगर आप भी गले में दर्द या गले में इंफेक्शन से परेशानी हैं तो यहां हम आपके लिए कुछ घरेलू उपाय लेकर आएं जो आपके बहुत काम आने वाले हैं. आइए जानते हैं कि ठंड की वजह से अगर गले में दर्द हो तो आप कौन-कौन से घरेलू उपायों को अपनाना चाहिए. आइए जानते हैं इसके बारे में.

**नमक के गरारे करें**

गले में दर्द से तुरंत राहत पाना चाहते हैं तो सबसे पहले नमक के गरारे करें. ये एक बेहद असरदार नुस्खा माना जाता है. ये सदियों पुराना उपाय है जो हमारी दादी-नानी के जमाने में आजमाया जाता था. इसके लिए आप एक ग्लास गुनगुने पानी में नमक मिला लें और थोड़ी-थोड़ी देर में गरारे करते रहें. इससे गले के दर्द से राहत मिल जाती है।

**गले की सिंकाई करें**

सर्दियों में गले के दर्द के लिए सबसे आसान और सबसे असरदार घरेलू उपायों में से एक है गर्म सिंकाई. इसके लिए आफ बस 15-20 मिनट के लिए अपने गले पर गर्म पानी की बोतल या गर्म गीला कपड़ा रखें. हीट की वजह से आपकी मांसपेशियों को आराम मिलेगा और प्रभावित एरिया में ब्लड फ्लो बढ़ जाएगा जिससे दर्द और कठोरता कम हो जाएगी।

**हॉट एप्सम सॉल्ट बाथ**

हॉट एप्सम सॉल्ट बाथ की मदद से न सिर्फ आप रिलैक्स फील करेंगे, बल्कि ये गले के दर्द से भी जल्द राहत दिलाएगा. इस नमक में मैग्नीशियम पाया जाता है जो नेक मसल के तनाव को कम करने में मदद करता है. आप नहाने वाली बाल्टी में गर्म पानी के साथ एक कप एप्सम सॉल्ट मिलाएं और 20 मिनट बाद नहा लें।

**अदरक की चाय पीएं**

अदरक अपनी एंटी-इंफ्लेमेंट्री प्रॉपर्टीज के लिए जाना जाता है. अदरक की चाय पीने से आपकी गले की मांसपेशियों में सूजन कम हो सकती है, जिससे दर्द से राहत मिल सकती ह. आप बस एक ताजा अदरक के टुकड़ों को गर्म पानी में डुबोएं, स्वाद के लिए शहद मिलाएं और चाय के रूप में इसे पी जाएं।

# हिसाब बराबर का ट्रेलर जारी, घोटाले और भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग लड़ते नजर आए आर माधवन



फिल्म 'हिसाब बराबर' के ट्रेलर में आर. माधवन एक ईमानदार आम आदमी के रोल में नजर आ रहे हैं। वह राधे मोहन शर्मा का किरदार निभा रहे हैं। राधे हिसाब का पक्का आदमी है, साथ ही जिद्दी भी है। आगे चलकर उसे एक बड़े फाइनेंशियल स्कैम का पता चलता है। अब वह स्कैम करने वालों से कैसे निपटता है, यही फिल्म की कहानी है। आर. माधवन की फिल्म 'हिसाब बराबर' का प्रीमियर 24 जनवरी को जी5 पर होगा। यह फिल्म हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगू भाषा में भी दर्शकों को देखने को मिलेगी। फिल्म को अश्विनी धीर ने निर्देशित किया है। फिल्म के हालिया रिलीज ट्रेलर में नजर आता है कि आर माधवन के किरदार राधे मोहन शर्मा को करोड़ों के स्कैम का पता चलता है, स्कैम करने वालों के खिलाफ आवाज उठाने पर उसे बुरे परिणाम भुगतने पड़ते हैं। राधे को ही जेल जाना पड़ता है, उसका घर तोड़ दिया जाता है। लेकिन राधे यानी आर माधवन का किरदार हार नहीं मानता है और स्कैम करने वालों से जंग करने को तैयार हो जाता है। 'हिसाब बराबर' के ट्रेलर में कई दमदार डायलॉग भी सुनाई दिए। जिनमें से एक डायलॉग आर माधवन का किरदार राधे कहता है- 'ये नया इंडिया है सर जी, छोड़ेगा नहीं, सबका करेगा हिसाब बराबर। साथ ही फिल्म में कॉमेडी सींस भी मजेदार हैं, कॉमिक अंदाज में ही सोशल मैसेज दिया जा रहा है।

फिल्म 'हिसाब बराबरइ में आर. माधवन के अलावा नील नीतिन मुकेश भी हैं, वह इसमें स्कैम करने वाले शख्स के रोल में हैं। साथ ही कीर्ति कुल्हारी पुलिस ऑफिसर के रोल में दिख रही हैं। इनके अलावा टीवी एक्ट्रेस रश्मि देसाई भी फिल्म में दिखी हैं। रश्मि फिल्म में आर. माधवन की पड़ोसी के रोल में नजर आ रही हैं।

# भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 ने भारत मंडपम में पहले दो दिनों में 90 से अधिक उत्पाद हुए लॉन्च

अब्दुल सलाम
बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 के दूसरे दिन भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में 22 विभिन्न ब्रांडों के 56 नए उत्पादों और यशोभूमि, द्वारका में 5 लॉन्च किए गए। विभिन्न उन्नत वाहनों, अत्याधुनिक गतिशीलता समाधान, और नवीनतम घटकों को सुपर बाइक, कारों से लेकर बसों और यहां तक कि एम्बुलेंस तक प्रदर्शित किया गया था।भारत मंडपम में दूसरे दिन, विनफास्ट ऑटो इंडिया ने भारतीय बाजार के लिए अपने पहले दो इलेक्ट्रिक वाहनों, ऑल-इलेक्ट्रिक प्रीमियम एसयूवी, वीएफ 7 और वीएफ 6 को लॉन्च करने की घोषणा की।
बीएमडब्ल्यू इंडिया ने 55,90,000 रुपये के एक्स-शोरूम की कीमत पर ऑल-न्यू मिनी कूपर एस जॉन कूपर वर्क्स पैक और रुपये के एक्स-शोरूम की कीमत पर बीएमडब्ल्यू एक्स3 को लॉन्च किया। 75,80,000 - रु. 77,80,000। इसके अतिरिक्त, बीएमडब्ल्यू मोटरराड इंडिया ने भारतीय बाजार में दो नई बाइक, नई बीएमडब्ल्यू एस 1000 आरआर और बीएमडब्ल्यू आर 1300 जीएस एडवेंचर लॉन्च की। एस 1000 आरआर सुपरस्पोर्ट बाइक भारत में एक परिचयात्मक एक्स-शोरूम कीमत पर उपलब्ध होगी। 21,10,000। जबकि फ 1300 GS एडवेंचर (बेस) परिचयात्मक एक्स-शोरूम की कीमत रुपये से शुरू होगी। 22,95,000।
जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने एमजी मेजेस्टर को लॉन्च करते हुए 9 उन्नत मॉडल प्रदर्शित किए। प्रदर्शित उत्पादों में हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन (एचईवी), प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन (पीएचईवी), बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) और आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) शामिल हैं। हाइलाइट्स में IM5 सेडान, IM6 इलेक्ट्रिक SUV, MG HS PHEV और MG7 ट्रॉफी एडिशन शामिल थे, जो अत्याधुनिक तकनीक और टिकाऊ गतिशीलता को प्रदर्शित करते थे। एका मोबिलिटी ने भारत के अब तक के सबसे बड़े इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों का प्रदर्शन किया, जिसमें इलेक्ट्रिक बसों, ट्रकों और छोटे वाणिज्यिक वाहनों (एससीवी) में फैले 11 से अधिक अलग-अलग प्लेटफॉर्म शामिल हैं। भारतीय बाजार के लिए एकदम नया ईकेए-कनेक्ट लॉन्च करना। उनके बस पोर्टफोलियो में ईकेए कोच, ईकेए 12एम, ईकेए 9एम, ईकेए एलएफ (लो फ्लोर) और ईकेए 9एम शामिल थे। इलेक्ट्रिक ट्रकों में EKA 55T और EKA 7T शामिल हैं, जबकि EKA 3.5T, 2.5T, 1.5T, EKA 3W कार्गो, EKA 6S और EKA 3S का उनके SCV रेंज के तहत अनावरण किया गया था। BYD इंडिया ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में BYD SEALION 7 प्योर परफॉर्मेंस eSUV लॉन्च किया। इसके अतिरिक्त, BYD इंडिया ने BYD SEALION 6, BYD सुपर प्लग-इन हाइब्रिड EV को DM-i तकनीक के साथ और आश्चर्यजनक यांगवांग U8 भी प्रदर्शित किया। जेबीएम इलेक्ट्रिक वाहनों ने ऑटो एक्सपो 2025 के





दूसरे दिन 4 सभी नई इलेक्ट्रिक बसों को लॉन्च किया, जिनमें लक्जरी कोच और मेडिकल मोबाइल यूनिट से लेकर इलेक्ट्रिक टैरमैक कोच शामिल हैं। लॉन्च की मुख्य विशेषताएं थीं गैलेक्सी; इलेक्ट्रिक लक्जरी कोच, एक्सप्रेस; एक इंटरसिटी बस, ई-मेडीलाइफ; लो फ्लोर इलेक्ट्रिक मेडिकल मोबाइल यूनिट, और ई-स्काईलाइफ; 9-मीटर इलेक्ट्रिक टैरमैक कोच। मोंट्रा इलेक्ट्रिक (टीआई क्लीन मोबिलिटी) ने ब्रांड की पूरी लीडरशिप टीम की उपस्थिति में 'एवियाटर' (ई एससीवी) और सुपर कार्गो (ई 3-व्हीलर) लॉन्च किया। हुंडई मोटर कंपनी ने दूसरे दिन एडवांस्ड इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर और माइक्रो फोर-व्हीलर के 2 कॉन्सेप्ट मॉडल लॉन्च किए। टीवीएस मोटर कंपनी लिमिटेड के साथ मिलकर भारत में अंतिम-मील गतिशीलता बाजार में योगदान की खोज के साथ। (टीवीएस मोटर)। शिखर उद्योग ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अपनी अगली पीढ़ी की एम्बुलेंस रेंज लॉन्च की। नई रेंज में तीन अत्याधुनिक एम्बुलेंस मॉडल शामिल हैं: एडी-जेन अल्ट्रा, एडी-जेन एम्बुलेंस और नवजात एम्बुलेंस।

# भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025: गोडावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने पेश किए दो नए ई-स्कूटर और लॉन्च किया ई-ऑटो, हर जरूरत के लिए खास समाधान

मौ0 बिलाल
बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहन निमार्ता कंपनी गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अपने नए उत्पादों का अनावरण किया। कंपनी ने दो नए इलेक्ट्रिक स्कूटर्सइब्लू फियो जेड और इब्लू फियो डीएक्स, और तीन पहियों वाला इलेक्ट्रिक ऑटो इब्लू रोजी इको लॉन्च किया। कंपनी का उद्देश्य ऐसे वाहन बनाना है, जो पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाएं, ऊर्जा की बचत करें और लंबे समय तक टिकाऊ रहें। कंपनी ने अपने ग्राहकों की विभिन्न जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह वाहन पेश किए हैं। इब्लू फियो जेड को खासतौर पर शहर के अंदर कम दूरी के सफर के लिए डिजाइन किया गया है। यह लो-स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर दैनिक यात्रा की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है। वहीं, इब्लू फियो डीएक्स अधिक पावर और बेहतर प्रदर्शन के साथ आता है और एक बार चार्ज करने पर 150 किलोमीटर तक की रेंज प्रदान करता है।इसकी कीमत ?2,95,999 (एक्स-शोरूम) तय की गई है।इसके अलावा, इब्लू रोजी इको, जो तीन पहियों वाला इलेक्ट्रिक ऑटो है, बिजनेस के लिए एक उपयोगी विकल्प है। इसे विशेष रूप से ऑनलाइन ऑर्डर डिलीवरी, गोदाम से घर तक सामान पहुंचाने और यात्रियों को शहर के भीतर उनकी मंजिल तक पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने इन वाहनों के जरिए टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल यात्रा को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। यह पहल न केवल ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करती है, बल्कि इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के डायरेक्टर और सीईओ हैदर खान ने कहा कि ह्यह्लइन तीनों नए वाहनों की पेशकश भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दिशा में एक बड़ा कदम है। कंपनी का लक्ष्य भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों को नई पहचान देना और इन्हें अधिक लोकप्रिय बनाना है।ह्यउन्होंने बताया कि कंपनी की रिसर्च और डेवलपमेंट टीम



ने इन गाड़ियों को भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया है। इन वाहनों का निर्माण इस तरह किया गया है कि यह न केवल पर्यावरण की रक्षा के लक्ष्यों को पूरा करें, बल्कि टिकाऊ और उन्नत तकनीक से लैस हों।
इन गाड़ियों में ऐसे खास फीचर्स जोड़े गए हैं, जो इन्हें इलेक्ट्रिक वाहनों के भविष्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए सक्षम बनाते हैं। इनमें रिजेनरेटिव ब्रेकिंग, एडवांस्ड बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम, और मजबूत बनावट शामिल हैं। ये फीचर्स न केवल इन गाड़ियों की कार्यक्षमता को बेहतर बनाते हैं, बल्कि इन्हें ज्यादा टिकाऊ और प्रभावी भी बनाते हैं। खान ने इन वाहनों को भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के भविष्य के प्रतीक के रूप में पेश किया और विश्वास जताया कि यह गाड़ियां ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

**इब्लू फियो डीएक्स: नई पीढ़ी का शानदार इलेक्ट्रिक स्कूटर**

इब्लू फियो डीएक्स एक प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर है, जिसमें 5.0 kW की मोटर और 140 Nm का पीक टॉर्क है। इसकी टॉप स्पीड 80 किमी/घंटा है और यह एक बार चार्ज करने पर 150 किमी तक चलता है। यह स्कूटर 11 डिग्री की ढलान चढ़ने में सक्षम है और तीन ड्राइविंग मोड्स (इकोनॉमी, नॉर्मल, पावर) के साथ आता है। इसमें 7 इंच की टीएफटी स्क्रीन है, जो ब्लूटूथ कनेक्टिविटी से लैस है। स्कूटर में 28 लीटर का बूट स्पेस है और इसकी 4.2 kW बैटरी को 60V 20 अेस्त्र होम चार्जर से केवल साढ़े तीन घंटे में चार्ज किया जा सकता है। दमदार परफॉर्मेंस, स्मार्ट फीचर्स और तेज चार्जिंग के साथ, इब्लू फियो डीएक्स नई पीढ़ी की सवारी के लिए आदर्श विकल्प है।

**इब्लू फियो जेड: परिवार के लिए भरोसेमंद इलेक्ट्रिक स्कूटर**

इब्लू फियो जेड एक भरोसेमंद इलेक्ट्रिक स्कूटर है, जिसे खासतौर पर भारतीय परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसमें 25 लीटर का बूट स्पेस दिया गया है, जो यात्रा के दौरान सामान रखने के लिए पर्याप्त है। स्कूटर में ड्यूल एलईडी लाइटिंग और 48 वोल्ट/30 एएच की डिटैचेबल एलएमएफपी बैटरी दी गई है, जिसे सिलेंडर के आकार में डिजाइन किया गया है। यह बैटरी आसानी से स्कूटर से निकालकर घर में चार्ज की जा सकती है और एक बार चार्ज करने पर स्कूटर 80 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकता है। इब्लू फियो जेड एक शानदार वारंटी पैकेज के साथ आता है, जिसमें स्कूटर पर 3 साल/30,000 किमी और बैटरी पर 5 साल/50,000 किमी की वारंटी शामिल है, जो इसे लंबी अवधि के लिए एक भरोसेमंद विकल्प बनाती है।

# पटना के गर्दनीबाग में धरना दे रहे छात्रों के बीच पहुंचे राहुल गांधी, कहा-मैं आपके साथ

**पटना (आरएनएस)।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की पीटी परीक्षा को रद्द करने और नॉर्मलाइजेशन के मुद्दे पर लंबे समय से पटना के गर्दनीबाग में धरना दे रहे छात्रों से शनिवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मिलने पहुंचे। उन्होंने अभ्यर्थियों के साथ धरना स्थल पर बैठकर उनकी बातें सुनीं।
एक दिवसीय बिहार दौरे पर आए राहुल गांधी शाम को धरनारत छात्रों के बीच पहुंचे और उनकी बातें सुनीं। कांग्रेस नेता ने छात्रों से कहा, मैं आपके साथ हूं, आप जहां भी कहेंगे, आपके साथ राहुल गांधी खड़ा मिलेगा।
अभ्यर्थियों ने राहुल गांधी के इस कदम की सराहना की है। कई तस्वीरें और वीडियोज सामने आईं हैं, जिनमें राहुल गांधी धरना स्थल पर छात्रों के साथ बैठकर उनसे बातचीत करते नजर आ रहे हैं। छात्रों ने एक-एक कर अपनी मांगें राहुल गांधी के सामने रखीं। इस मुलाकात को अभ्यर्थी अपनी बड़ी सफलता बता रहे हैं।
बता दें कि गर्दनीबाग में पिछले एक महीने से बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) को पूरी तरह रद्द करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी प्रदर्शन कर रहे हैं। 70वीं बीपीएससी परीक्षा को लेकर मामला अब सुप्रीम कोर्ट में है। छात्रों की इस मांग को कई राजनीतिक दलों का समर्थन मिला है। इससे पहले छात्रों के इस धरना-प्रदर्शन में कांग्रेस नेता राजीव रंजन उर्फ पप्पू यादव, जन सुराज पार्टी के मुखिया प्रशांत किशोर और तमाम नेता पहुंच चुके हैं। खुले आसमान में कंबल ओढ़कर बैठे पप्पू यादव का वीडियो वायरल हुआ था। प्रशांत किशोर छात्रों के साथ भूख हड़ताल पर भी बैठे थे। राजद नेता तेजस्वी यादव भी इस मुद्दे पर छात्रों से मुलाकात कर उनका साथ देने की बात कह चुके हैं। इसके अलावा मशहूर अध्यापक और यूट्यूबर खान सर भी छात्रों के इस आंदोलन में भाग लेकर सरकार से यह परीक्षा रद्द करने की मांग कर चुके हैं।



# कृष्ण की बाल लीला की कथा सुन भक्त हुए भाव विभोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**खानपुर (वसीम खॉन)।** क्षेत्र के गिनौरा नंगली गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथावाचक सीमा साध्वी दुबे ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किए। उन्होंने बालकृष्ण के नटखट और ममतामयी लीलाओं पर प्रकाश डाला। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने कथावाचक को पटका पहनकर सम्मानित करते हुए आशीर्वाद लिया। भगवान कृष्ण की कथा सुनाते हुए कथावाचक ने कहा कि नन्हे कृष्ण ने गोकुलवासियों के दिलों में अपनी विशेष जगह बनाई। कथावाचक ने माखन चोरी की लीला का सुंदर चित्रण करते हुए कहा कि माखनचोरी केवल एक बाल लीला नहीं बल्कि इसके पीछे भगवान का गहरा प्रेम और स्नेह भाव छिपा हुआ है। शास्त्री ने कहा कि श्रीकृष्ण का माखन चोरी करना इस बात का प्रतीक था कि वे अपने भक्तों का प्रेम पाना चाहते हैं। उन्होंने समझाया कि माखन, जो मेहनत और प्रेम का प्रतीक है भगवान को भोग के रूप में अत्यंत प्रिय था। बालकृष्ण अपने सखाओं के साथ गोपियों के घर में माखन चुराने जाते थे। जिससे गोपियों का उनके प्रति प्रेम और भी बढ़ जाता था। इसके बाद उन्होंने बालकृष्ण लीला पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कृष्ण का बाल रूप प्रेम, आनंद और स्नेह का प्रतीक है। नन्हे कृष्ण की शरारतें गोकुलवासियों के दिलों में अमिट छाप छोड़ देती थी। उन्होंने कथा में बताया कि कैसे बालकृष्ण ने अपने बालसखाओं के साथ खेल-खेल में लीला करते हुए साधारण ग्वाल-बाल की तरह जीवन जीया। भरत कृष्ण शास्त्री ने श्रीकृष्ण की ममतामयी लीलाओं के माध्यम से भक्तों को यह संदेश दिए कि भगवान प्रेम और भक्ति से ही प्रसन्न होते हैं। कृष्ण की बाल लीलाएं यह बताती हैं कि ईश्वर अपने भक्तों के साथ सदा निकट रहते हैं और प्रेम से उनके जीवन में सम्मिलित रहते हैं। श्रोताओं ने बालकृष्ण लीला का आनंद लिया और भक्ति में लीन होकर जयकारे लगाए। इस दौरान ठा० शिवकुमार गौड़, रवि बजरंगी, योगेश कुमार, कालीचरण आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



# देवेंद्र कुमार को बनाया गया अटेवा का महामंत्री

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष मंच अटेवा ने रविवार को ब्लॉक मे एक बैठक का आयोजन किया। जिसमे देवेंद्र कुमार को संगठन का ब्लॉक महामंत्री बनाया गया।
अटेवा (ऑल टीचर्स/ इम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन) की बैठक जिला संयोजक रविंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की आगामी रणनीतियों के बारे में चर्चा चर्चा की गई और देवेंद्र कुमार को ब्लॉक महामंत्री मनोनीत किया गया। साथ ही बैठक मे कहा गया कि जिले में महिला विंग का गठन करने और संगठन के विस्तार करने के लिए शीघ्र होने वाली बैठक के बारे मे सभी कार्यकर्ताओ को सूचना दी जाएगी। इस मौके पर जिला महामंत्री जगवीर भाटी, ब्लॉक अध्यक्ष दादरी रोताश कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष जेवर वीरेंद्र विश्वकर्मा, नीरज कुमार, साजिद अली, प्रतीक गुप्ता, संदीप अत्री, अजय कुमार, संजय कुमार शर्मा, रमेश चंद, मनवीर सिंह, विजय गुप्ता, संतोष कुमार, संजय कुमार, सागर, योगेश कुमार, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# वन विभाग की बड़ी कार्यवाही लकड़ी माफिया के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज, लकडी माफियो में मचा हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई।** वन विभाग क्षेत्रीय वन अधिकारी मोहित चौधरी ने बताया कि कोतवली रामघाट मे तहरीर देकर लकड़ी माफियाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। वही शुक्रवार को एक और मामले में ग्राम दानपुर में लकड़ी माफिया द्वारा अवैध रूप से कोहरे की आड़ में 17 बेल पत्थर के वृक्षो के काटे जाने पर वन विभाग द्वारा माफियाओं का ट्रैक्टर जप्त कर जुमार्ना वसूल करने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही क्षेत्रीय वन अधिकारी मोहित चौधरी द्वारा बताया गया कि अवैध कटान के मामले में कठोर कार्रवाई करी जाएगी । जिसके चलते कोहरे की आड़ मे अवैध रूप से वृक्ष काटे जाने संबंधित अपराधों की रोकथाम के लिए स्टाफ द्वारा गश्ती बढ़ाने के निर्देश भी दे दिए गए हैं।



# उत्तर पूर्व दिल्ली की जनता क्षेत्रीय नेताओं से परेशान, जल, शिक्षा, स्वास्थ्य ,सड़के बड़ी समस्या

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अतिक्रमण पानी और सड़क वे शिक्षा क्षेत्र वासियों की मूल समस्या है। एक समय ऐसा था जब घोंडा चौक पर डीटीसी बसें चलती थीं, लेकिन आज यहां से मोटर साइकिल भी लेकर निकलना बेहद मुश्किल है। सड़क की दोनों तरफ अतिक्रमण होने से घोंडा चौक पर सुबह से लेकर रात तक जाम लगा रहता है। रात होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डरते हैं। हमने चुनावी मुद्दों को टटोलने की कोशिश की तो गांव के लोग खासे नाराज दिखे। लोगों ने कहा कि तीनों ही बड़ी पार्टियों के नेता यहां विधायक रहे, लेकिन किसी ने भी गांव के लिए कुछ खास नहीं किया। घोंडा में 8-10 साल से लगातार पानी की समस्या बनी हुई है। पास में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट होने के बावजूद पानी नसीब नहीं हो पा रहा है। पानी आता भी है तो बदबूदार होता है। रात होते ही इलाके में नशेड़ी और बदमाश सक्रिय हो जाते हैं। इससे अकेली महिलाओं का निकलना भी मुश्किल हो जाता है। झपटमारी की समस्या भी यहां खूब है। घोंडा गांव में जगह-जगह गंदगी का अंबार है। साफ-सफाई और सड़कों की हालत खराब है। जो भी नेता समस्याओं का समाधान करने की बात करेगा, हमारा वोट उसे ही जाएगा। राजधानी के पुराने गांवों में घोंडा गांव की गिनती होती है। इसी गांव के नाम पर विधानसभा बनी। इस विधानसभा में घोंडा गांव, यमुना विहार, भजनपुरा, गामड़ी गांव, पुराना उस्मानपुर गांव के अलावा कई दूसरे इलाके शामिल हैं। घोंडा गांव से ही विधायक तय होता है। गांव में अलग-अलग बिरादरियों के मोहल्ले हैं।

> **बेहतर बुनियादी ढांचा स्वस्थ और सुरक्षित समाज की नींव है। पुलिस गश्त बढ़ाए तो अपराध कम होंगे। सीसीटीवी कैमरे और सही निगरानी से मदद मिल सकती है। लोग भी सतर्क रहें और पुलिस का साथ दें**

पांचवीं बार जीत की फिराक में भाजपा इस सीट पर तीनों प्रमुख दलों को कभी न कभी जीत मिली है। 1993 में भाजपा के लाल बहादुर तिवारी ने पहली बार जीत हासिल की। 1998 और 2003 में कांग्रेस के भीष्म शर्मा दो बार लगातार जीते। वर्ष 2008 में भाजपा के साहिब सिंह चौहान ने कांग्रेस को हराकर जीत दर्ज की। वर्ष 2013 में आप की लहर होने के बावजूद भाजपा ने सीट बचाई। 2015 में आप के श्रीदत्त शर्मा ने भाजपा के साहिब सिंह चौहान को हराकर सीट पर अपना कब्जा कर लिया। वर्ष 2020 में भाजपा ने वापसी करते हुए अजय महावर के नेतृत्व में श्रीदत्त शर्मा को हरा दिया। इस बार आप से गौरव शर्मा, कांग्रेस से भीष्म शर्मा और भाजपा से अजय महावर चुनावी मैदान में हैं। गंदे पानी की समस्या गंभीर स्वास्थ्य और पर्यावरणीय संकट है। यह जलजनित बीमारियों को बढ़ावा देती है। अपशिष्ट प्रबंधन, जल शोधन तकनीक और सामुदायिक जागरूकता से इस समस्या का समाधान संभव है। स्वच्छ जल हर व्यक्ति का अधिकार है। सड़कों की जर्जर स्थिति और सफाई की कमी बड़ी समस्या है। नियमित मरम्मत, कचरा प्रबंधन व सामुदायिक भागीदारी से सड़कों को सुधारना और स्वच्छ रखना संभव है। बेहतर बुनियादी ढांचा स्वस्थ और सुरक्षित समाज की नींव है। पुलिस गश्त बढ़ाए तो अपराध कम होंगे। सीसीटीवी कैमरे और सही निगरानी से मदद मिल सकती है। लोग भी सतर्क रहें और पुलिस का साथ दें। मिलकर काम करेंगे तो समाज सुरक्षित और खुशहाल बनेगा।


**उद्घाटन** — भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 के तहत...

# भारत कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट एक्सपो और अर्बन मोबिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर शो का इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में हुआ उद्घाटन

अब्दुल सलाम
बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 के तहत भारत कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट एक्सपो और अर्बन मोबिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर शो, का सोमवार को आधिकारिक तौर पर इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में शुरू हुआ। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने रिबन काटकर समारोह का औपचारिक उद्घाटन किया। आधिकारिक उद्घाटन को संबोधित करते हुए, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य सचिव, सुनील बर्थवाल ने कहा, भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 भारत की विशाल क्षमता को देखने के लिए भारत के बढ़ते गतिशीलता क्षेत्र में वैश्विक खिलाड़ियों को आकर्षित करने के इरादे से एक छतरी के नीचे विभिन्न मापदंडों को एक साथ लाता है। विभिन्न उद्योग क्षेत्रों में, और कैसे भारत नवाचार और विकास के लिए एक रोमांचक केंद्र बन गया है। भारत मोबिलिटी शो के तहत स्टील और ऑटोमोबाइल उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों को एकजुट करने का निर्णय पिछले साल वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा किया गया था। भारतीय ऑटो निमार्ता, टायर निमार्ता और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स इस पारिस्थितिकी तंत्र के महत्वपूर्ण हिस्से बन गए हैं, और हमें गतिशीलता क्षेत्र में उनकी भूमिका को उजागर करने पर गर्व है। सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों, आधुनिक बसों और निर्माण उपकरण निर्माण पर जोर अपने उत्पादों की विश्व स्तरीय गुणवत्ता प्रदर्शित करने की भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।''







# चोरों ने विद्युत ट्रांसफार्मर चुराया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** जेवर के गांव नीमका स्थित पोखरा के पास लगे विद्युत ट्रांसफार्मर को शुक्रवार की रात चोर चोरी कर ले गये।
विद्युत विभाग ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी हैं। जेवर एरिया मे तीन दिन मे चोरों ने दो विद्युत ट्रांसफार्मर चोरी कर लिए। शुक्रवार की देर रात गांव नीमका मे पोखर के पास लगे विद्युत ट्रांसफार्मर को चोरों ने खोल लिया और उसमे से अल्युमिनियम, तेल सहित करीब सभी कीमती सामान चोरी कर लिया, जिसकी कीमत लाखों मे हैं, इससे पहले भी चोर बुधवार की रात गांव दयानतपुर मे लगे विद्युत ट्रांसफार्मर से भी इसी तरह चोरी कर सामान चुरा ले गये थे। पिछले कई दिनों में नोएडा में भी कई ट्रांसफार्मर चोरी हो चुके हैं। विभाग के अधिशाषी अभियंता अमित चौधरी ने बताया कि चोरी की छटनाओं को देखते हुए विभाग ने पेट्रोलिंग बढ़ा दी है और लोगों को भी इसके प्रति जागरूक किया गया है।



मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267